CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 22 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 190 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी नीट यूजी का काउंसलिंग पंजीकरण शुरू पेज 2



चोटिल नीतीश रेड्डी इंग्लैंड सीरीज से बाहर खेल टाइम्स



मुंबई ट्रेन ब्लास्ट: 19 साल बाद बाइज्जत बरी कौन लौटाएगा 19 साल सम्पादकीय



ट्रम्प ने ओबामा की गिरफ्तारी का एआई वीडियो किया शेयर पेज 12

## केरल के पूर्व सीएम अच्युतानंदन का 101 वर्ष की उम्र में निधन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वीएस अच्युतानंदन का निधन हो गया है। उनकी उम्र 101 वर्ष थी। माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने यह जानकारी दी। गोविंदन ने पत्रकारों को बताया कि अच्युतानंदन का निधन यहां एक निजी अस्पताल में हुआ, जहां वह करीब एक महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद से उपचार करा रहे थे। अच्युतानंदन माकपा के संस्थापक सदस्यों में से थे और जीवनभर मजदूरों के अधिकारों, भूमि सुधार और सामाजिक न्याय की वकालत करते रहे। उन्होंने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा दी और सात बार राज्य विधानसभा के लिए चुने गए।

## दुकानों के विवरण प्रदर्शित करने की याचिका पर केंद्र व राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दुकानों समेत अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रवेश द्वार पर संबंधित मालिकों के नाम और संपर्क विवरण प्रदर्शित करने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर केंद्र के अलावा राज्य सरकारों और भारतीय विधि आयोग को सोमवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने भाजपा के नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश पारित किया।

## सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को एमयूडीए मामले में राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से संबंधित धनशोधन के एक मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को राहत देते हुए उनके खिलाफ दायर ईडी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने इस मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के सात मार्च के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें ईडी की ओर से पार्वती व अन्य को जारी समन रद्द कर दिया गया था।

## भाजपा सांसद सूर्या को राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी खबरें फैलाने के मामले में भाजपा) सांसद तेजस्वी सूर्या को राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमा रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की याचिका पर विचार करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

# जस्टिस को 'वर्मा' संबोधित करने वाले वकील को CJI की फटकार

## अदालत ने वकील से पूछा- क्या वह आपके दोस्त हैं, मर्यादा में रहिए

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई ने सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को उनके सरनेम से संबोधित करने पर एक वकील को फटकार लगाई।

दरअसल, वकील मैथ्यूज नेदुम्परा सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस वर्मा को सिर्फ 'वर्मा' कहकर संबोधित कर रहे थे। इस पर सीजेआई ने कहा कि क्या वे आपके दोस्त हैं? वे अब भी जस्टिस वर्मा हैं। आप उन्हें कैसे संबोधित करते हैं? थोड़ी मर्यादा रखिए। आप एक विद्वान जज की बात कर रहे हैं। वे अब भी इस अदालत के -शेष पृष्ठ दो पर

### जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके पद से हटाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली में मौजूद उनके आवास से जली हुई नकदी के बंडल मिलने के बाद विपक्ष और सत्ता पक्ष के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को उनके खिलाफ नोटिस सौंपे हैं। यशवंत वर्मा को इस विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट से वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया गया है। लोकसभा में 145 सांसदों ने एक साथ मिलकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया है। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी, भाजपा के रविशंकर प्रसाद और अनुराग ठाकुर, कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल और के सुरेश, एनसीपी- एसपी की सुप्रिया सुले, डीएमके के टीआर बालू, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन और आईयूएमएल के ईटी मो. बशीर जैसे कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ ने उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों को इस्तीफे की वजह बताया है।

राष्ट्रपति को पत्र में उन्होंने लिखा कि स्वास्थ्य की प्राथमिकता और चिकित्सकीय सलाह का पालन करते हुए मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं। पत्र में उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को भी सहयोग के लिए आभार जताया। 2022 में जगदीप धनखड़ ने 14वें उप राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 6 अगस्त 2022 को हुए उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। धनखड़ ने लिखा कि माननीय राष्ट्रपति जी सेहत को प्राथमिकता देने और डाक्टर की सलाह को मानने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67 के अनुसार अपने पद से इस्तीफा देता हूं। मैं भारत के राष्ट्रपति में गहरी कृतज्ञता प्रकट करता हूं।

**■ राष्ट्रपति को भेजे त्यागपत्र में लिखा- स्वास्थ्य कारणों से डाक्टर्स की सलाह पर अपना पद छोड़ रहा हूं**

## 7/11 मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाका मामले में ऐतिहासिक फैसला

# 19 साल बाद न्याय, मुंबई ट्रेन धमाके के 12 मुस्लिम युवक हाईकोर्ट से बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 7/11 मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के मामले में सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। 19 वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद जबरन फंसाए गए मुस्लिम युवाओं को इंसाफ मिला।

कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत द्वारा पांच अभियुक्तों एहतिशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी, कमाल अंसारी, फैसल अता उर्रहमान शेख, आसिफ बशीर और नवेद हुसैन को दी गई फांसी की सज़ा को गैरकानूनी करार दिया। इसी के साथ सात अभियुक्तों मोहम्मद अली शेख, सुहैल शेख, उर्रहमान लतीफ उर्रहमान, डा. तनवीर, मुअज्ज़म अता उर्रहमान शेख, माजिद शफी और साजिद मरगूब अंसारी को दी गई उम्रकैद की सजा को भी रद्द कर दिया गया। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति एएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति श्याम सी. चांदक शामिल थे, ने सुबह साढ़े नौ बजे यह फैसला सुनाया। अदालत ने अभियुक्तों से जबरन लिए गए इक़बाली बयान (कबूलनामे) को पूरी तरह खारिज कर दिया और उसे अवैध बताया। इसके अलावा, सरकारी गवाहों की गवाही को भी अदालत ने स्वीकार नहीं किया।



**हाईकोर्ट बोला- सरकारी वकील दोष साबित करने में नाकाम, ब्लास्ट में 189 लोग मारे गए थे**

**कोर्ट ने अविश्वसनीय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की**

> आतंकवाद का आरोप झेलने वाले लोगों के दिल से पूछिए कि उन्हें कैसे-कैसे हालात से गुजरना पड़ता है और जहरीला मीडिया कैसे बड़ी-बड़ी डिबेट कर पूरे धर्म के खिलाफ जहर उगलता है। उसके परिजन, दोस्त और रिश्तेदार कितनी दुश्वारियों का सामना करते हैं, लेकिन सोमवार को जब बेगुनाह करार दिया गया तब कोई डिबेट नहीं है। चारों ओर सन्नाटा पसरा है, जबकि आज भी डिबेटे होनी चाहिए थी कि पुलिस ने नाहक लोगों फंसा रखा था। जब 19 सालों के बाद उन्हें न्याय मिला। ये 19 साल उन्होंने कैसे गुजारे यह सोचने भर से ही कंपन महसूस होती है, ऐसी डिबेट करने वाले क्या देश से माफी मांगेंगे।

## कोर्ट का फैसला न्याय की बुलंदी और सच्चाई की जीत: मौलाना अरशद मदनी



**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस फैसले को न्याय की बुलंदी और सच्चाई की जीत करार देते हुए कहा कि यह उन परिवारों के लिए बहुत बड़ा दिन है, जिनके बेटे 19 साल से झूठे आरोपों में जेल में सज़ा काट रहे थे।


हम इस दर्दनाक दौर की कल्पना भी नहीं कर सकते, जो इन बेगुनाहों और उनके परिवारों ने 19 साल तक गुजारा। यह जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल की एक ऐतिहासिक जीत है, जिन्होंने लगातार कानूनी लड़ाई लड़ी और आखिरकार 12 निर्दोषों को बाइज्जत रिहाई दिलाई, जिनमें 5 को फांसी और 7 को उम्रकैद हो चुकी थी। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमारे वकीलों ने दिन-रात मेहनत की और ऐसी ठोस दलीलें दीं कि अभियोजन पक्ष का पूरा झूठ उजागर हो गया। उन्होंने कहा कि यह फैसला एक बार फिर हमारे उस लंबे समय से उठाए जा रहे मुद्दे को साबित करता है कि मुस्लिम युवकों को आतंकवाद के झूठे -शेष पृष्ठ दो पर

**■ कहा: बेगुनाहों को इंसाफ तो मिल गया, लेकिन जिन लोगों ने उनकी ज़िंदगी तबाह की उन्हें सज़ा दिए बिना इंसाफ अधूरा**

# मानसून सत्र के पहले दिन नहीं चल पाई लोकसभा

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और पीएम मोदी जवाब दें।

इधर, सत्र के पहले दिन राज्यसभा- लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा 4 बार स्थगित हुई। विपक्ष ने लोकसभा में पहलगाम-ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा किया। विपक्षी दलों की मांग थी कि सरकार का प्रमुख होने के नाते प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर जवाब दें। इसके चलते लोकसभा 4 बार स्थगित हुई।

**■ सत्र के पहले दिन राज्यसभा- लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा**
**■ लोकसभा में 16, राज्यसभा में नौ घंटे बहस होगी**

जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के संबंध में स्पीकर ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा गया। लोकसभा में 145 और राज्यसभा में 63 सांसदों ने वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। राज्यसभा से बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2025 पास हुआ। यह 1856 के भारतीय बिल्स ऑफ लैडिंग एक्ट की जगह लेगा।

# रामपुर तिराहा मामले में सुनवाई चार अगस्त को

**नैनीताल (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** नैनीताल हाईकोर्ट में उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चर्चित रामपुर तिराहा मामले में न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ के समक्ष चार अगस्त (सोमवार) को सुनवाई होगी।

आंदोलनकारियों के अधिवक्ता रमन शाह ने बताया कि इस मामले में सात महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ था जबकि 17 अन्य को प्रताड़ित किया गया था। मामले में मुख्य आरोपी मुजफ्फरनगर के तत्कालीन जिलाधिकारी अनंत कुमार सिंह तथा सात अन्य आरोपियों के मामले सीबीआई की ओर से मुजफ्फरनगर कोर्ट को स्थानांतरित कर दिए गए थे इनकी सुनवाई अभी तक लंबित है। राज्य आंदोलनकारियों की सुप्रीम कोर्ट में अपील पर मामला नैनीताल हाईकोर्ट स्थानांतरित कर दिया गया था। बता दें कि दो अक्टूबर 1994 को पृथक राज्य की मांग को लेकर प्रदर्शन के लिए दिल्ली जा रहे आंदोलनकारियों पर मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा में पुलिस की ओर से भारी अत्याचार किए गए।

**■ दो अक्टूबर1994 को पृथक राज्य की मांग करने वालों पर हुआ था अत्याचार**

## मुंबई में रनवे से उतरा एयर इंडिया का विमान

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को एयर इंडिया का एक विमान रनवे से उतर गया। हालांकि हादसे में कोई नुकसान नहीं हुआ। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई2744 केरल के कोच्चि से मुंबई आई थी। मुंबई में भारी बारिश के दौरान लैंडिंग के समय विमान फिसलकर रनवे से उतर गया।

## वकीलों ने दी कानूनी सलाह, ईडी ने समन भेजा

# एजेंसी सारी हदें पार कर रही: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सारी हदें पार कर रहा है। एक वकील और मुवक्किल के बीच की बातचीत विशेष होती है। भले ही वह गलत हो। उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं। कुछ तो गाइडलाइन होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के उस एक्शन पर चिंता और नाराजगी जताई, जिसमें एजेंसी ने जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों की तरफ से पैरवी करने वाले वकीलों को समन दिया था। कोर्ट ने इस मामले में दिशा-निर्देश भी मांगे। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर ऐसी कार्रवाईयों से पड़ने वाले असर से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी।

**■ कोर्ट ने कहा: इसकी गाइडलाइन बननी चाहिए**

# ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने देखी भारत की ताकत: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति और सामर्थ्य को देखा है और संसद का यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए गौरव और एक तरह से विजय उत्सव का मौका है।

श्री मोदी ने मानसून सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में संवाददाताओं के समक्ष अपने पारम्परिक संबोधन में पहलगाम आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री के जाने तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र है। यह सत्र राष्ट्र के लिए एक अपने आप में विजयोत्सव का रूप है, और जब मैं कहता हूं कि ये सत्र राष्ट्र गौरव और विजयोत्सव का सत्र है, तो सबसे पहले तो मैं पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भारत का तिरंगा झंडा वहां लहराना, यह हर देशवासी के लिए गौरव के पल हैं। देश में विज्ञान तकनीक के प्रति, नवाचार के प्रति, नया उमंग और उत्साह भरने वाली यह सफल यात्रा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गए थे और 18 दिन वहां रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे। पूरी संसद लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदन, उस गौरव से एक स्वर से जुड़ेंगे, जिसका देशवासी अनुभव कर रहे हैं।इसका यशगान होगा, जो भारत को अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों पर पहुंचने वाले भावी कार्यक्रम हैं, उनके लिए प्रेरक बनेगा और प्रोत्साहक बनेगा।

**■ कहा: यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र**

# हिमाचल में लैंडस्लाइड पति-पत्नी की मौत

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में रविवार रात से भारी बारिश हो रही है। चंबा जिले की चड़ी पंचायत के सूताह गांव में पहाड़ी से घर पर बड़ा पत्थर गिरने से दंपति की मौत हो गई। इनकी 5 महीने पहले ही शादी हुई थी।

सोमवार को हिमाचल के 4 जिलों के 9 सब डिवीजन में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार सुबह वैष्णो देवी के पुराने रास्ते पर भूस्खलन हुआ, जिसमें एक यात्री की मौत हो गई, 9 श्रद्धालु घायल हो गए।

**■ वैष्णो देवी के पुराने रूट पर रियासी में भूस्खलन, एक की मौत, नौ घायल**

**संक्षिप्त समाचार**

### गाजियाबाद और प्रतापगढ़ में खुलेगा समेकित विद्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समावेशी शिक्षा को धरातल पर उतारते हुए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वर्तमान में प्रदेश के सात जिलों प्रयागराज, कन्नौज, औरैया, आजमगढ़, बलिया, महराजगंज और लखनऊ में ए समेकित विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। जबकि गाजियाबाद और प्रतापगढ़ में दो और समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय प्रस्तावित है। इन विद्यालयों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्रशिक्षित शिक्षक, सहायक उपकरण, बैरियर-फी इंफ्रास्ट्रक्चर, ब्रेल व ऑडियो सामग्री और थैरेपी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही, सामान्य विद्यार्थियों को भी समान गुणवत्ता की शिक्षा दी जाती है, जिससे समग्र विकास का वातावरण तैयार होता है।

### पांच सांसदों ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य सहित पांच सांसदों ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वैश्य के अलावा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कणाद पुरकायस्थ, डा. मीनाक्षी जैन, सी. सदानदन मास्टर और हर्ष श्रृंगला ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। इनमें से तीन सदस्य हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत किए गए थे। सबसे पहले असम गण परिषद के नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य ने असमी में राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वह राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# प्राइमरी स्कूलों के विलय मामले में हाईकोर्ट में अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में दो न्यायाधीशों की खंडपीठ में विशेष अपीलें दाखिल कर चुनौती दी गई है।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष मंगलवार यानी 22 जुलाई को विशेष अपीलें सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। अपीकर्ताओं के अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने बताया कि पहली विशेष अपील पांच बच्चों ने और दूसरी 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती सात जुलाई को दिए गए फैसले को रद्द करने का आग्रह किया गया है। इसके बाद मामले में दाखिल एक जनहित याचिका को भी खंडपीठ ने बीती 10 जुलाई को खारिज कर दिया था। बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली थी। एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिक. ाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीता. पुर के प्राथमिक व उच्च प्रथामिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था।

### मेडिकल में दाखिले को यूपी नीट यूजी का काउंसिलिंग पंजीकरण शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस एवं डेंटल कॉलेजों में बीडीएस में नीट यूजी 2025 के जरिए दाखिले को लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभी पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके बावत चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा वेबसाइट पर काउंसिलिंग की समय सारिणी जारी कर दी गई है। वही नीट यूजी 2024 की अंतिम चक्र की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने वाले कुल 78 अभ्यर्थी, नीट यूजी 2025 की काउंसिलिंग से डिबार कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने सोमवार को बताया कि समय सारणी में केवल पंजीकरण व धरोहर राशि जमा करने की तिथि दी गई है। जिसमें 28 जुलाई 2025 तक पंजीकरण कराने के साथ ही प्रपत्र अपलोड करने होंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) नई दिल्ली द्वारा ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग 21 जुलाई से शुरू हो रही है।

# समूचे उप्र में हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** देवादिदेव भगवान शिव के प्रिय श्रावण मास के दूसरे सोमवार को समूचे उत्तर प्रदेश में आस्था का समंदर हिलोरें मारता दिखाई पड़ा।

वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर और कानपुर समेत समूचे राज्य में तड़के से ही शिवालयों में भक्तों की चहल पहल शुरू हो गई थी। बेल पत्र, धतूरा, पुष्प, चंदन, दीप आदि से श्रद्धालु भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर रहे हैं। इस दौरान कांवड़ियों ने दूरस्थ क्षेत्रों से गंगा जल और अन्य पवित्र नदियों का जल लाकर अपने आराध्य का जलाभिषेक किया।

श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई देव स्थानों पर पुलिस बल के अलावा ड्रोन और सीसीटीवी की मदद ली जा रही है। वाराणसी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक और दर्शन के लिए तड़के तीन बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग चुकी थीं। मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन और जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। 'हर हर महादेव' के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि पुष्प वर्षा के साथ कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। श्रृंगार आरती में भक्तों को देवाधिदेव महादेव गौरी- शंकर (शिव-पार्वती) स्वरूप के दर्शन प्राप्त होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में रेड कारपेट बिछाया गया है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें निगरानी कर रही हैं। नौकाओं का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। गाजियाबाद में दुग्धेश्वर महादेव मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई थीं वहीं लखनऊ में मनकामेश्वर और बुद्धेश्वर समेत अधिसंख्य शिवालय हर हर महादेव के जयघोष से गूंजते रहे।

# संसद में सर्वसमाज के हित में हो सार्थक चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बसपा प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र भी किया**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने संसद के आज से शुरु हुए मानसून सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष से अपेक्षा की है कि महंगाई, गरीबी, बेरा. जगारी और भाषा विवाद जैसे सर्वसमाज से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस होगी।

सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर लिखा- संसद का आज से शुरू हो रहा बहुप्रतीक्षित सत्र, पिछले सत्रों की तरह देशों. हत व जनहित के अहम और अति-ज़रूरी मुद्दों पर उचित एवं समुचित बहस तथा किसी बेहतर परिणाम के बिना ही, सरकार और विपक्ष के बीच टकराव, आरोप- प्रत्यारोप, हंगामा तथा देश के करोड़ों ग़रीब व अन्य मेहनतकश बहुजनों के थोड़े 'अच्छे दिन' की ओर सही से आगे बढ़ने के भरोसे के बग़ैर ज़्यादातर निराश करने वाला ना हो, इसकी सभी देशवासियों को चिन्ता स्वाभाविक। उन्होंने कहा कि वैसे भी देश के सामने ज़बरदस्त महंगाई, ग़रीबी व बेरोज़गारी, महिला असुरक्षा तथा खासकर क्षेत्र व भाषा आदि को लेकर बढ़ता आपसी विवाद व हिंसक टकराव आदि के जनहित की समस्याएं के साथ ही आन्तरिक व बाहरी/सीमा सुरक्षा जैसी देशहित के मुद्दे लोगों की सुख-शान्ति व समृद्धि के संघर्ष को प्रभावित कर रहे हैं, तथा इन मामलों पर सार्थक बहस के आधार पर आगे की दीर्घकालीन ठोस नीति व रणनीति बनाकर उन पर अमल के लिए संसद का सुचारू रूप से संचालन जनता ज़रूरी समझती है, ताकि देश विकास व लोग तरक्की के रास्ते पर सही/आसानी से चल सके, जिसमें ही देश के सर्वसमाज एवं बहुजनों का हित निहित है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार अगर विपक्ष के माध्यम से पूरे देश की जनता को विश्वास में लेकर आगे बढ़े, तो यह उचित होगा। वास्तव में सरकार और विपक्ष दोनों पार्टी हित से ऊपर उठकर इन मुद्दों पर एकता बनायें, यही देश के बहु. जनों की चाहत है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, संसद के वर्तमान मानसून सत्र के दौरान पहलगाम नरसंहार के मामले में भारत के 'आपरेशन सिन्दूर' पर चर्चा के लिए सरकार को सकारात्मक होना चाहिए, तो यह बेहतर होगा, क्योंकि देश की जनता व सीमाओं की सुरक्षा अन्ततः सरकार का पूर्ण उत्तरदायित्व बनता है।

## पूर्वी पाक से विस्थापित परिवारों को मिलेगा भूमि स्वामित्व: योगी

# अफसरों को दिए ठोस कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**पीलीभीत, लखीमपुर व बिजनौर सहित कई जिलों में विस्थापित हैं परिवार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाए गए परिवारों को विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल भूमि के हस्तांतरण का मामला नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने देश की सीमाओं के उस पार से भारत में शरण ली और दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन परिवारों के साथ संवेदना के साथ-साथ यथोचित सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने बताया कि विभाजन के पश्चात 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जनपदों में पुनर्वासित किया गया था। प्रारंभिक वर्षों में इन परिवारों को ट्रांजिट कैंपों के माध्यम से विभिन्न गांवों में बसाया गया और भूमि आवंटन भी किया गया, लेकिन कानूनी और अभिलेखीय विसंगतियों के चलते अधिकांश को आज तक वैध भूमिधरी अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं।

### अब तक नहीं मिल सका वास्तविक कब्जा

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर सहित कई जिलों में पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को वर्षों पूर्व बसाया गया था और उन्हें कृषि भूमि भी आवंटित की गई थी। समय के साथ अभिलेखीय त्रुटियां, भूमि का वन विभाग के नाम दर्ज होना, नामांतरण की प्रक्रिया लंबित रहना अथवा भूमि पर वास्तविक कब्जा न होने जैसी कई प्रशासनिक व कानूनी जटिलताओं के चलते इन परिवारों को अब तक विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं। कुछ स्थानों पर अन्य राज्यों से आए विस्थापित भी बसाए गए हैं, जो आज भी भूमि स्वामित्व से वंचित हैं। अद्यतन स्थिति के अनुसार, एक ओर जहाँ कई गांवों में वर्षों से खेती कर रहे परिवारों ने भूमि पर स्थाई आवास बना लिए हैं, वहीं राजस्व अभिलेखों में उनके नाम आज भी दर्ज नहीं हैं। दूसरी ओर कुछ ग्रामों में वास्तव में आज भी उन परिवारों का कोई अस्तित्व नहीं है।



**सेंसेक्स** 82200.34
**निफ्टी** 25090.70



**सोना रु. 98791**
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु. 112760**
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजारों में लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता



बैंकिंग और धातु सेक्टरों में लिवाली से सोमवार को सप्ताह के पहले दिन घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 442.61 अंक यानी 0.54 प्रतिशत चढ़ कर 82,200.34 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 0.49 फीसदी यानी 122.30 अंक की मजबूती के साथ 25,090.70 अंक पुन: 25000 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। अच्छे तिमाही परिणामों के दम पर बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में तेजी है। संसेक्स की कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 2.19 प्रतिशत लाभ में बंद हुआ। तिमाही परिणाम से पहले इटरनल के शेयरों में पांच फीसदी से अधिक का उछाल आया। आज के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा 3.29 प्रतिशत टूटा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी गिरावट दर्ज की गई। विदेशों से मिले मिश्रित रुख के बीच शेयर बाजार में शुरू से ही तेजी रही। सेंसेक्स करीब 161 अंक की बढ़त के साथ 81,918.53 अंक पर खुला। हालांकि खुलने के तुरंत बाद कुछ समय के लिए बाजार में बिकवाली हावी रही और एक समय सेंसेक्स गिर कर 81,518.66 अंक तक कमजोर हो गया था। बाद में बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में लिवाली का दौर चलने से यह 82,274. 03 अंक के दिन के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था। सेंसेक्स की 30 में से 19 कंपनियों के शेयर लाभ में रहे। निफ्टी-50 भी 31 अंक से अधिक की तेजी में 24,999 अंक पर खुला और नीचे 24,882.30 अंक तथा ऊपर 25,111.40 अंक के दायरे में रहा। एनएसई के अपेक्षाकृत अधिक शेयरों पर आधारित सूचकांक भी हरे निशान में रहे। निफ्टी. 100 में 0.48 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप.50 में 0.64 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप. 100 में 0.62 प्रतिशत की तेजी रही। वित्तीय सेवा सेक्टर में कुल मिला कर उछाल देखा गया। हालांकि सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर में गिरावट रही लेकिन निजी बैंकों के सेक्टर का सूचकांक एक प्रतिशत के अधिक की तेजी में रहा। धातु, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और ऑटो जैसे सेक्टरों के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि तेल एवं गैस, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के शेयरों में गिरावट देखी गई। विदेशों में एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.21 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। इसके विप. रीत हांगकांग के हैंगसेंग में 0.68 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.72 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### सोना और चांदी के दाम में बढ़त दिखी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 548 बढ़कर 98,791 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

चांदी की कीमत60 बढ़कर 1,12,760 प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं 14 जुलाई को चांदी ने 1,13,867 का ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,300 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 100,200 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,850 थी।

# चावल, दालें महंगी, खाद्य तेलों में मिश्रित रुख

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू जिंस बाजारों में सोमवार को चावल, दालों और चीनी के दाम बढ़ गए। गेहूं और गुड़ में मंदी रही, जबकि खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव रहा। घरेलू थोक बाजारों में ग्राहकी आने से चावल की औसत कीमत 84 रुपए बढ़कर 3,802.93 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं चार रुपए से ज्यादा टूटकर 2,813.27 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी करीब 15 रुपए सस्ता हुआ और 3,270.77 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। मूंगफली तेल 192 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 22 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। सोया तेल भी 80 रुपए सस्ता हुआ। वनस्पति के दाम भी 165 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े। सूरजमुखी तेल में 102 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल लगभग 12 रुपए प्रति टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। दलहन बाजार में चना दाल करीब 132 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का औसत भाव 208 रुपए बढ़ गया। उड़द दाल 27 रुपए प्रति क्विंटल और मसूर दाल में 120 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की नरमी रही। दाल मूंग में भी करीब 121 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की तेजी दर्ज की गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 75 रुपए से ज्यादा गिर गए। चीनी करीब 44 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई है। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7844.8, मसूर काली 8052.84, मूंग दाल 10151.42, उड़द दाल 10531.58, अरहर दाल 11034.19 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2813.27 रुपए और चावल 3802.93 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4279.01 और गुड़ 4916.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17025.85 रुपए, मूंगफली तेल 17876.91 रुपए, सूरजमुखी तेल 15301.68 रुपए, सोया रिफाइंड 13705.79 रुपए, पाम ऑयल 12207.10 रुपए और वनस्पति तेल 14500.61 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जस्टिस वर्मा...**

जज हैं। वकील ने जवाब दिया कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें इतनी इज्जत देनी चाहिए। इस पर सीजेआई ने कहा कि प्लीज, कोर्ट को ऑर्डर मत दीजिए। साथ ही कोर्ट ने कैश बरामदगी मामले में वकील मैथ्यूज नेदुम्परा की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

**कोर्ट का...** आरोपों में फंसा कर उनकी जिंदगी बर्बाद करना एक सोची-समझी साजिश है। यह न केवल निर्दोषों को जेल की सलाखों के पीछे डालता है, बल्कि एक पूरी क़ौम को बदनाम भी करता है। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस और जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी और निर्दोषों की ज़िंदगियां यूं ही बर्बाद होती रहेंगी। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि मौजूदा राजनी. तिक हालात में मुसलमान पुलिस और एजेंसियों के लिए आसान निशाना हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश उड़ीसा हाईकोर्ट और जमीयत उलमा-ए-हिंद के अधिवक्ता जस्टिस मुरलीधर ने टिप्पणी की कि इस केस की जांच जानबूझकर पक्षपातपूर्ण रखी गई थी। उनका कहना था कि जब जनता की भावनाएं भड़की हों, तो मीडिया ट्रायल के जरिये लोगों को गुनहगार साबित कर दिया जाता है और बाद में सबूत जुटाए जाते हैं। यह टिप्पणी हमारे देश की न्यायिक व्यवस्था की हकीकत को बयां करती है। मौलाना मदनी ने कहा कि कानून लागू करने वाले विभागों को मिली खुली छूट ने उन्हें बेलगाम बना दिया है, जिसका सबसे खराब उदाहरण यह मामला है। 19 साल की सज़ा के बाद रिहाई तो हो गई, लेकिन जिन लोगों ने यह साज़िश की, उन्हें कोई सज़ा नहीं मिली और न ही कोई पूछताछ हुई। उन्होंने कहा कि हम इस फैसले का दिल से स्वागत करते हैं, लेकिन जब तक जिम्मेदारों को सज़ा नहीं मिलती, यह इंसाफ अधूरा समझते है। मीडिया द्वारा मुसलमानों को निशाना बनाकर चलाया जाने वाला दुष्प्रचार अभियान इस देश के लोकतंत्र पर धब्बा है।

अदालत ने अपने फैसले में आदेश दिया कि यदि अभियुक्त किसी और मामले में वांछित नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। यहां तक कि कमाल अंसारी, जिनकी जेल में मृत्यु हो गई थी, उन्हें भी बाइज्जत बरी कर दिया गया। जब न्यायमूर्ति कुलकर्णी फैसला पढ़ रहे थे, तब फांसी की सज़ा पाए पांच अभियुक्त ऑनलाइन सुनवाई देख रहे थे। पहले उनके चेहरों पर मायूसी थी, लेकिन जैसे ही फैसला उनके पक्ष में आया, वे खुश हो गए और अदालत तथा अपने वकीलों का शुक्रिया अदा किया। सीनियर एडवोकेट योग मोहि. हत चौधरी ने अदालत का धन्यवाद किया और कहा कि आज के फैसले से न्यायपालिका पर जनता का भरोसा बढ़ेगा और कानून की सर्वोच्चता बनी रहेगी। उन्होंने रक्षात्मक अधिवक्ताओं को बहस का पूरा मौका देने के लिए भी धन्यवाद दिया। चौधरी ने भावुक होकर कहा कि अगर इस मुकदमे को बारीकी से देखा जाए, तो साफ़ पता चलता है कि आरोपियों के खिलाफ झूठे सबूत गढ़े गए थे, जिसकी सोमवार को अदालत ने पुष्टि कर दी। जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल ने इस मुकदमे में देश के नामी क्रिमिनल अधिवक्ताओं की सेवाएं ली थीं जिनमें सीनियर एडवोकेट एस. नागामुथु (पूर्व न्यायाधीश मद्रास हाईकोर्ट), सीनियर एडवोकेट मुरलीधर (पूर्व मुख्य न्यायाधीश उड़ीसा हाईकोर्ट), सीनियर एडवोकेट नित्या रामाकृष्णन (सुप्रीम कोर्ट), एडवोकेट योग मोहित चौधरी और कई अन्य वकील शामिल थे। इनकी मदद के लिए एडवोकेट अब्दुल वहाब खान, एडवोकेट शरीफ, एडवोकेट अंसार तंबोली, एडवोकेट गौरव भवानी, एडवोकेट आदित्य मेहता, एडवोकेट शाहिद नदीम, एडवोकेट अफ़ज़ल नवाज़, एडवोकेट बिलाल आदि को जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। विशेष मकोका अदालत के जज वाईडी शिंदे ने पहले एहतिशाम सिद्दीकी, कमाल अंसारी, फैसल अता उर्रहमान, आसिफ बशीर और नवेद हुसैन को फांसी और 7 अन्य को उम्रकैद की सज़ा सुनाई थी, जबकि एक अभियुक्त अब्दुल वहाब को बाइज्जत बरी किया था। मुंबई की जीवनरेखा मानी जाने वाली लोकल ट्रेन की वेस्टर्न लाइन पर सिलसिलेवार धमाके हुए थे, जिसमें 189 लोगों की मौत और सौ से अधिक लोग घायल हुए थे।

# पहलगाम का सच बताओ गलती न छुपाओ: सपा

## मानसून सत्र के पहले दिन बोले अखिलेश

नई दिल्ली, वार्ता



सोमवार से शुरू हुए संसद के मानसून सत्र के पहले दिन समाजवादी पार्टी के सांसद और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सांसद के साथ सदन में अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाया।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पहलगाम हमले को लेकर भी सरकार से सवाल पूछते हुए एक्स पर पोस्ट किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सपा नेताओं के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा कि पहलगाम का सच बतलाओ, अपनी गलती नहीं छुपाओ! पहलगाम में हुई जो चूक, ये गलती थी या थी भूल! विदेशी नीति में हुए फेल, साथ नहीं अब कोई देश

अखिलेश यादव ने कहा पहलगाम आतंकी हमले का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है। सभी विपक्षी दल चाहते हैं कि इस पर चर्चा हो। सरकार को बताना चाहिए कि क्या हुआ था और क्या यह खुफिया विफलता थी। प्रधानमंत्री और सरकार को विपक्ष की बात सुननी चाहिए और हम सुनेंगे कि सरकार को क्या कहना होगा। सरकार को इस पर छिपना नहीं रहना चाहिए। सभी विपक्ष के लोग चाहते हैं कि इस पर बहस हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# युवक का चाकुओं से गोदकर कत्ल, शव फेंका

## कांवड़ देखने गया था मृतक, घटना से मचा कोहराम, पुलिस कातिलों की तलाश में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/मंसूरपुर।** ग्राम सौंटा से कांवड मेला देखने गए युवक का चाकूओं से गोदकर कत्ल कर दिया गया और उसका शव जंगल में फेंक दिया। लोगों का कहना है कि किसी परीचित ने अपहरणके बाद इस सनसनी खेज वारदात को अजांम दिया है। परीजन पूरी रात युवक की तलाश करते रहे और लाश मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस इस मामले को कई पहलुओं से जोडकर चल रही है फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि वह हत्यारों को जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी।



मूलरूप से सौंटा व हाल निवासी खाननोपुर का 24 वर्षीय अनुज प्रजापति पुत्र विनोद प्रजापति रविवार की शाम घर से यह कहकर चला था कि वह कांवड मेला देखने के लिए जा रहा है। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने बारह बजे के बाद उसकी तलाश शुरू की, लेकिन सवेरे होने तक भी अनुज का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित परिवार ने मंसूरपुर पुलिस से भी सम्पर्क करते हुए अनुज के गायब होने की जानकारी दी। इसके बाद परिजन व आस-पास के लोग हाईवे से लेकर आस-पास के जंगलों में उसकी तलाश करते रहे। बताया जाता है कि जैसे गुरूकुल स्कूल के निकट पहुंचे तो अनुज की चप्पल दिखाई पडी और कुछ दूर आगे अनुज का शव खून से लथपथ पडा हुआ था। जैसे ही परिजनों ने अनुज का शव देखा तो यहां रोना पीटना पड गया। खून से लथपथ शव को देखकर ग्रामीणों के भी दिल दहल उठे। दी गई सूचना के बाद मंसूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। लोगों का कहना है कि मामला रंजिशन है जिससे हत्या बडी बेरहमी से की गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस मामले में कई पहलुओं पर जांच कर रही है और पुलिस काक हना है कि कातिल जल्द ही पुलिस के शिकंजे में होगा। पुलिस ने इस संबंध में तहरीर भी ले ली है और आस-पास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए। कातिल कौन है और किस लिए अनुज का कत्ल किया गया यह तो गंभीर विषय है ही, लेकिन कातिल कहां का है और कौन है अब यह पुलिस जांच का विषय है।

### लकड़संधा में अज्ञात शव मिलने से हड़कंप

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम लकडसंधा रेलवे पुल के निकट अज्ञात शव मिलने से हडकंप मच गया है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और काफी प्रयास के बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी। सोमवार की सवेरे कोतवाली क्षेत्र की चौकी बुढ़ाना रोड पुलिस को सूचना मिली थी कि लकडसंधा पुल के निकट एक युवक का शव पडा हुआ है जो डिवाइडर के बीच में फंसा हुआ है मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन की इस समय यहां ग्रामीणों की भीड इकट्ठा थी।

# हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत

## तितावी क्षेत्र में हुई घटना, कई शिवभक्त हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना तितावी क्षेत्र में अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई है, जबकि एक किशोरी सहित कई भोले घायल हो गए है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया और शव को मोर्चरी में रखवा दिया। इसके बाद पुलिस ने फोन नम्बर व घायलों से जानकारी के बाद मृतक व घायलों के परिवार के लोगों को जानकारी दी। परिजनों के पहुंचने तक कुछ देर के लिए शव अज्ञात में पड़े रहे। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम करा दिया है।

दिल्ली के आदर्शनगर निवासी 45 वर्षीय शंकर पुत्र देवशरण मेहता अपने साथी 33 वर्षीय विषणु पुत्र हरीशचन्द्र व 30 वर्षीय सुशील के साथ दिल्ली से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए। जैसे ही बाइक सवार भोले तितावी क्षेत्र में पहुंचे तो अचानक ही वह एक भायनक हादसे का शिकार हो गए। बाइक को सुशील चला रहा था जहां पुलिस का कहना है कि भोलों की बाइक बैरिकेडिंग में घुस गई और तीनों भोले गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने तुरंत ही उनको जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरो ने शंकर व सुशील को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनका साथी विषणु गंभीर हालत में भर्ती किया गया। पुलिस ने किसी तरह नाम पते ज्ञात कर इसकी जानकारी परिवार के लोगों को दी तो वहां कोहराम मच गया। परिवार के लोग सोमवार की अल सवेरे जिला अस्पताल पहुंचे क्योकि घटना रात्रि करीब ढाई बजे की बताई जा रही है पुलिस ने दोनो शवों को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं एक ओर घटना तितावी क्षेत्र में घटी। तितावी क्षेत्र के गांव सेदपुरा खुर्द निवासी 23 वर्षीय शुभम पुत्र महीपाल अपनी बहन 18 वर्षीय साक्षी, चचेरे भाई 11वर्षीय अक्षय के साथ गंगाजल लेने के लिए घर से आठ बजे हरिद्वार के लिए रवाना हुए, हालांकि पुलिस का कहना है कि तीनों बहन-भाई कांवड मेला देखने के लिए आए थे।

कुल मिलाकर शुभम की बाइक भी एक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें शुभम की मौत हो गई और साक्षी व अक्षय को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शुभम के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और उसको परिजनों के हवाले कर दिया।



मुजफ्फरनगर: कांवड़ियों की वेशभूषा में घूमने वाले आरोपियों की जानकारी देते एसएसपी।



डाक कांवड़ वाहन के आगे जल लेकर दौड़ते शिवभक्त।



मुजफ्फरनगर: कांवड़ यात्रा में व्यवस्था परखने निकले पुलिस के आला अधिकारी।

# कांवड़ियों की वेशभूषा में घूम रहे पांच दबोचे

**अपराधिक घटना को करने के उद्देश्य से घूम रहे थे नाम बदलकर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने कांवड शिविरों में भोलों की वेशभूषा में घूम रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस का कहना है कि पकडे गए आरोपियों का पहले भी अपराधिक इतिहास है और ये किसी अपराधिक घटना के इरादे से शिविरो में घूम रहे थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि शिवभक्तों के वेशभूषा में कुछ युवक हिन्दू नाम बताकर घुम रहे थे और श्रद्धालुओं के साथ उठ बैठकर हिन्दू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने तथा चल रहे पवित्र श्रावण मास में विशेष समुदाय के बीच धार्मिक व वैमनयता फैलाने वाले पांच लोग पुलिस की गिरफ्त में आ गए है जिनके नाम सुहैल उर्फ चौकड उर्फ शेरखान पुत्र नसीम, आसिफ पुत्र अफजाल निवासीगण लद्दावाला, आसिफ पुत्र शमशद निवासी शाहबुद्दीपुर रोड, शादाब पुत्र नूर हसन उर्फ इद्दू कूकडा मंडी, आबिद पुत्र महफूज निवासी केवलपुरी है। एसएसपी ने बताया कि इनके विरूद्ध जनपद व गैर जनपदो में चोरी व अन्य अपराधिक मामले दर्ज है और वह शिवभक्तों की वेशभूषा में किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुम रहे थे। यह लोग कावंडियों का सामान व मोबाइल चोरी करने में माहिर है।

# कांवड़ में सौहार्द बिगाड़ने की साजिश, तीन गिरफ्तार

## पाकिस्तान में कत्लेआम की वीडियो मुरादाबाद की बताकर की थी वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ककरौली पुलिस ने सनसनी खैज वीडियों वायरल करने के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकडे गए युवक एक सनसनी खैज हत्याकांड जिसमे महिला, बच्चे का बूरी तरह कत्ल करना दिखाया गया है कि वीडियो वायरल कर रहे थे और इस वीडियों के पीछे बजरंग दल का हाथ बता रहे थे, जबकि जांच में पाया गया कि वीडियो पाकिस्तान के एक पुराने हत्याकांड की है। पुलिस ने इस मामले को आतंकी साजिश करार करते हुए तीनों को गंभीर धाराओं में जेल भेजा है।

पुलिस लाइन के सभाकक्ष में हुई प्रेसवार्ता के दौरान डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह व जनपद मुजफ्फरनगर के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि ककरौली में युवा एकता के नाम से व्हाट्सएप्प ग्रुप पर एक वीडियो डाली गई थी जिसे मुरादाबाद की बताकर कहा गया था कि इसमें जो मारकाट हो रही है वह बजरंग दल के युवक है जो नरसंहार कर रहे है। उन्होने बताया कि वायरल वीडियों की जांच की गई तो यह पाकिस्तान के मुजफ्फरगढ़ का निकला और इसको मुरादाबाद के गांव मंसूरपुर थारक नंगला का बताया जा रहा था। उन्होने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने नदीम पुत्र सगीर सब्जी विक्रेता, मनशेर पुत्र शरीफ कबाड़ी, रईस पुत्र सगीर उर्फ फुरकान कपडे व बर्तन की फेरी करने वाला, को गिरफ्तार किया। डीआईजी ने बताया कि वीडियों वायरल मे कहा गया कि बजरंग दल के कुछ लोग मुस्लिम घरों में घुसकर लोगों को काट रहे है और किसी को नहीं छोड रहे है छोटे हो या बडे, महिला हो या बच्चें सबको काटा जा रहा है। पुलिस ने पाया कि उक्त युवक इस तरह की अफवाह फैलाकर जनपद व देश में साम्प्रदायिक नफरत व हिंसा कराने के उद्देश्य से ऐसी सनसनी खेज वीडियो वायरल की है। पुलिस ने पकडे गए आरोपियो के कब्जे से तीन मोबाईल बरामद किए है और इस गिरोह ने उक्त ऑडियो बाहर के व्हाट्सएपों पर भी भेजी थी। उन्होने जानकारी दी कि उक्त लोगों ने खिदमत अब्बासी ग्रुप जनपद मेरठ, प्राउड इंडियन मुस्लिम मुरादाबाद, मुस्लिम समाज जिन्दाबाद, ऑल इंडिया इम्प्लोयर ग्रुप ककरौल युवा एक्ता मुजफ्फरनगर के नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बना रखे थे। डीआईजी का कहना है कि इस गिरोह का मकसद साम्प्रदायिकता को बढ़ाना था और जल्द ही इनकी गिरफ्तारी न होती तो शायद पब्लिक के बीच गलत मैसेज जाता और कोई अनहोनी हो सकती थी। लिखा पढ़ी के बाद इन लोगों को जेल भेज दिया।

# टंकी पर लगे पंप में करंट आने से मचा हड़कंप

**तुलसी पार्क में विद्युत विभाग की टीम ने पहुंचकर की जांच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार की सवेरे शिव चौक गोल मार्किट के बराबर में स्थित तुलसी पार्क में उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां टंकी पर लगे पम्प में बुंदाबंदी होने के कारण करंट उतर आया। एक कांवडिये को हलका झटका लगने के बाद यहां अन्य लोगों में शोर मचा तो विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन करते हुए पंप को टंकी से अलग किया गया।

तत्काल कुछ कांवडियों ने इसकी सूचना कांवड कंट्रोल रूम को दी। जांच करने पर पता चला कि यहां पर लगी टंकी पर पम्प लगाया हुआ है। पानी भरने के कारण करंट फैल गया। उक्त टंकी से पम्प को हटा दिया गया।

कांवड यात्रा को लेकर शिव भक्तों की सेवा करने के लिए तुलसी पार्क पर एक शिविर लगा हुआ है। यहां पर काफी कांवडिये सोमवर को रूके हुए थे।

सोमवार की सुबह बूंदाबांदी होने पर तुलसी पार्क में करंट आ गया। कई कांवडियों को करंट के झटके लगे। पावर कारपोरेशन की टीम मौके पर पहुंचकर करंट लगने की जांच की। जांच पडताल की गई तो यहां टंकी पर एक पम्प लगा हुआ था। बाद में कार्रवाई करते हुए इस पम्प को हटा दिया गया।

# चेयरपर्सन ने सड़क पर अपने हाथों से कूड़ा उठाकर दिया प्रेरक संदेश

## कांवड़ सेवा शिविर में फेंके गए दोने-पत्तल व गिलास उठाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की सेवा में जुटे समाजसेवियों के बीच उस समय एक प्रेरणादायी ख्रश्य देखने को मिला, जब नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन के साथ ही प्रसाद वितरण के बाद सड़क पर डाले जा रहे कचरे को स्वयं अपने हाथों से उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ।

मेरठ रोड स्थित मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण कार्यालय के समीप सोमवार को रजत गोयल और राहुल चौधरी द्वारा अपनी टीम के साथ आयोजित पहले कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने किया। इस अवसर पर सभासदों व शिविर आयोजन समिति के सदस्यों के साथ उन्होंने शिवभक्तों को प्रसाद वितरित किया। लेकिन जब उन्होंने देखा कि भक्तगणों द्वारा प्रसाद के लिए उपयोग किए गए पत्तल, दोने और प्लास्टिक गिलास शिविर के पास सड़क और डिवाइडर पर फेंक दिये गये और वो बिखरे पड़े हैं, तो उन्होंने तत्काल ही स्वच्छता ही सेवा का एक प्रेरणादायी संदेश देने के लिए खुद सड़क पर पहुंचकर अपने हाथों से दोने और पत्तल आदि उठाकर सफाई शुरू कर दी। पालिकाध्यक्ष को झुककर कचरा उठाते देख सभी आयोजक, सभासद और वहां मौजूद बच्चे एवं शिव भक्त भी उनके साथ सफाई में जुट गए। उनके इस प्रयास ने न सिर्फ स्वच्छता के महत्व को उजागर किया, बल्कि भावी पीढ़ी में स्वच्छता के प्रति एक नागरिक जिम्मेदारी, सेवा और सामाजिक चेतना की भावना भी जागृत की। मीनाक्षी स्वरूप ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता एक आदत नहीं, यह हमारी आत्मा की शुद्धता का प्रतीक है। जब हम अपने आस-पास फैले कचरे को नजर. अंदाज करते हैं, तो हम आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से मुंह मोड़ते हैं। स्वच्छता कोई दिखावे की बात नहीं, यह हमारे संस्कारों का आईना है। भगवान की पूजा भी स्वच्छता के बिना अधूरी है। इस अवसर पर सभासद अमित पटपटिया, हिमांशु कौशिक, समाजसेवी कार्तिक स्वरूप, शिविर आयोजक रजत गोयल, शिवम चौधरी, राहुल चौधरी, अभिषेक कुमार और राम सिंह रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने नलकूप निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बुंदाबांदी के बीच नव विस्तारित क्षेत्र वार्ड संख्या 31 अंकित विहार में नया नलकूप निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए भूमि पूजन किया है। भूमि पूजन के बाद नलकूप निर्माण कार्य शुरू हो गया। नगर पालिका करीब 20 लाख रुपए खर्च करते हुए नया नलकूप बना रही है। इस नलकूप के बनने से मोहल्ला लाल बाग, अंकित विहार, वर्मा पार्क और आस-पास की कई कालोनियों में पेयजलापूर्ति की व्यवस्था दुरूस्त हो जाएगी। नव विस्तारित क्षेत्र में पेयजलापूर्ति को लेकर काफी समस्या बनी हुई है। नव विस्तारित क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया हुआ है। नगर पालिका के द्वारा अब नव विस्तारित क्षेत्र में बडी तेजी के साथ काम कराया जा रहा है। वार्ड संख्या 31 में पानी की काफी समस्या चली आ रही थी। अब नगर पालिका के द्वारा यहां पर करीब 20 लाख के खर्च से नया नलकूप बनाया जा रहा है। जिसका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने मौके पर पहुंच कर भूमि पूजन किया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से मिलकर भी वार्ड की समस्याओं को समझने का प्रयास किया और भरोसा दिया कि पालिका इस नवविस्तारित क्षेत्र में सभी प्रकार के कार्यों को कराने में प्राथमिकता रखेगी। इस दौरान सभासद बबीता सिंह, अमित पटपटिया, हिमांशु कौशिक, अमित कुमार, योगेश मित्तल, भाजपा नेता विकल्प जैन, कपिल पाल आदि मौजूद रहे।


राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027

नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Ph. 9027879829, 9411626066


# डिप्लोमा में एसडी के होनहारों का रहा जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए डिप्लोमा अंतिम वर्ष में शतप्रतिशत परिणाम हासिल किया है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में वंश चौधरी ने टॉप कर कॉलेज व परिवार का नाम रोशन किया। सिविल इंजीनियरिंग में कृष कुमार ने प्रथम ने टाप किया। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में नीलम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में शिवम जावला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विभाग को गौरवान्वित किया।




सचिव अनुभव कुमार ने अपने आर्शीवचन में कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता यह प्रमाणित करती है कि मेहनत और अनुशासन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होने नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि सनातन धर्म कॉलेज एसोसिएशन, मुजफ्फरनगर द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को 35,000 तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्र भी गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकें।निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। छात्र ने कहा कि यह परिणाम कॉलेज के उच्चस्तरीय शिक्षण, प्रेरणा और सतत मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं था।

उन्होंने कहा कि कॉलेज द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और सकारात्मक वातावरण ने उन्हें हमेशा बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

विद्यार्थियों ने अपने सीनियर और जूनियर छात्रों को भी कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया।


शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# ट्रक की टक्कर से भैंसा बोगी चालक युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** आधी रात को भोकरहेड़ी-लकसर मार्ग पर सामने से आ रहे ट्रक ने भैंसा बोगी मे टककर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला कलालान निवासी अनुसूचित जाति के अजीत का परिवार गंगा नदी के बालू का भाड़ा कर परिवार की गुजर बसर करता है। सोमवार की अलसुबह अजीत का पुत्र 22 वर्षीय विशाल मोहल्ले के अन्य व्यक्तियों संग भैंसा बोगी लेकर गंगा से निकलने वाले बालू का भाड़ा करने के लिए जा रहा था।जैसे ही वह लकसर मार्ग पर



स्थित सेठो वाले बगीचे के सामने पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रक से भैंसा बोगी मे टककर मार दी। तेज टककर लगने से विशाल गंभीर रूप से घायल हो घायल को तुरंत भोपा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है। पिता अजीत माता गीता देवी बहन ज्योति व पायल तथा भाई मनीष, साहिल कुमार छोटा कुमार का रोरो. कर बुरा हाल है।। क्षेत्र की शुक्रताल चौकी प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया की ट्रक चालक अनिल कुमार पुत्र सुभाष निवासी बाबूगढ़ हापुड़ को हिरासत मे लेकर ट्रक को कब्जे मे लिया है तथा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया की मामले मे अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क हादसे में घायल नवयुवक की उपचार के दौरान मौत

## शुक्रतारी निवासी विपिन की हुई थी गौवंश से टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के गांव शुक्रतारी निवासी युवक भोपा मुज़फ्फरनगर मार्ग पर सड़क हादसे मे घायल हो गया था। बारह दिनों बाद दिल्ली अस्पताल मे उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव शुक्रतारी निवासी 18 वर्षीय युवक विपिन पुत्र रूपचंद बीते 8 जुलाई को सड़क हादसे में घायल हुए गांव निवासी घायल युवकों का हाल जानने के लिए अपने चचेरे भाई बिट्टू के साथ मुजफ्फरनगर अस्पताल मे जा रहा था जैसे ही वह जटमुझेड़ा स्थित स्कूल के पास पहुंचा तभी आवारा गोवंश से उसकी टक्कर हो गई टक्कर में गंभीर रूप से घायल युवक को मुज़फ्फरनगर अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ती देख घायल को मेरठ व उसके बाद राजधानी दिल्ली स्थित अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान रविवार की रात उसकी मौत हो गई युवक की मौत से मां संतरा भाई सुनील सचिन व बहन अलका का रो रो कर बुरा हाल है।

# एआईएमआईएम नेता सय्यद बाबर ने भोलों को बांटी फ्रूटी

**बुढ़ाना।** आज सोमवार के दिन पुल पार सफीपुर पटी में मुजफ्फरनगर रोड पर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। जिसमें आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के वरिष्ठ नेता सैय्यद बाबर ने पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ मिलकर भयंकर गरमी में अपने गंतव्य की और बढ़ रहे हजारों कांवड़ियों को सुबह से लेकर शाम तक ठंडी फूटी और कोल्ड ड्रिंक बांटकर सां. प्रदायिक सौहार्द की एक अनूठी मिसाल पेश की। इस दौरान कार्यकर्ता टोपी पहनकर कांवड़ियों को फूटी बांटते हुए देखे गये तो सभी के मुंह से ये ही निकला कि ऐसी मिसाल हर कस्बे और गांवों में हो तो फिर कोई झगड़ा ही ना हो। कांवडिये भी मुस्लिम कार्यकर्ताओं को देखकर खुश हुए और सभी ने बड़े अच्छे भाव से कोल्ड ड्रिंक और फूटी




ग्रहण कर इस कार्य को बहुत ही अच्छा बताया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के ज़िला महासचिव मौलाना माजिद राना, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष आज़म फारुकी, सै"यद बाबर, नगर महासचिव अब्दुल वहाब सिद्दीकी, नगर सचिव विनोद बालियान, नगर सचिव सईदुद्दीन अल्वी, असलम पेंटर, वसीम कुरैशी, परवेज़ नेता और चाँद मियां सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कसाना डीजे को नहीं मिली नगर प्रवेश की अनुमति

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास की पावन बेला में जब सम्पूर्ण देश शिवभक्ति में लीन है, खतौली कस्बे में भी गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल के साथ इस बार का कांवड़ पर्व शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से सम्पन्न हुआ। विगत वर्षों में जहां विशाल डीजे कांवड़ को लेकर असंतुलन और अव्यवस्था की खबरें आती रही थीं, वहीं इस बार जिला और स्थानीय प्रशासन की सूझबूझ व तत्परता से श्रद्धा और व्यवस्था का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इस बार फिर चर्चा में रहा 'कसाना डीजे' जो पूर्व में विशाल आकार, ध्वनि और भारी भीड़ के कारण सुर्खियों में रहा था। लेकिन इस बार जिला प्रशासन ने पहले से ही योजना बनाकर इसे कस्बे के अंदर से निकलने की अनुमति नहीं दी। प्रशासन की रणनीति साफ थी श्रद्धा बनी रहे, मगर कानून व्यवस्था से कोई समझौता न हो।

बाईपास बना श्रद्धा का नया मार्ग

सोमवार को जब विशाल कसाना डीजे कांवड़ खतौली की सीमा पर पहुँचा, तो पुलिस ने पूरी मुस्तैदी के साथ इसे नगर के मुख्य मार्गों पर जाने से रोक दिया। सीओ रामाशीष यादव और थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा स्वयं पुलिस बल के साथ नावला कट बाईपास पर डटे रहे। कुछ देर के लिए डीजे समर्थकों और प्रशासन के बीच संवाद और हल्की नोकझोंक भी हुई, लेकिन अधिकारियों के संयम, सूझबूझ और शांति प्रिय व्यवहार ने स्थिति को बिगड़ने नहीं दिया।आखिरकार, जब डीजे समर्थकों को यह भान हो गया कि कस्बे के अंदर से कांवड़ निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी, तो उन्होंने प्रशासन का सम्मान करते हुए बाईपास से ही यात्रा को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। यह एक ऐतिहासिक क्षण था ख्र जब श्रद्धा ने अनुशासन के साथ हाथ मिलाया।

प्रेरणा बनी कसाना डीजे की सहमति

कसाना डीजे की सहमति ने एक मिसाल कायम की। अन्य डीजे कांवड़ समूहों ने भी उसी रास्ते को अपनाया, जिससे एक के बाद एक सभी डीजे कांवड़ बाईपास मार्ग से गुजरते रहे। न कोई विवाद, न कोई शोरगुल सिर्फ़ शिव नाम की गूंज, और शांतिपूर्ण वातावरण में आगे बढ़ती आस्था।

कस्बे में रही व्यवस्था चाक-चौबंद

प्रशासन की योजना और निर्णय का सकारात्मक असर पूरे शहर में देखने को मिला। न कहीं जाम, न कोई अव्यवस्था। इस बार डीजे कांवड़ के नगर में प्रवेश न होने से बिजली आपूर्ति भी बाधित नहीं हुई। आमजन को न तो ट्रैफिक जाम की परेशानी हुई, न ही रात के समय बिजली कटौती का सामना करना पड़ा।

रैपिड एक्शन फोर्स की भी रही तैनाती

विशेष सुरक्षा के तहत रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को भी तैनात किया गया था। हर गली, हर चौराहे और हर संभावित मार्ग पर पुलिस का पहरा रहा। उच्चाधिकारियों ने लगातार निगरानी रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखी। शिवभक्ति के साथ व्यवस्था की विजय



इस बार खतौली ने यह साबित कर दिया कि भक्ति और अनुशासन साथ-साथ चल सकते हैं। विशाल डीजे यात्रा को नगर से बाहर निकालना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन प्रशासन, पुलिस और कांवड़ियों के सहयोग से यह भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका।

# मदनलाल हास्पिटल पर हुई भोलों पर पुष्पवर्षा

## यूटयूबर ने किया अनुभव साझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मदनलाल हॉस्पिटल बुढ़ाना पर डॉक्टर सोनू कश्यप ने अपनी टीम के साथ शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा की और उनको मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया। इस दौरान यूटड्बर हास्य एक्टर मोहित चौरसिया भी डाक्टर सोनू कश्यप से मिले और उनके साथ अपने अनुभव साझा किए।

सभी ने टिंगु मोहित के साथ सेल्फी ली और फोटो भी खिंचवाए। इस दौरान यहां पर कांवडियों पर पुष्प वर्षा करने वालों में मुख्य रूप से डाक्टर सूची कश्यप, डॉक्टर विशाल कुमार, डॉक्टर शेखर कुमार, महर्षि कश्यप संगठक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्यप, संगठक के कोषाध्यक्ष लोकेंद्र कश्यप, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम कश्यप, ऋषिपाल कश्यप, शुभम कश्यप, नंदन कश्यप, अंकित कश्यप, अभिनव कश्यप, नसीम अहमद, अनस अहमद, नदीम अहमद, मोईन अहमद और अंशुल पाल आदि लोगों की उपस्थिति रही।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स.881/16.02.06 मे गलती से नाम आरोही,पिता का नाम हरीश गौतम व माता का नाम माधुरी अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम क्रमश: आरोही गौतम, हरीश कुमार गौतम व माधुरी गौतम है और भविष्य मे भी इन्ही नाम से जाना जायेगा।

**हरीश कुमार गौतम**
**आदर्श कॉलोनी**
**मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे भाई राजपाल की शादी करीब 17-18 साल पहले श्रीमती सविता से हुई थी। और वह अपने बच्चों के साथ अलग मकान में रहता है। मेरा राजपाल व उसकी पत्नी के वैवाहिक जीवन व बच्चों से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं है। राजपाल की पत्नी श्रीमती सविता के परिवार वाले मुझसे रंजिश रखते है और मुझे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहते है। मैने अपने भाई राजपाल व उसकी पत्नी व बच्चों से अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर रखे है तथा आगे भी सम्बन्ध विच्छेद रहेंगे। राजपाल उसकी पत्नी सविता के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सोनू कुमार पुत्र श्री कलीराम**
**निवासी- ग्राम सीकरी,**
**थाना भोपा, जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा भाई नौशाद पुत्र शहीद अहमद जिसका मुझसे व मेरे परिवार से कोई मतलब वास्ता नहीं है। मैने इससे अपने पारिवारिक सम्बन्ध काफी समय पहले विच्छेदित कर लिये थे। मेरा व मेरे परिवार का रहन सहन व खान पीन करीब 9 वर्ष पूर्व से अलग है तथा मैं मु.नगर में निवास कर रहा हू तथा नौशाद से हमारा कोई सम्बन्ध नहीं रहा है। नौशाद के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन को मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। **शराफत अली पुत्र शहीद अहमद निवासी-ग्राम आखलौर थाना कोतवाली नगर, जिला मु.नगर, हाल निवासी-मदीना कालोनी थाना सिविल लाईन, जिला मुजफ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शाहिद सैफी व पुत्रवधू श्रीमति बुशरीन पत्नी शाहिद सैफी मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नही है तथा ये दोनों गलत संगत में रहने लगे है।मैने इन दोनों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वे अपनी गलत हरकतो से बाज नही आ रहे है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सारे सम्बन्ध रिश्ते नाते समाप्त कर दिये है तथा इन्हे अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से मेरा व मेरे परिवार का इन दोनों पति-पत्नी से कोई सम्बन्ध नहीं रहा है। यदि वे कोई गलत कार्य करते है या किसी से कोई लेनदेन करते है तो वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**इकबाल अहमद पुत्र हाजी**
**जबरूद्दीन निवासी म.न.**
**25/19 नया बांस थाना**
**कोतवाली नगर, तहसील सदर**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# रालोद विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय लोकदल के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजपाल सिंह बालियान ने आज सोमवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में पहुंचकर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कई लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा। रालोद विधायक राजपाल बालियान के इंतजार में दर्जनों की संख्या में ग्रामीण वहां पर पहले से ही मौजूद मिले। ग्रामीणों ने रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान को बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों और किसानों का खुला शोषण कर रहे हैं। गलत बिल भेजकर ठीक करने के नाम पर अवैध वसूली बडे ही पैमाने पर की जा रही है। तब रालोद विधायक राजपाल बालियान के बुलावे पर विद्युत विभाग के एक्सईएन अजीत सिंह यादव और एसडीओ ग्रामीणों के बीच पहुंचे।

उन्होंने ग्रामीणों की समस्या के समाधान का आश्वासन रालोद विधायक को दिया। किसानों ने बताया कि थाने व तहसील में श्वित के बिना कोई कार्य नही होता। विधायक ने भी ग्रामीणों को उनकी समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर यहां युवा रालोद जिला अध्यक्ष गज्जू



पठान, रालोद नेता बाल किशोर त्यागी, सुरेंद्र सहरावत, संयम पंवार, पूर्व प्रधान मोनू मलिक, थामसिंह, कुलदीप मलिक, मुकेश मलिक, ब्रजबीर, गांव चंधेडी के प्रधान पुरूषोत्तम और प्रवीण कुमार सहित अन्य कई ग्रामीणों की उपस्थित देखने को मिली।

# मिशन शक्ति ने भी लगाया सूजडू चुंगी पर कांवड़ शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सुजडू चुंगी पर काँवड़ यात्रा के दौरान विश्राम कर रहे काँवड़ियों को केला, पानी एवं अन्य जरूरी सामग्री का वितरण किया गया। यह सेवा बीना शर्मा, मिशन शक्ति समन्वयक के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

इस कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारियों तथा महिला थाना से संगीता चौधरी द्वारा भी विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य काँवड़ यात्रियों को यात्रा के दौरान सहयोग प्रदान करना और जन सेवा की



भावना को बढ़ावा देना था। बीना शर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं, बच्चों व आम नागरिकों की भलाई हेतु विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं, और यह वितरण कार्यक्रम उसी कड़ी का एक हिस्सा है।जिला प्रशासन एवं मिशन शक्ति की संयुक्त पहल से आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे।

# शहर में रोजाना निकलता है 234 मैट्रिक टन कूड़ा

## पालिका ने शुरू कराया फ्रेश वेस्ट का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका के द्वारा फ्रेश वेस्ट का निस्तारण शुरू करा दिया गया है। आयुषी हाईजीन एंड केयर प्राइवेट लि. कम्पनी के द्वारा फ्रेश वेस्ट का निस्तारण किया जा रहा है। इस कम्पनी को छह माह के लिए टेंडर दिया गया है। इसके बाद नगर पालिका स्वयं की मशीनें स्थापित कर फ्रेश वेस्ट का निस्तारण कराएगी। शहरी क्षेत्र में प्रतिदिन करीब 234 मीट्रिक टन कूडा निकलता है। वर्तमान में चल रही कांवड यात्रा को लेकर फ्रेश वेस्ट में काफी बढोत्तरी हुई है। नगर पालिका के द्वारा फ्रेश वेस्ट का टेंडर आयुषी हाईजीन एंड केयर प्राइवेट लि. कम्पनी को दिया गया है। इस कम्पनी को नगर पालिका ने छह माह के लिए टेंडर दिया है। कम्पनी के द्वारा फ्रेश वेस्ट का निस्तारण किया जा रहा है। अब किदवईनगर में स्थित एटूजेड प्लांट पर कूडे के पहाड नहीं बनेंगे। उधर नगर पालि. का भी फ्रेश वेस्ट के निस्तारण के लिए ट्रोमल मशीनें खरीदने जा रही है। जिसकी तैयारियां चल रही है। नगर पालिका 15वें वित्त आयोग की धनराशि से ट्रोमल मशीनें खरीदेगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। आयुषी हाईजीन एंड केयर प्राइवेट लि. कम्पनी का काम खत्म होने के बाद नगर पालिका स्वयं की मशीनें लगाकर फ्रेश वेस्ट का निस्तारण कराएगी।

# कांवड़ियों की सेवा कर खुद को धन्य मान रहे श्रद्धालु

**मुजफ्फरनगर।** साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा शिवभक्तों के लिए शामली रोड नदी के पुल पर महाकाल जी के आशीर्वाद से चल रहे सेवा शिविर में अन्नदान की फलों की पानी की कोलड्रिंक बिस्किट की सेवा की गई

क्रांतिकारी शालू सैनी के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव भक्तों की सेवा में संस्था की पूरी टीम लगातार सेवा कर रही है आज की सेवा में साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंदर शर्मा व बिट्टू का योगदान रहा संस्था के सभी जिलों के पदाधिकारि भोलो की सेवा में लगकर तन मन धन से भूमिका निभा रहे है

यह अद्वितीय क्षण शिवभक्तों की अपार श्रद्धा, संयम और तप का साक्षी बना, जहाँ हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों



का उत्साह, हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंजती हुई वातावरण में एक अलौकिक ऊर्जा का संचार कर रहा था। क्रांतिकारी शालू सैनी ने कहा कि शिवभक्ति के इस महासागर में सम्मिलित होकर स्वयं को धन्य अनुभव किया। यह दृश्य न केवल भक्ति का प्रतीक था, बल्कि समाज की एकता, सेवा और समर्पण की भावना को भी उजागर कर रहा है उपस्थित क्रांतिकारी शालू सैनी राजू सैनी बीना शर्मा मंगलेश प्रजापति रविन्द्र शर्मा राजबती सैनी एडवोकेट काजल साक्षी सैनी पूनम सैनी अंजू सैनी मीनाक्षी सैनी प्रीति सैनी साक्षी सैनी बिट्टू भाई।

# योगीराज में भी तालाबों पर हो रहा है अवैध कब्जा

## माता वाली तालाब पर अब भी हो रहा है अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगर व देहात क्षेत्र मे तालाबों पर जमकर अवैध कब्जे किए जा रहे है तालाबों पर अवैध कब्जे से लोगो के घरो तक मे पानी घुस जाता है और नगरवासी गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हो चले है अगर बात चरथावल नगर की करे तो हमें पता चलेगा की चरथावल के मुर्दापटी मे मातावाली तालाब पर अवैध कब्जाधारियों ने जमकर कब्जा कर लिया है और थोड़ी भी बारिश होने पर तालाब पर अवैध कब्जा होने के कारण मुर्दापटी वासियो के घरो मे घुस जाता है और बहुत देर तक पानी घरो मे भरा रहता है स प्रदेश मे भाजपा सरकार बनने पर जहाँ प्रदेशवासियो को यह उम्मीद जगी थी की अब तालाबों पर अवैध कब्जे नहीं होंगे और तालाबों पर होने वाले अवैध कब्जो से निजात मिलेगी लेकिन चरथावल मे मातावाली तालाब पर अब भी अवैध कब्जाधारी जमकर अवैध कब्जा कर रहे है आखिरकार किसकी शह पर यह कब्जाधारी मातावाली तालाब पर कब्जा कर रहे है यह तो कब्जा करने वाले व्यक्ति ही बता सकते है लेकिन मुहल्लेवासियो के अनेको बार गुहार लगाने पर भी अवैध कब्जाधारी मातावाली तालाब पर लगातार कब्जा करने मे लगे हुए है स अनेको नगरवासियो ने आला. धिकारियो से गुहार लगाते हुए मातावाली तालाब से अवैध कब्जा हटाने की माँग करते हुए तालाब पर से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है

# सांसद इकरा हसन उम्मीद, सेवा व सद्भाव का नया चेहरा : कुरैशी

**बुढ़ाना।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं सामाजिक विश्लेषक मौहम्मद आसिफ कुरैशी ने बताया कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और महिला गरिमा पर हाल ही में जो आघात हुआ वह अत्यंत निंदनीय है। कैराना की सांसद इकरा हसन के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी सिर्फ एक जनप्रतिनिधि नही बल्कि पूरे समाज की महिलाओं के आत्मसम्मान पर हमला है। इस प्रकार की घटिया मानसिकता लोकतंत्र की आत्मा को आहत करती है। सरकार को ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि एक सख्त नज़ीर पेश की जा सके लेकिन इससे इकरा हसन का व्यक्तित्व और उनका राजनीतिक योगदान ऐसी नकारात्मकता से कहीं ऊपर है। वे आज भारत की उस राजनीति की पहचान बन चुकी हैं जो शिक्षा, सेवा और समावेशिता पर आधारित है। इकरा हसन ने दिल्ली बिश्वविद्यालय के लेडी श्री राम कॉलेज से स्नातक और यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से अंतरराष्ट्रीय कानून और राजनीति में मास्टर्स की डिग्री ली है। वे शिक्षा को बदलाव का हथियार मानती हैं। यही वजह है कि उन्होंने कैराना में महिला डिग्री कॉलेज और तकनीकी शिक्षा संस्थानों की मांग को प्राथमिकता दी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से हराकर स्पष्ट संदेश दिया कि जनता अब काम चाहती है, केवल वादे नहीं। चुनाव प्रचार के दौरान उनकी सादगी, सहजता और हर वर्ग से संवाद की कला ने उन्हें जनप्रिय नेता बना दिया। वे प्रचार नहीं संवाद में बिश्वास रखती हैं और यही उनकी जीत की असली कुंजी है।

सांसद बनने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों को समान गंभीरता से उठाया। चाहे वक्फ कानून की मजबूती की बात हो या बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले वे बेझिझक संसद में बोलती हैं। उन्होंने रेल सेवाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए प्रभावशाली पैरवी की है। संसद की एस्टिमेट्स कमेटी की सदस्य के रूप में भी उनकी भूमिका उल्लेखनीय है। इकरा हसन की लोक. प्रियता की सबसे बड़ी वजह उनका सर्वधर्म समभाव का ख्रष्टिकोण है। हालिया कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सेवा कर उन्होंने सिद्ध किया कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। उनकी यह सोच समाज में सौहार्द्र और एकता का संदेश देती है। सहारनपुर में एडीएम द्वारा उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार के खिलाफ वे जिस मजबूती से खड़ी हुई उसने स्पष्ट किया कि वे केवल अपने लिए नहीं बल्कि हर महिला और लोकतांत्रिक मूल्य के लिए लड़ रही हैं। उनका बयान यह सिर्फ एक महिला सांसद का नहीं लोकतंत्र का अपमान है देशभर में गूंजा। इकरा हसन हर सप्ताह अपने क्षेत्र में मौजूद रहती हैं, जनता की समस्याएं सुनती हैं और अफसरों से सीधे संवाद कर समाधान कराती हैं। वे सांसद कम सेवक ज़्यादा नज़र आती हैं। यही वजह है कि लोग उन्हें अपनी बेटी की तरह मानते हैं। उनके साथ हरेंद्र मलिक जैसे वरिष्ठ नेता और राक. ेश टिकैत जैसे किसान नेता का समर्थन बताता है कि इकरा हसन का नेतृत्व जाति, धर्म या वर्ग की सीमाओं से परे है। वे वास्तव में एक समावेशी नेतृत्व की प्रतीक बन चुकी हैं। कैराना ने सिर्फ एक सांसद नहीं बल्कि एक सोच को संसद में भेजा है एक ऐसी सोच जो संवाद, शिक्षा, समरसता और सेवा पर आधारित है। इकरा हसन आज की



राजनीति की उस नई धारा का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसकी देश को सख्त जरूरत है। वे विभाजन नहीं, मेल का संदेश देती हैं। वे सत्ता नहीं, सेवा की भाषा बोलती हैं। और आज जब देश को ऐसी ही नेतृत्व की ज़रूरत है इकरा हसन उस उम्मीद का नाम है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक:- 765/P.W.D/NPP/2024-25 दिनांक:- 21-07-2025

**ऑफ लाईन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 02 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 05/08/2025 को अपराहन 3:00 बजे तक ऑफ लाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/07/2025 की प्रात 10:00 से दिनाक 05/08/2025 की अपराहा 3:00 बजे तक निर्धारित मूल्य के साथ जमा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग से क्रय किये जा सकते है। प्राप्त निविदाओं को दिनाक 05/08/2025 की साय 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। **कार्य राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि** की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते है।

**सहायक अभियन्ता (निर्माण)**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

# व्यापारियों ने उत्पीड़न से तंग आकर दी आत्महत्या की चेतावनी

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बा खतौली के कृषि निवेश विक्रेताओं ने मुज़फ्फरनगर कृषि विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके आर्थिक और मान. सिक उत्पीड़न की शिकायत की है। व्यापारियों ने बताया कि विभागीय अधिकारी आए दिन जांच के नाम पर दुकान-दुकान चक्कर लगाते हैं और फर्जी शिकायतों के आधार पर डराकर अवैध वसूली करते हैं। व्यापारियों का आरोप है कि विभाग के अधिकारी जानबूझकर फर्जी लेटर भेजते हैं और समाधान के नाम पर मोटी रकम की मांग करते हैं। इतना ही नहीं, अधिकारी खास कंपनियों का सामान जबरन बिकवाने का दबाव बनाते हैं। यदि कोई व्यापारी उनकी बताई हुई कंपनियों का उत्पाद नहीं बेचता, तो उसके खिलाफ लाइसेंस निरस्तीकरण की धमकी दी जाती है।

### कंपनियों में हिस्सेदारी का आरोप

व्यापारियों ने दावा किया कि मुज़फ्फरनगर में जिन कंपनियों के उत्पाद चल रहे हैं, उनमें कृषि विभाग के कुछ अधिकारियों की सीधी हिस्सेदारी है। इसी वजह से वे उन्हीं कंपनियों के माल को बेचने के लिए दबाव बनाते हैं। विभागीय मनमानी से तंग आकर कई व्यापारियों का व्यापार ठप हो गया है, कुछ का तो पूरी तरह से बंद हो चुका है।

### बिना लाइसेंस दुकानें चलवाने का भी आरोप

व्यापारियों ने यह भी बताया कि विभाग के कर्मचारी नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से बिना लाइसेंस के दुकानों को चलवा रहे हैं। वैध लाइसेंसधारी व्यापारियों के साथ सख्ती और अवैध व्यापारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। इससे ईमानदारी से काम करने वाले व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### 20-25 वर्षों से नहीं हुआ तबादला

व्यापारियों ने बताया कि जहां एक ओर अन्य विभागों में पांच वर्षों में तबादले की व्यवस्था है, वहीं कृषि विभाग में पटल सहायक जैसे कर्मचारी 20 से 25 वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। इससे भ्रष्टाचार को खुला समर्थन मिल रहा है और मनमानी चरम पर है।

### मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र, आत्महत्या की चेतावनी

कृषि निवेश व्यापारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक शिकायती पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न से राहत दिलाने की गुहार लगाई है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आत्महत्या करने को मजबूर होंगे, क्योंकि उनके पास आजीविका का कोई अन्य साधन नहीं बचा है।

### व्यापारियों की मांग

दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों का तत्काल स्थानांतरण किया जाए, कृषि विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, अवैध रूप से चल रही दुकानों पर कार्रवाई हो, ईमानदार व्यापारियों को संरक्षण और न्याय मिले। इस पूरे मामले ने विभागीय कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। व्यापारियों की मांग है कि जल्द कोई ठोस कार्रवाई हो, वरना वे बड़े आंदोलन की राह पर चलने को मजबूर होंगे।

## कांवड़ देखने गया मंदबुद्धि युवक लापता

**छपार।** कावड यात्रा देखने आया मंदबुद्धि युवक अपने साथियों से बिछड़ गया उसका कोई पता न चलने पर उसके पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। थाना चरथावल क्षेत्र के गांव अलीगढ़ निवासी कलीराम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका पुत्र 18वर्षीय अंकित कुमार रविवार को दोपहर के समय रामपुर तिराहा पर ग्रामीणों के साथ कावड यात्रा देखने गया था वहां ग्रामीणों से बिछड़ गया। काफी तलाश करने पर कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने उसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाल-महिला कांवड़ियों का किया स्वागत

**बुढ़ाना।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व की शुभकामनाओं के साथ कांवड़ियों का अभिनन्दन किया गया। पवित्र मास श्रावण में बाल कांवड़ियों व महिला कांवड़ियों को अंगवस्त्र भेंटकर अभिवादन किया गया। एसडीएम मोनालिसा जौहरी, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव व महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा के नेतृत्व में शिवभक्त कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। चरण सिंह तिराहे बुढाना के पास पुलिस स्वागत व सहायता केंद्र आगमन पर शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा की गयी व फल बांटे गये। डॉक्टर राजीव कुमार, आर्य कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षकों व गाइड द्वारा स्वागत कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। श्रावण मास में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और भव्यता के साथ पूर्ण सम्पन्न कराने व बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध दिखा। श्रावण मास में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित व भव्यता के साथ पूर्ण कराने के उद्देश्य से एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार अमन कुमार, नायब तहसीलदार रोहित कुमार, महिला थानाध्यक्ष, दारोगा योगेश कुमार व प्रधानाचार्य प्रमेश की अगुवाई में आर्य कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षकों व गाइड द्वारा शिवभक्त बाल वद्य महिला कांवड़ियों को अंग वस्त्र देकर अभिनन्दन किया गया एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत कर फल बांटे।

## जल लेने जा रहे दो युवक घायल

**छपार।** बाइक से कावड लेने हरिद्वार जा रहे दो युवक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गंभीर घायल हो गये। पुलिस ने दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

जनपद बुलंदशहर के मोहल्ला देवीपुरा थाना नगर कोतवाली निवासी मोहित ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने साथी सोनू के साथ बाइक पर हरिद्वार गंगाजल लेने जा रहे थे सोमवार को सुबह साढ़े पांच बजे जब बरला ओवरब्रिज पर पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर घायल हो गये। पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोर का चरित्र हनन करने से परिजनों में रोष

**मोरना।** किशोर के साथ गांव के व्यक्ति द्वारा कुकर्म का प्रयास कर लगातार उसे ब्लैक मैल करने का मामला प्रकाश मे आया है। बालक के चरित्र हनन करने से परिजनों मे भारी रोष व्याप्त है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ककरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया की उसका 14 वर्षीय नाबालिग भाई गांव के ही व्यक्ति के पास कम्प्यूटर सीखने जाता था।वर्तमान मे वह सकॉलरशिप का फार्म चौक करने सेंटर पर जा रहा था की आरोपी उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा। और पैसे का लालच देकर शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश भी की।जिसके बाद आरोपी उसे ब्लैक मैल करने लगा।आरोपी ने मोबाइल द्वारा बार बार अश्लील भेजनें शुरू कर दिये व रात्रि मे पास आने के गंदे मेसेज भी मोबाइल पर सेंड किये। जिसके बाद पीड़ित मानसिक रूप से परेशान हो गया। आरोपी द्वारा बालक को बदनाम कर मानसिक प्रताड़ना शुरू कर दी। जिसके बाद पीड़ित बालक ने घटना के बारे परिजनों को बताया। घटना को लेकर परिजनों मे भारी रोष व्याप्त हो गया। परिजनों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार आरोपी अन्य के साथ भी इस प्रकार की घटना को अंजाम दे चुका है।

### महिला संग दुष्कर्म का प्रयास, साकिब को भेजा जेल



**भोपा।** खेतों से पशुओं का चारा लेकर लौट रही महिला को मुंह दबाकर बुरी नीयत से गन्ने के खेत में खींचकर दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा है।भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया था कि रविवार की सुबह वह जंगल से पशुओं का चारा लेकर घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में साकिब पुत्र मेहरबान निवासी गांव नंगला बुजुर्ग स्कूटी से वहां आया और उसे जबरदस्ती गन्ने के खेत में खींच कर दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध कर शोर मचाने पर एक राहगीर को आता देख वह मौके से फरार हो गया। रास्ते से गुजर रही डायल 112 पुलिस की गाडी को रोककर पीड़िता ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी साकिब को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि सोमवार को आरोपी साकिब को जेल भेजा गया है।

### भोले का जल गुम होने पर थाना प्रभारी ने दिया दूसरा जल



**बुढ़ाना।** एक शिविर में उस समय हंगामे की सी स्थिति पैदा हो गयी जब एक कांवडिये का जल गुम हो गया। तब बुढ़ाना महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा ने स्थिति को भांपते हुए तुरन्त परेशान कांवडिये को दूसरा जल मुहेय्या कराकर राहत की सांस ली। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे में लगे एक शिविर मे एक शिवभक्त कांवड़िया कुछ देर आराम करने के उद्देश्य से रुका था। इसी दौरान किसी कारणवश उसका जल गुम हो गया तो कांवडिया परेशान सा हो गया। तब इसकी सूचना किसी ने वहीं मौके पर मौजूद बुढ़ाना महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा को दी तो उन्होंने स्थिति की नाजुकता को भांपते हुए तत्काल परेशान कांवडिये को दूसरा जल देकर उसको गंतव्य की ओर रवाना किया और राहत की सांस ली।

# श्रावण के दूसरे सोमवार को शिवालयों में हुआ जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना भोपा क्षेत्र मे श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिवशंकर का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सुबह सवेरे हल्की बारिश के बीच श्रद्धालुओं की लम्बी कतारे मंदिरों मे लग गयी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल मौजूद रहा।

मोरना क्षेत्र के ग्राम ककराला स्थित प्राचीन सिद्धपीठ जुड़ेश्वर महादेव मन्दिर में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को श्रद्धा और आस्था के साथ सुबह सवेरे तीन बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार जलाभिषेक के लिये लग गयी।

हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने शिव पिण्डी पर जलाभिषेक किया।



ककराला,मोरना ,अथाई आदि गाँव के महिला व पुरुषों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की तथा बेलपत्र, धूप आदि अर्पित किये। क्षेत्र के गाँव वजीराबाद स्थित प्राचीन वनखंडी महादेव शिव मन्दिर में वजीराबाद व छछरौली के ग्रामीणों ने रिमझिम फुहारो के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक किया। फिरोजपुर में स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध नीलकण्ठ महादेव मन्दिर में भारी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शुकतीर्थ, फिरोजपुर व शुक्रतारी के ग्रामीणों ने नीलकंठ महादेव मन्दिर में जलाभिषेक किया कस्बा भोकरहेडी बाजार स्थित शिव मंदिर व शेरों वाले मंदिर में श्रद्धालुओं ने मनोकामना सिद्धि व परिवार की खुशहाली के लिये प्रार्थना की। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर मोरना व शुक्रताल चौकी पुलिस मौजूद रही।

# शिव मंदिर की की गई स्थापना



**सिखेड़ा/ जानसठ।** गांव सिखेड़ा में दुर्गा मंदिर में शिव मंदिर की स्थापना की गई जिसमें सिखेड़ा गांव के समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे और उद्घाटन मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह के द्वारा किया गया। सोमवार को सिखेड़ा के प्राचीन दुर्गा मंदिर में शिव मंदिर की स्थापना की गई जिसका उद्घाटन मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह के द्वारा किया गया तो वही भाकियू के ग्राम अध्यक्ष नरेंद्र सिंह व मंदिर कमेटी अध्यक्ष नरेश कालखंडे ने जानकारी देते हुए बताया, कि प्राचीन दुर्गा मंदिर में शिव मंदिर की स्थापना विधि विधान के साथ की गई जिसमें समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहा। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष नरेश कालखंडे, सत्येंद्र, रविंदर, अजय पाल, नरेंद्र सिंह किसान यूनियन ग्राम अध्यक्ष सिखेड़ा व सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

# तहसील परिवार ने एकदिवसीय कांवड़ सेवा शिविर का किया आयोजन

**जानसठ।** तहसील परिवार एक दिवसीय कावड़ सेवा शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल व लोक दल की विधायक मिथलेश पाल द्वारा फिता काटकर किया गया। तो वही मुख्य अतिथि व तहसील परिवार द्वारा कावड़ियों पर फूलों की वर्षा की भी गई।

सोमवार को तहसील परिवार द्वारा एक दिवसीय कावड़ सेवा शि. विर लगाया गया जिसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल व लोक दल की विधायक मिथलेश पाल द्वारा फीता काट कर किया गया । इस दौरान कावड़ियों पर फूलों की वर्षा कर फल खीर व हलवे का प्रसाद वितरित किया गया इस दौरान एडीएम गजेंद्र कुमार,



एसडीएम जयेंद्र सिंह, सीओ ,तहस. ीलदार श्रद्धा गुप्ता लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष प्रवीण कुमार पूर्व अध्यक्ष चंद्रपाल शर्मा, बृजेश रस्तोगी, मंडल अध्यक्ष रोहित खत्री, राजीव गुप्ता, सुरेंद्र बंसल, कैलाश सैनी अरविंद पाराशर हिमांशु मोनू तुषार उदित लोकेश पंडित आकाश आदि मौजूद रहे।

## संविधान मान स्तंभ दिवस में मुख्य अतिथि होंगी सांसद इकरा हसन

**मुजफ्फरनगर।** सपाईयों ने 26 जुलाई को 'संविधान मान स्तंभ दिवस' मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। महावीर चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर सुबह 10 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जिसमें विशेष रूप से आरक्षण जैसे संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण और महत्व पर चर्चा की जाएगी। सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपा की कैराना लोकसभा सीट से सांसद इकरा हसन मौजूद रहेंगी। संगठन इसके लिए अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# सूदखोरों ने पड़ौसी को मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बिना लाइसेंस के ब्याज का काम कर रहे दबंगों ने बिना बात ही पड़ोसी युवक की पिटाई कर दी। इस मामले को लेकर मौहल्ले के लोगों में सूदखोरों के प्रति भारी रोष है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला पीरशाह विलायत निवासी तोसीफ कुरैशी पुत्र अमजद आज सोमवार की सायं अपने घर पर मौजूद था। आरोप के मुताबिक तब वहां पर मौहल्ले के ही कल्लू और आसू आदि लोग आए और तोसीफ को ललकार कर बाहर आने को कहा। तोसीफ जैसे ही अपने घर से बाहर आया तो उन्होंने तोसीफ की लात मुक्कों से पिटाई कर दी और कहा कि तुमने हमारे खिलाफ दो दिन पहले जो बैठक की है उसका खामियाजा तुम सभी को भुगतना पड़ेगा।

तोसीफ की आवाज सुनकर मौके पर आए अन्य मौहल्ले के लोगों को देखकर आरोपी तोसीफ को हत्या की धमकी देते हुए फरार हो गये। बताया जाता है कि दो दिन पहले मोहल्ले के लोगों ने एक बैठक करके बिना किसी का नाम लिए हुए बढ़ती सूदखोरी को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की थी। बस इसी बात से चिढ़कर आज तोसीफ पर जानलेवा हमला किया गया क्योंकि मौहल्ले के लोगों के मुताबिक आरोपी बिना लाइसैंस कै सूदखोरी का काम करके लोगों के घरों और दुकानों को कब्जाने का काम करते हैं। पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए मारपीट करने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर मौहल्ले के लोगों ने भी सूदखोरों के खिलाफ एसडीएम से एक मुहिम चलाने की गुहार लगाई है ताकि सूदखोरों का शिकार होने से गरीब वर्ग बच सके।

# कांवड़ सेवा में जुटी भाकियू क्रान्तिकारी, बांटे पेयपदार्थ

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा के दौरान भारतीय किसान यूनियन क्रान्तिकारी ने सोमवार और रविवार को क्षेत्र में सेवा भाव का परिचय देते हुए कांवड़ियों को शीतल पेयपदार्थ वितरित किए। इस सेवा कार्य में संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुज़फ्फरनगर जिला अध्यक्ष डॉ. संजय चौहान, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जगपाल सिंह, सेवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजीव राणा, जिला सचिव मनोज सोम, जिला सचिव सेवा मनोज राणा, जिला सलाहकार डॉ. प्रदीप मेहरा, ग्राम मढकरीमपुर के ग्राम महासचिव मोहित शर्मा, ग्राम



उपाध्यक्ष रामभुल सिंह, तहसील उपाध्यक्ष सेवा अंशुल पंडित, अतर सिंह, लवीश पंडित सहित अनेक ग्रामीणों ने कांवड़ियों की सेवा में सहभागिता निभाई। यूनियन पदा. धिकारियों ने बताया कि यह सेवा कार्य आगे भी जारी रहेगा और हर साल की तरह इस बार भी कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की हर संभव मदद की जाएगी। ग्रामीणों ने भी इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा मार्ग पर लगाए गए सेवा शिविर में कांवड़ियों को शीतल जल, ऊर्जा पेय और अन्य पेय पदार्थ वितरित किए गए। यात्रियों ने इस सेवा कार्य की सराहना की और आभार प्रकट किया।

# राम मंदिर पंजाबी कॉलोनी में कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** पंजाबी कॉलोनी स्थित राम मंदिर में सावन माह के पावन अवसर पर शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा हेतु एक भव्य कावड़ सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

इस सेवा शिविर का शुभारंभ मीरापुर के सफाई कर्मचारी अनिल कुमार द्वारा विधिवत रूप से किया गया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि शिव भक्तों की सेवा ही सच्ची भक्ति है, और समाज के हर वर्ग को इस पुण्य कार्य में सहभागी बनना चाहिए।

सेवा शिविर के आयोजन में अनेक समाजसेवी व श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। दर्शन लाल सुखीजा, पूर्व विधायक सुरेश चंद तितोरिया, अशोक सुखीजा, सुरेन्द्र तरीका,



बंटी सरदार, सतनाम सरदार जी, चिराग तरीका, रामकिशन ग्रोवर, सुरेश तिरोरिया, विक्की अरोरा, सेवा सरदार जी, रामकिशन तरीका, मनु कोचर, सतीश तरीका व लक्की खुराना जैसे प्रमुख सहयोगियों की उपस्थिति ने शिविर में उत्साह का संचार किया। इस सेवा शिविर में कांवड़ यात्रियों के विश्राम, जलपान, भजन कीर्तन और प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की गई है। गर्मी और थकान से राहत दिलाने हेतु शीतल जल, दूध, शरबत व फल वितरण की व्यवस्था भी की गई है। इसके साथ ही यात्रियों को आध्यात्मिक वातावरण देने हेतु राम मंदिर में भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। सेवा शिविर का उद्देश्य न केवल कांवड़ यात्रियों को शारीरिक राहत देना है, बल्कि उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा भी प्रदान करना है।

# रालोद विधायक ने भोलों पर की पुष्प वर्षा

**बुढ़ाना।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक राजपाल सिंह बालियान ने आज सोमवार के दिन बुढ़ाना तहसील के समीप पहुंचकर तहसील कर्मियों के संग अपने गंतव्य की और बढ़ रहे कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की और उनकी मंगलमय यात्रा की सकुशलता की प्रार्थना ईश्वर से की।

सडक पर चलते हुए शिव भक्तों पर जब पुष्प वर्षा की गयी तो पुष्प वर्षा होते देखकर कांवड़िए अभिभूत हो गए।

यहां पर सभी कांवडियों को केले, ठंडी फूटी और ठंडा जलजीरा भी बांटा गया। जिसे देखकर कांवडियें काफी प्रसन्न नजर आए। रालोद विधायक राजपाल बालियान ने कहा कि भोलों की सेवा करने से ईश्वर प्रसन्न होते हैं। इसलिए भोलों



की सेवा करनी चाहिए। इस दौरान यहां पर रालोद के वरिष्ठ नेता बाल किशोर त्यागी, रालोद के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सहरावत, बुढ़ाना लेखपाल संघ के अध्यक्ष ओमप्रक. ाश सिंह, लेखपाल गौरव कुमार, लेखपाल मोहित कुमार, नायब तहसीलदार रोहित कुमार, कानूनगो सहन्सर पाल, कानूनगो कैलाश चन्द, मोहम्मद नूर आलम एडवोकेट, कमल ठाकुर और अब्दुल कलाम नेताजी समेत अन्य कई तहसीलकर्मियों की उपस्थिति देखने को मिली।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दो घरों से लाखों के जेवरात व दस्तावेज गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र के गांव जाफरपुर में बीती रात चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर ने दो घरों में घुसकर कीमती जेवरात, नगदी और जरूरी दस्तावेज चोरी कर फरार हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी चकमल पुत्र बल्लू और सुरेंद्र पुत्र श्यामलाल के घरों में चोर दीवार फांदकर घुसा और अलमा. रियों के ताले तोड़ दिए। चकमल के घर से सोने-चांदी के कीमती आभूषण, रु. 5000 नकद और एक घड़ी चोरी हुई। वहीं सुरेंद्र के घर से रु. 20,500 नकद, ट्रैक्टर के काग. जात, बेटी की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व बीए की मार्कशीट, पैन कार्ड, आधार कार्ड आदि दस्तावेज चुराए गए। सुबह जब परि. जनों की नींद खुली तो घटना का पता चला, जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई, जिसमें एक युवक की संदिग्ध गति. विधियां रिकॉर्ड हुईं। फुटेज के आधार पर ग्रामीणों ने युवक की पहचान सलीम पुत्र तहसीन निवासी गढ़ी अब्दुल्ला के रूप में की और तुरंत डायल 112 को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आरोपी सलीम को रास्ते से पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ में सलीम ने चोरी की वारदात को कबूल कर लिया। पीड़ित चकमल और सुरेंद्र ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। मामले में विधिक कार्यवाही जारी है।

## चौसाना में दो चोर गिरफ्तार, मोबाइल व तमंचा बरामद



**चौसाना।** क्षेत्र की चौकी चौसाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरों के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन, एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार, 12 जून को गढ़ी हसनपुर निवासी दयाराम ने अपने घर से मोबाइल चोरी होने की शिकायत थाना झिंझाना में दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की गई। इसी क्रम में 21 जुलाई को चौकी चौसाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में चौसाना बाइपास पर चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इस्तकार उर्फ चितली पुत्र नसीर निवासी गढ़ी हसनपुर और इकराम पुत्र इनाम निवासी ग्राम खानपुर थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। इनके पास से दो मोबाइल फोन और एक 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया चोरों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। चेकिंग के दौरान इन दोनों को पकड़ा गया। अवैध असलहे और चोरी का माल इनके पास से मिला है।



थानाभवन। भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे सुरेश राणा।

# महादेव मंदिर पंवार खेड़ा की सड़क का सुरेश राणा ने किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** अति प्राचीन सिद्ध पीठ महादेव मंदिर पुंवारखेड़ा पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ ही वर्षों पुरानी मुख्य मार्ग से गांव को जोड़ने वाली 1 किमी लंबी नवनिर्माण की सड़क मण्डी समिति विभाग द्वारा स्वीकृत का शिलान्यास भी किया।

दरअसल आपको बता दे की मंदिर के पास लंबे समय से रास्ते की दिक्कत होती आ रही थी, जिसको लेकर ग्रामीणों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा से सड़क निर्माण किए जाने की मांग की थी। मंदिर परिसर से लेकर और लिंक मार्ग तक 1 किलोमीटर लंबे इस कच्चे मार्ग के निर्माण का पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने शिलान्यास किया।

जल्दी है सड़क बनकर तैयार हो जाएगी जिससे मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर ठाद्व सोमबीर प्रधान, अशोक शर्मा प्रधान भंदोडा, नरेश मास्टर, चौधरी वीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ. नीरज मैनपाल सैनी, ठा. मैनपाल सिंह, नरेश तोमर, अजब सिंह सैनी, बिजेंद्र शास्त्री, रामभूल शर्मा, नीरज शर्मा, सूर्या प्रधान तितारसी, सुरेश वाल्मीकि, अनिल कुमार गन्ना समिति डायरेक्टर, कुलदीप मास्टर एवं आशू शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चौसाना बिजली उपकेंद्र पर आज लगेगा समाधान कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** आज बिजली विभाग की ओर से समाधान कैंप लगाया जाएगा। यह कैंप चौसाना उपकेंद्र परिसर में सुबह 10 बजे से लगाया जाएगा, जिसमें उपभोक्ताओं की बिजली से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

उपभोक्ता अपने खराब बिल, ज्यादा रीडिंग, फॉल्स चार्जेस, जमा भुगतान की एंट्री न होने, ट्रांसफर, लोड बढ़ाने या घटाने, व नाम परिवर्तन से संबंधित समस्याओं को कैंप में हल करवा सकेंगे। इस मौके पर बिल जमा करने की भी व्यवस्था की जाएगी। विभाग के अवर अभियंता जई आजम अकबर ने बताया कि विभाग उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से यह कैंप आयोजित कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का बिल खराब है, वह बिना किसी झिझक के कैंप में आकर बिल सही करा सकते हैं। इसके अलावा जिनके कनेक्शन में तकनीकी गड़बड़ी, ओवरबिलिंग, लोड परिवर्तन या अन्य कोई समस्या है, उनका समाधान भी मौके पर किया जाएगा। कैंप में बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे जो शिकायतें सुनकर तुरंत समाधान सुनिश्चित करेंगे। अवर अभियंता ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस मौके का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का निवारण समय रहते कराएं। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर उपभोक्ताओं को बिल की गड़बड़ियों व कनेक्शन से जुड़ी समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है।

# बीएसएफ जवान ने अमेरिका में दो रजत पदक पाकर किया थानाभवन क्षेत्र का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** सीमा सुरक्षा बल के जवान रवि कुमार ने अमेरिका के बमिंघम में आयोजित 2025 विश्व पुलिस और फायर गेम्स (डब्ल्यूपीएफजी) में दो रजत पदक हासिल करके भारत को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करते हुए रवि ने ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डिस्कस थ्रो और शॉटपुट दोनों में रजत पदक अर्जित किए। इससे वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी। विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल, सार्वजनिक सुरक्षा कर्मियों की भागीदारी वाली एक ओलंपिक शैली की प्रतियोगिता है, जो 27 जून को शुरू हुई। थानाभवन क्षेत्र के ग्राम



कादरगढ़ निवासी किसान अशोक के पुत्र रवि कुमार ने बीएसएफ का प्रतिनिधित्व करते हुए कुमार को थ्रोइंग स्पर्धाओं में कड़ी टक्कर दी। प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए उन्होंने डिस्कस थ्रो और शॉटपुट में दो रजत पदक जीते। यह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि को दशाते हैं, बल्कि भारत के अर्धसैनिक बलों के कठोर प्रशिक्षण और अनुशासन को भी दशाते हैं। विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल, सार्वजनिक सुरक्षा कर्मियों की भागीदारी वाली एक ओलंपिक शैली की प्रतियोगिता है। रवि कुमार ने स्पर्धाओं के बाद कहा कि दुनिया के बेहतरीन प्रतिक्रियाकर्ताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करना और भारत के लिए पदक लाना सम्मान की बात है। उनकी यह उपलब्धि राष्ट्रीय गौरव की बात है। सैमफोर्ड यूनिवर्सिटी ट्रैक एंड फील्ड कॉम्प्लेक्स में कुमार के उल्लेखनीय प्रदर्शन ने उनकी ताकत, समर्पण और एथलेटिक कौशल को दर्शाया, जिससे वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी। ग्राम प्रधान कादरगढ़ निरालासी प्रधान प्रमोद राणा ने बताया बीएसएफ के जवान रवि कुमार ने देश के साथ साथ जिले और गांव का नाम भी रोशन किया रजत पदक जीतने पर प्रधान ने रवि कुमार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### सरकारी हैंडपंप पर कर लिया अवैध कब्जा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के माजरा रोड़ स्थित नवीन मंड़ी गेट पर एक मकान मालिक द्वारा नगर पालिका द्वारा लगाया गया सरकारी हैंडपंप निर्माण कर अपने मकान में कर लिया गया। जिसकी सूचना पर ईओ सहित नगर पालिका टीम मौके पर पहुंची। उन्होने मकान मालिक को 24 घंटे का समय देते हुए अवैध निर्माण को हटाने के निर्देश दिए है। सोमवार को नगर पालिका ईओ विनोद कुमार सोलंकी को सूचना मिली कि शहर के माजरा रोड़ स्थित नवीन मंड़ी गेट के सामने एक निर्माणाधीन मकान मालिक द्वारा नगर पालिका द्वारा लगाए गए सरकारी हैंडपंप पर अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया गया है। यही नही हैंडपंप को निर्माण में दबाकर खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। सूचना पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, जेई जल विभाग हर्षिक गर्ग नगर पालिका टीम को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और उन्होन अवैध रूप से किए हैंडपंप पर कब्जे को हटाने के निर्देश दिए। ईओ ने 24 घंटे का समय देते हुए अवैध निर्माण न हटाए जाने पर जेसीबी मशीन से निर्माण ध्वस्त कराने की चेतावनी दी है।

### गोशाला में किया गया नंदी पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सावन माह के दूसरे सोमवार को गोवंश की सेवा के लिए शहर के नवीन मंडी स्थित गौशाला में नंदी पूजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सावन के द्वितीय सोमवार को नंदी पूजन कार्यक्रम ईओ विनोद कुमार सोलंकी द्वारा रखा गया। कार्यक्रम मे चेयरमैन अरविंद संगल द्वारा पूजन संपन्न कराया गया। उन्होने कहा कि हिंदू धर्म में नंदी को 18 सिद्धों में प्रमुख माना जाता है। नंदी के कानों में प्रार्थना करते हुए अपने मन की इच्छा बताते हैं, तो आप अपने होंठ को दोनों हाथों से ढक लेना, तत्पश्चात नंदीजी से प्रार्थना करना कि भगवान शिव से हमारे लिए यह प्रार्थना कर दो, नंदी प्रार्थना को भगवान शिव तक अवश्य पहुंचाएंगे और आपकी मनोकामना पूर्ण होगी। नंदी की पूजा की शुरुआत सभी देवी देवताओं के आ]वान से की गई। तत्पश्चात पांच नंदियों को गंगाजल से नहलाया गया, सिंदूर व चंदन का तिलक लगाया गया, चावल अर्पित किए गए, माला पहनाई गई, फल, मिठाई, केला एवं गुड आदि खिलाया गया। इस अवसर पर गौशाला संचालक दिनेश कुमार, ब्रांड एंबेसडर प्रदीप संगल, ब्रांड एंबेसडर बीना अग्रवाल, सफाई इंस्पेक्टर अनिल कुमार, जेई कांत राणा, जेई हर्षित गर्ग, चंद्र किशोर, योगेश, अनिल कुमार शर्मा, डा। मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### एक अभियुक्त गिरफ्तार, चाकू बरामद

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना बाबरी पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से 1 अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त रविन्द्र पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम कंजरहेड़ी थाना बाबरी जनपद शामली है।

### गो तस्कर के विरुद्ध एनएसए की कार्रवाई

**शामली।** 23.4.2025 को थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला काजीवाड़ा में कोतवाली शामली पुलिस को गौकशी की सूचना प्राप्त हुई थी। थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए घटना में लिप्त व्यक्तियों की पहचान कर अभियुक्तगण के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए घटना में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। उक्त घटना को लेकर आमजनमानस में काफी रोष व्याप्त था । इनके इस कृत्य के कारण लोक-व्यवस्था भंग होने की सम्भावना थी। रामसेवक गौतम के आदेशानुसार गोकशी की रोकथाम एवं गोतस्करों के विरुद्द कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला काजीवाड़ा में हुई गौकशी की घटना में लिप्त अभियुक्त इसाम उर्फ हिसाम पुत्र शमीम निवासी आजाद चौक, मौहल्ला काजीवाड़ा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली व दिनांक 28.5.2025 को वांछित 25,000/-रुपए के ईनामी गो-तस्कर सलमान पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला आजाद चौक काजीवाडा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली को बाद पुलिस मुठभेड़ गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई थी। 26.5.2025 को गो-तस्कर इसाम उर्फ हिसाम पुत्र शमीम निवासी आजाद चौक, मौहल्ला काजीवाडा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली एवं 26.6.2025 को गौ-तस्कर सलमान पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला आजाद चौक काजीवाड़ा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्द प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी शामली के आदेशानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उपधारा 2 के अन्तर्गत निरुद्द किया जा चुका है। इसी क्रम में समीर पुत्र शमीम निवासी मौहल्ला आजाद चौक काजीवाडा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्द डीएम के आदेशानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उपधारा 2 के अन्तर्गत निरुद्द किया गया है।

# यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक चैंपियनशिप के लिए हुआ ट्रायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को शहर के उधम सिंह स्टेडियम में 28वीं यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक्क चौंपियनशिप के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे खिलाड़ियों ने अपने चयन के लिए जमकर पसीना बहाया।

एथलेटिक्स एसोसिएशन शामली सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि 28वीं यूपी स्टेट सीनियर एथलीट चौंपियनशिप के लिए ट्रायल हुआ जिससे चयनित खिलाड़ी सीधे गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कॉलेज स्टेडियम लखनऊ में 29 से 30 जुलाई को प्रतिभा करेंगे। बताया कि ट्रायल में 100 मीटर दौड़ में अभय यादव प्रथम, हर्ष द्वितीय, 200 मीटर में आयुष प्रथम, हर्ष द्वितीय, 400 मीटर में अवधेश प्रथम, आयुष द्वितीय, 800 मीटर में शोएब प्रथम, कपिल द्वितीय, 1500 मीटर में ऋतिक देओल प्रथम, अक्षय द्वितीय, 5 किलोमीटर दिव्यांश प्रथम, रोहित द्वितीय, सचिन मान तृतीया, 10 किलोमीटर में सचिन प्रथम, रोहित द्वितीय, 3 किलोमीटर स्टेपलचेज में लविश कुमार प्रथम, दिव्यांश द्वितीय, सुमित तृतीया, 110 मीटर हर्डल में सचिन कुमार प्रथम, राजा द्वितीय, हैमर थ्रो में अमित पुंडीर प्रथम, रंजीत द्वितीय, जैवलिन थ्रो में आक. ाश प्रथम, हिमांशु द्वितीय, महिला वर्ग 100 मीटर दौड़ में आंचल प्रथम, शगुन द्वितीय, विशाखा तृतीय, 200 मीटर में अनुष्का शर्मा प्रथम, आयुषी द्वितीय, विशाखा तृतीया रही। 400 मीटर में आयुषी प्रथम, रानी द्वितीय, शॉट पुट में अनुष्का शर्मा प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय, लंबी कूद में शगुन प्रथम, नैंसी द्वितीय रही। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी आकाश पंवार, प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर, आजाद चौधरी, अनिल कुमार, अजय कुमार, सनी कुमार, विक. सित तोमर आदि मौजूद है।



# वर्ल्ड सीरीज फिटनेस रेसिंग में जिले के होनहारों ने दिखाया कमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिल्ली में आयोजित कंट्रीज वर्ल्ड सीरीज फिटनेस रेसिंग प्रतियोगिता में शामली जिले के होनहारों ने परचम लहराया है। प्रतियोगिता के बाद चारों प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हाय रॉक्स द्वारा आयोजित द्वारिका दिल्ली के यशोभूमि स्टेडियम में पूरे विश्व के 2600 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में वर्ल्ड सीरीज ऑफ फिटनेस रेसिंग 8 किमी व 8 स्ट्रेन्थ वर्कआउट में शामली जनपद के जिम कोच राहुल निर्वाल, प्रसून जैन, आदित्य कुमार, सिद्धार्थ पंवार ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में शामली जिले के चारो प्रतिभागियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के संचालको द्वारा चारो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चारों प्रतिभागियों के शामली पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। चारों प्रतिभागियों ने युवाओं को फिटनेस संबंधी टिप्स दिए। जिम संचालक अमित निर्वाल, अजित निर्वाल, विनय, सागर त्यागी, अनुज निर्वाल, विवेक कालखंडे, सन्नी निर्वाल, अनिल, राजीव निर्वाल ने फूल मालाओं से खिलाड़ियों का स्वागत किया है।




शामली। वर्ल्ड सीरीज फिटनेस रेसिंग में विजेता खिलाड़ी।

## करंट की चपेट में आने से दंपति की मौत

**बुलंदशहर।** थाना चोला क्षेत्र के गांव बिरौडी ताजपुर में चारपाई पर सो रहे एक वृद्ध दंपति की पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। दंपति की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव बिरौड़ी ताजपुर निवासी 70 वर्षीय फराकत अली पुत्र असफाक अली और उसकी पत्नी 65 वर्षीय हसरत बेगम रविवार की रात घर में चारपाई पर सो रहे थे। पास में ही तूफान पंखा चल रहा था। बताया कि अचानक दंपति में से किसी का हाथ पंखे से छू गया। जिसमें उतर रहे करंट की चपेट में आकर दोनों की मौत हो गई। सोमवार की सुबह जब परिवार के अन्य लोग जागे, तो उन्हें दंपति मृत अवस्था में मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने कार्रवाई से इंकार कर दिया। दंपति की करंट लगने से मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। जिसने भी सुना वह दंपति के घर पर पहुंच गया। वृद्ध पति-पत्नी के शव को देखकर हर किसी की आंखें नम हो गई।

## 108 विव्रत सागर महाराज ने की अमृत वर्षा



**शामली।** दिगंबर जैन साधु सेवा समिति द्वारा आयोजित चतुर्मास के दौरान 108 विव्रत सागर महाराज ने ज्ञान की अमृत वर्षा करते हुए कहां कि हर जीव धर्मानुसार जीना चाहता है, पर वास्तव में धर्म में जीवन जीना अत्यंत दुर्लभ है। धर्म वस्तु का स्वभाव है। शुद्ध आत्मा केवल आत्मा की स्थिति में ही संभव होता है। पूजा, व्रत, भक्ति जैसे कर्तव्य धर्म की ओर जाने का साधन हैं। धर्म एक मंजिल है, जब आत्मा अपने स्वभाव को प्राप्त कर लेती है। कहा कि जैसे शिक्षा में क्रम होता है, वैसे ही धर्म मार्ग पर भी क्रम है। पहले मंदिर जाना, अभिषेक, चढ़ावा, व्रत इत्यादि सीखाए जाते हैं। फिर धीरे-धीरे श्रावक के छह कर्तव्यों की ओर अग्रसर किया जाता है। देव पूजा, गुरु प्रास्ति, स्वाध्याय, संयम, तप और दान। किंतु इस मार्ग पर आगे बढ़ने से पहले सच्चे देव, शास्त्र और गुरु पर अडिग श्रद्धा आवश्यक है। जैन दर्शन में इन्हें नाम से नहीं, गुणों से पहचाना जाता है। एक बार जब श्रद्धा जाग जाए, तब अपनी बुद्धि न लगाकर गुरु वचनों का पालन करना चाहिए। चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्जवलित कमल जैन परिवार, पाद प्रक्षालन विनय जैन, रीना जैन, शास्त्र भेंट हिमानी जैन ने किया।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय शामली व संगठन टीम का जोरदार भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय उपाध्याय योगी चेतना मंच सेवा समिति रजि 914 संगठन के फायर ब्रांड राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय शामली, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रामफल उपाध्याय ककौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मबीर जोगी नोयडा, राष्ट्रीय उपाध्ययक्ष चंद्रपाल उपाध्याय बड़ौत, संरक्षक प्रधानाचार्य मांगेराम उपाध्याय, बड़ौत, मीडिया प्रभारी आशीष देहली, राष्ट्रीय सचिव मास्टर छत्रपाल जोगी, जिलामहासचिव संजय उपाध्याय गेजा, जिला उपाध्यक्ष ओमबीर उपाध्याय नोयडा 20 जुलाई को फरीदाबाद में पहुंचते ही फरीदाबाद उपाध्याय समाज के गणमान्य सरदारों



ने फरीदाबाद में जगह जगह बहुत ही जोरदार स्वागत किया राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने हरियाणा राज्य का संगठन विस्तार करते हुए फरीदाबाद निवासी जलसिंह योगी जी को हरियाणा राज्य की कमान सौपी। फरीदाबाद में बड़े स्तर पर संगठन की टीम खड़ी की गई। फरीदाबाद में फायर ब्रांड राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय जी जिंदाबाद जिंदाबाद के नारों से फरीदाबाद चारो ओर से गूंज उठा फरीदाबाद समाज के लोगो ने कहा कि हम राष्ट्रीय उपाध्याय चेतना मंच के बारे में हमने बहुत सुना है और विशेषकर राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय जी के जमीनी स्तर पर संघर्ष , आंदोलन ,धरने, प्रर्दशन , थानों के घेराव सिर्फ व्हाट्सएप मोबाईल पर देखते हैं लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय जी को फरीदाबाद में अपने बीच पाकर बहुत खुशी महसूस की। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय जी का फरीदाबाद आगमन पर जोरदार उत्साह देखने को मिला व भव्य स्वागत किया राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने कहा कि हम सभी को समस्त भारत मे समाज के लोगो को संगठित होकर सामा. जिक संगठन को मजबूत करना होगा राजनीति क्षेत्र में समाज बहुत पिछड़ा हुआ है।

# शव कावड़ सेवा समिति द्वारा कावड़ियाओं की भोजन की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के हाल में नीलकंठ शिव कावड़ सेवा समिति के तत्वाधान में अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने बताया कि पंचमुखी शिव मंदिर में भारी संख्या में शिव भक्त आकर विश्राम करते हैं जिनकी सेवा में अपने निजी निवास पर कावड़ियाओं की सेवा में भोजन की व्यवस्था की जाती है। नाश्ते से लेकर दोपहर के भोजन का प्रबंध किया गया है। बड़े श्रद्धा भाव के साथ घर का बना हुआ भोजन कावड़ियों को खिलाया जाता है जिसमें पूरी सब्जी दाल चावल खीर रोटी अलग-अलग तरीके के पकोड़े का विशेष प्रबंध किया गया है। इसी के साथ रात के समय में दूध का प्रबंध भी किया गया है। काफी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार से कावड़ लाने वाले शिव भक्त पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में आकर रुकते है। उनकी विशेष व्यवस्था यहां की गई है लगभग 30 वर्ष से यह कार्य पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में किया जाता है। कमेटी के अध्यक्ष अशोक भारद्वाज सुरेश भारद्वाज मनीष भारद्वाज आदि लोग कावड़ियों की सेवा में जुटे हुए है।

# बूंदाबांदी के बीच तेजी से आगे बढ़ रहे शिवभक्त, समाजसेवी कर रहे सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हरिद्वार से गंगाजल लेकर शिवालयों की ओर जाने वाले राजस्थान और हरियाणा के शिवभक्त कांवड़ियों के कदम तेजी से बढ़ रहे हैं। सोमवार को बूंदाबांदी के बीच भी कंधे में रंग बिरंगी कांवड लेकर शिवभक्त भगवान शिव के जयकारों के साथ अपने अपने शिवालयों की ओर बढते जा रहे है।

जैसे-जैसे शिवरात्रि नजदीक आती जा रही है, कांवड़ियों की संख्या और उनके कदम भी तेजी से आगे की ओर बढ़ते जा रहे हैं। राजस्थान और हरियाणा के कांवड़िए एमएसके रोड़ से तेजी से शिवालयों की ओर बढ़ रहे हैं। डाक कांवड़ियों के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है, जिनको कलक्ट्रेट चौराहा बाईपास से सीधे पानीपत खटीमा मार्ग पर निकाला जा रहा है। कलक्ट्रेट चौराहे पर भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है, जिसकी कमान स्वयं एएसपी संतोष कुमार सिंह संभाल रहे है। एएसपी के नेतृत्व में कांवड़ मार्ग डयूटी में लगे पुलिसकर्मी अलर्ट है। सोमवार को एसपी रामसेवक गौतम ने भी कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया और कांवड़ मार्ग पर बाहरी वाहनों का प्रवेश सख्ती से बंद रखने के निर्देश दिए है। उन्होने बरसात के मौसम में भी पुलिस कर्मियों को डयूटी से न हटने की हिदायत दी है। इसके अलावा शहर के शिवचौक पर शहर का कंटौल रूम बना है। शहर में हर तरफ बाबा के भक्तों केसरिया रंग नजर आ रहा है। पूरा शहर शिवमय हो गया। हर तरफ बम-बम भोले के जयकारे व भोले के भजनों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। कांवड़िए भारी संख्या में शहर से गुजरते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़े चले जा रहे हैं। कंधे में रंग बिरंगी कांवड लेकर शिवभक्त बढते चले जा रहे है। कांवडियों की संख्या बढने के साथ ही कांवड मार्ग को पूरी तरह से खाली कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर पालिका कर्मचारी लगे हुए है। हरिद्वार से आने वाले कांवडिया शहर के शिव चौक पर भगवान शिव की प्रतिमा की परिक्रमा कर आगे बढ रहे है। सवेरे से बूंदाबांदी होती रही और आसमान में काले बादल छाए रहने से कांवड़ियों को अपने गणत्वयों की ओर बढ़ने में



काफी आसानी रही। अन्यथा पिछले कई दिनों से चिलचिलाती धूप निकलने से कांवड़ियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा है।













## पूरे शहर में बैरिकेडिंग होने से आम नागरिक परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा पूरे शहर में बैरिकेटिंग कर रास्ते बंद किए जाने से नागरिक परेशान है। गली मौहल्लों से लेकर बाजारों और चौक चौराहों पर की गई बैरिकेटिंग के कारण लोगों को आने जाने में दिक्कते हो रही है। शहर के शहर में अपने घर तक जाने में भी लोगों को कई मिलोमीटर अतिरिक्त चलना पड रहा है। शहर के विजय चौक पर बैरिकेटिंग कर श्रद्धालुओं को शिवालय जाने से रोके जाने पर भी लोगों ने पुलिस पर अभद्रता का भी आरोप लगाया है।

कांवड़ यात्रा को लेकर जहां जनपद पुलिस प्रशासन ने 11 जुलाई से ही रूट डायवर्जन लागू कर दिया था वही दिन प्रतिदिन पुलिस द्वारा शहर के मुख्य मार्गो को बंद किए जाने का सिलसिला जारी रहा। पुलिस द्वारा शहर की सडकों को भी पूरी तरह से वनवे बना दिया है। यही नही शहर के बडा बाजार, नेहरू मार्किट, गांधी गंज मंडी, मिल रोड, सीबी गुप्ता कालोनी, आर्य पुरी, दिल्ली रोड, पर बैरिकेटिंग कर रास्तों को पूरी तरह से बंद किया गया है। इससे न केवल शहर के नागरिकों को असुविधा हो रही है बल्कि लोगों को अपने घर तक जाने में कई किलोमीटर अतिरिक्त चलना पड़ रहा है। गत रविवार देर शाम शहर के विजय चौक से गुलजारी वाला शिव मंदिर जाने वाले रास्ते को ही पुलिस द्वारा बैरिकेटिंग कर बंद कर दिया गया। यहां से जाने वाले श्रद्धालुओं को काकानगर से होकर भेजा जा रहा है। जिससे श्रद्धालुओं पर रोष फैल गया। श्रद्धालुओं ने वहां तैनात पुलिसकर्मियों पर अभद्रता करने का भी आरोप लगाया है। श्रद्धालुओं का कहना था कि कुछ बाहरी लोगों को डयूटी लगाई है, जो पुलिसकर्मी भी नही है। ऐसे में वह आते जाते लोगों को दुर्व्यवहार कर रहे है। उन्होने मामले की शिकायत एसपी रामसेवक गौतम से भी की है।

## दूसरे सोमवार को शिवालयों में भगवान आशुतोष का हुआ जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सावन माह के दूसरे सोमवार को शहर के सिद्धपीठ शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में हर-हर महादेव के नारे गूंजाएमान रहे। शहर में हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आने वाले शिव भक्तों का आगमन हो गया है। जो भोले शंकर के जयकारे लगाते हुए अपने गणत्वयों की ओर रवाना हो रहे है।

सावन माह के दूसरे सोमवार को शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोले शंकर को नहला कर विशेष पूजा अर्चना की। आदिनाथ का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में भक्तों की लंबी लाइने लगी रही। श्रद्धालु महिलाओं ने मंदिरों में कीर्तन किया। सावन शुरू के मद्देनजर मंदिरों का सजाया गया है। शहर के सिद्धपीठ मंदिर गुलजारी वाला में सवेरे भगवान शिव को जलाभिषेक किया गया। इसके अलावा माजरा रोड स्थित सिद्धपीठ भाकूवाला मंदिर वाला, सदाशिव मंदिर रेलवार, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सतीवाला, हनुमान धाम स्थित शिव मंदिर, सुभाष चौक स्थित शिव मंदिर, गांधी चौक स्थित कुटी वाला शिव मंदिर में सवेरे से ही पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने अपने अपने शिवालयों में भगवान आशुतोष को जलाभिषेक कर परिवार की सुख स्मृद्धि की कामना की। मंदिरों में जलाभिषेक के मददनेजर पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया था। वही शिव मंदिरों में जलाभिषेक को लेकर उचित व्यावस्था रही।

## कांवड़ चिकित्सा शिविर का भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय निशुल्क कांवड़ चिकित्सा सेवा शिविर का भव्य समापन हो गया। इस सेवा शि. विर का उद्देश्य कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रसन्न चौधरी रहे। जिलाध्यक्ष राजकुमार वर्मा एवं नगर अध्यक्ष अंकित जैन ने कैंप में सहयोग करने वाले सभी पदा. धिकारियों को सम्मानित किया। त्रिदिवसीय सेवा शिविर के दौरान 1000 से अधिक शिवभक्तों को लाभान्वित किया गया। शिविर में प्राथमिक चिकित्सा, दवा वितरण, विश्राम की सुविधा, तथा जलपान व्यवस्था जैसे विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर डा. अर्जुन वर्मा, गौरव गोयल, अजय चौधरी, रवि संगल, प्रतीक गर्ग, अमित कुच्छल, अमित गोयल, अनुज सोनी, विकास वर्मा, विपिन अत्री, सुशील चौहान, संजय वर्मा, प्रमोद तोमर आदि मौजूद रहे।

## कांवड़ियों को बांटे जा रहे फलाहार व चाट-पकौड़ी

**शामली।** शहर भर में लगे कांवड़ सेवा शिविरों में कांवड़ियों की आपार भीड़ देखने को मिल रही है। कावंड़ सेवा शिविरों में रोटी सब्जी से लेकर मिष्ठान, फलाहार, विश्राम, चाट पकौडी, मेडिकल सभी सुविधाऐं मुहैया कराई है। जहां शहर के सैकड़ों लोग शिवभक्तों की सेवा में लगे है।

शहर के कैराना रोड़ स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के कांवड़ सेवा शिविर के 10वें दिन समाजसेवी कुशांक चौहान, डा. जनेश्वर चौहान ने चिकित्सकों की टीम को साथ लेकर कांवड़ियों की सेवा की। दूर दराज से पहुंचे कांवड़ियों के पैरों की आधुनिक मशीनों से मालिश की गई है। यहीं नही चिकित्सकों ने उन्हे प्राथमिक उपचार दिया।

शिविर में कांवड़ियों को मटर पनीर, आलू की सब्जी, नान, रोटी, पुरी, घेवर, रसगुल्ला, रसमलाई आदि प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्वेता चौहान, डा. राजीव, डा. अक्षय, डा. नदीम, डा. राजाराम, डा. गुंजन, डा. शबनम, डा. सोनम, डा. सावेज आदि मौजूद रहे। सर्वमंगला शिवशक्ति सेवा समिति द्वारा शहर के एमएसके रोड स्थित बारातघर में आयोजित कावड़ सेवा शिविर के पां. चवे दिन शिवभक्त कावड़ियों की भारी भीड़ रही। शिव भक्त कांवड़ियों के लिए भोजन प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई। जिसमें मटर पनीर, दाल मखनी, वेज बिरयानी, छोले चावल, आलू सब्जी, सीता फल, रसगुल्ला, अमृतसरी नान, तवा रोटी, पूरी, ठंडी चाट, पानी पूरी, ढोकला, आइसक्रीम, कोल्डड्रिंक, दूध घेवर, फलों की चाट कावड़ियों के खाने में बनवाया गया। देर शाम महाआरती मुख्य राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय योगी तेजपाल सिंह, अनिल उपाध्याय, डिम्पल उपाध्याय, कुलदीप गोड, सुधीर कुमार, संजय कुमार, सतीश कुमार, विवेक प्रेमी, ईओ विनोद सोलंकी मौजूद रहे। वही गुलजारी वाला शिव मंदिर कांवड़ सेवा शिविर, मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम, जनकल्याण समिति द्वारा हनुमान मंदिर में लगाए गए कांवड सेवा शि. विर में भोले के भक्तों की जमकर सेवा हो रही है।

# डीएम-एसपी ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

**शामली।** जनपद में कावड़ यात्रा 2025 को सकुशल दिव्य और भव्य तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा आज लालूखेड़ी जनपद शामली की सीमा से कैराना यमुना ब्रिज तक कावड मार्ग का निरीक्षण कर यातायात आदि सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा कलेक्ट्रेट चौराहा पर यातायात व्यवस्था को देखा और ड्यूटी पर तैनात अधिका. रियों को कांवड़ियों की व्यवस्थाओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत अधिकारियों द्वारा यहां से लालूखेड़ी जनपद शामली की सीमा से कैराना यमुना ब्रिज तक कावड मार्ग का निरीक्षण कर मार्ग में साफ



सफाई, पेयजल, कांवड़ शिविर, चिकित्सा शिविर, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे, रूट डायवर्जन, यमुना ब्रिज पर सुरक्षा व्यवस्था आदि को लेकर उचित दिशा-निर्देश दिए। कावड़ मार्ग का निरीक्षण के समय डीएम व एसपी ने पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़ियों से वार्ता भी की गई और किसी भी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है की जानकारी ली गई।निरीक्षण के समय सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## शिव भक्तों को शील्ड देकर किया सम्मानित

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के शिव भक्तों को सावन माह में गंगाजल कावड़ लेकर आने वाले शिव भक्तों को भोजन कराया इसके उपरांत अति सुंदर कावड़ सजाकर लाने वाले शिव भक्तों को शील्ड देकर उमरपुर मुजफ्फरनगर में सम्मानित किया गया। कोताना गांव के शिव भक्त शिवा जाटव दीपक चौधरी पवन प्रजापति प्रवेश प्रजा. पति अरुण प्रजापति बबलू शर्मा ट्विंकल कुमार लक्ष्य राजपूत नानू कुमार गोरू राजपूत प्रवीण कुमार चिराग कुमार जोगिंदर प्रजापति नरेंद्र कुमार सूरज कुमार आदि शिव भक्तों को शील्ड देकर सम्मानित करते हुए शिव भक्तों पर फूलों की वर्षा की गई। जनपद बागपत के कावड़िया एक से बढ़कर एक हरिद्वार से कावड़ लेकर अपने शिवालय की तरफ आगे बढ़ रहे हैं।

# शिव की भक्ति करने से परिवार को मिलती है सुख शांति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बिजवाडा गांव निवासी शिव भक्त मोनू उर्फ गौरव शर्मा ने शिव की भक्ति में नील होते हुए हरिद्वार उत्तराखंड से कावड़ लेकर आने वाले मोनू शर्मा का कहना है कि भगवान शिव की भक्ति करने से एवं पार्वती माता की आराधना करने से परिवार को सुख शांति मिलती है। सावन माह में ओम नम: शिवाय का जाप करने से भगवान शिव भी अपने भक्तों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखते हैं। मोनू शर्मा हरिद्वार से कावड़ लाते हुए बडौत बुढ़ाना मार्ग पर शिव सेवा समिति शिविर में मीडिया से रूबरू हो रहे थे। मोनू उर्फ गौरव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले कावड़ उठाकर भगवान शिव शंकर का जलाभिषेक सावन मास में भगवान परशुराम ने किया था।



सावन मास में ही गंगाजल की महा यात्रा के परशुराम पहले शिव भक्त बने थे। भगवान परशुराम ने हर की पैड़ी से गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का महा जलाभिषेक किया था। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु के अवतार परशुराम ने ही पहले कावड़ लाकर शिव भोले पर जलाभिषेक किया था। इसी परंपरा के अनुसार मान्यता है। गंगा को दिया वचन निभाते हुए आज भी सावन के पहले दिन भगवान परशुराम अमूर्त रूप से सबसे पहले दिन भगवान शिवजी पर मस्तक झुका कर उनकी पूजा अर्चना करते हैं। इसके बाद सभी शिव भक्त जलाभिषेक करते हैं। शिव भक्त मोनू शर्मा ने कावड़ लाने वाले सभी शिव भक्तों से आवाहन किया कि शिव की कावड़ लाने के बाद जलाभिषेक करने के उपरांत सभी शिव भक्तों को एक पौधा शिव के नाम अपने-अपने शिवा. लियों में अवश्य लगाना चाहिए आने वाले समय में यह पौधा वृक्ष बनकर सभी शिव भक्तों को छाया देने का काम करेगा।

# सिलाई कारीगर मालिक के रुपये ओर सिलाई मशीन लेकर पफरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सिलाई कारीगर मालिक के रूपये ओर सिलाई मशीन लेकर फरार पीड़ित ने रटौल चोकी पहुंच कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही कर अपने एडवांस दिये रुपए ओर मशीन दिलवाने की गुहार लगाई है।

निवासी सलीम पुत्र सहाबुद्दीन ने रटौल में ही रेडिमेट पेंट सिलाई का कारखाना लगा रखा है। तीन दिन पहले गांव का ही एक कारीगर सलीम के पास आया और सलीम को विस्वास में लेकर अपने घर पर ही कारीगर् होने की बात कही ओर बताया कि मेरे घर पर पत्नी सहित मेरे परिवार के सदस्य भी पेंट सिलाई का कार्य घर पर ही करते हें मुझे सिलाई मशीन घर पर काम करने के लिये दे दो ओर कुछ रुपए भी जो मुझे काम करने वालों को एडवांस देने होते हैं। सलीम उसकी बातों में आगया ओर पेंसटसो रुपए व चार सिलाई मशीन दे दी तीन दिन के बाद जब आज सलीम अपनी पेंट लेने के लिए उसके घर पर गया तो घर पर मोजूद पत्नी ने सही जानक. ारी नहीं दी ओर आना कानी करने लगी।

तब पड़ोस में रहने वाले लोगों ने बताया कि वह तो इसी तरह से रुपये एडवांस ओर घर के लिये मशीन लेता है ओर किसी को बेच देता है। पीड़ित पड़ोसी की बात सुन हक्का बक्का रह गया ओर रटौल चोकी पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही कर अपने रुपए ओर मशीन दिलवाने की गुहार लगायी है। चोकी पर मोजूद पुलिस कर्मियों ने जांच कर कार्यवाही की बात कही है।

# कृष्ण पाल शर्मा बने जिलाध्यक्ष व ओम प्रकाश कश्यप बने जिला उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित श्रीनर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मंडल प्रभारी नीरज शर्मा के निर्देशानुसार विश्व हिंदू महासंघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुभाष शर्मा जिला संयोजक ने की कार्यक्रम का संच. ालन विवेक राणा ने किया। बैठक में बागपत जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा को मनोनीत किया गया। बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बागपत कृष्ण पाल शर्मा को फूलों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन द्वारा मुझे दी गई है। मैं उसका हमेशा पालन करूंगा। इसी के साथ ओम प्रकाश कश्यप को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में विधि प्रकोष्ठ जनपद बागपत के



जिलाध्यक्ष के रूप में रविंद्र शर्मा का मनोनयन किया गया एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से कमलकांत भारद्वाज का मनोनयन किया गया एवं उन्हें फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया गया तथा उनके द्वारा प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के सानिध्य में कार्य करते हुए विश्व हिंदू महासंघ को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया गया। विश्व हिंदू महासंघ की जनपद कार्यकारिणी को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। बैठक में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य पंडित उमेश कौशिक ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिक. ारी संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें। सभी कार्यकर्ताओं को महासंघ के प्रति सच्ची निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। महासंघ की बैठक में सुभाष शर्मा, कुलदीप शर्मा ओमप्रकाश कश्यप विपुल भारद्वाज नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्यपंडित उमेश कौशिक रविंद्र सतबीर मास्टर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा ईश्वर भक्ति और आस्था का प्रतीक है प्रतिस्पर्धा नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कावड़ यात्रा संकल्प और श्रद्धा के साथ प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन रहा है। आत्मशान्ति, ईश्वर भक्ति और मनोकामनाएँ पूरी होने या मनोकामना करके श्रद्धालु कावड़ का संकल्प लेकर कावड़ उठाते है। जो ईश्वर भक्ति और आस्था का प्रतीक है, लेकिन आज कावड़ यात्रा प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्धा और मनोरंजन का भी केंद्र बन रहा है। जो सनातन की पौराणिकता पर कुठाराघात है, अनैतिक है और शास्त्रों के विरूद्ध है। जिसने कावड़ के पवित्र उद्देश्य व कावड़ की पवित्रता को नष्ट किया है।

डाक कावड़ जबरन प्रतियोगिता और कावड़ का बिगडता स्वरूप है। जिसने उपद्रव, डर, हुड़दंग, दुर्घटनाओं, और अशान्ति को उत्पन्न किया है। यह प्रतिस्पर्धा शिव के साथ है या शिव भक्त के, स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाला भी नहीं जानता। आखिर शिव उपासक डाक कावड़ से साबित क्या करना चाहता है। इससे महादेव तो प्रसन्न होते है या नहीं हाँ उनका क्रोध निश्चित रूप से सैकड़ों अप्रिय घटनाओं को जन्म आवश्य देता है। कुछ असमाजिक तत्व जिनका शिव भक्ति और कावड़ से कोई सम्बन्ध नहीं वह कावड़िया का वेश धारण कर कावड़ यात्रा को बदनाम करने के उद्देश्य से उपद्रव व हुड़दंग भी करते है, जिससे कावड़ यात्रा ही नहीं सनातन संस्कृति बदनाम होती है, जिसके लिए कावड़ का यह बिगडता स्वरूप दोषी है।

# जिलाधिकारी ने पुरा महादेव मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** श्रावण मास के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा के दूसरे सोमवार को जनपद बागपत के प्रसिद्ध परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसी क्रम में जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल ने सोमवार को प्रात: मंदिर परिसर एवं आसपास के कांवड़ मेले क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा, स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा विकसित कांवड़ यात्रा



एप को अब तक 16,480 से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा उपयोग किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निर्देश दिए कि मंदिर परिसर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर कांवड़ यात्रा एप के क्यूआर कोड प्रदर्शित किए जाएं, ताकि श्रद्धालु इस एप का उपयोग कर पार्किंग स्थल, बस अड्डा, पेयजल व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, कंट्रोल रूम नंबर सहित मंदिर परिसर में उपलब्ध सभी सुविधाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें।

## संजय हत्याकांड में पांच पर मुकदमा

**जहांगीराबाद।** रविवार को क्षेत्र में हुए संजय हत्याकांड के आरोप में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। सोमवार को भी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार हुआ।

# विशाल कांवड़ का लोगों ने किया फूलों से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव के श्रद्धालु शिव यात्रा करते हुए हरिद्वार से अपनी टीम के साथ गंगा. जल कावड़ लेकर अपने गांव के शिवालय की तरफ चल रहे हैं। बहुत ही सुंदर विशाल कावड़ बहुत सुंदर झांकी को देखकर गांव के लोग उनका स्वागत फूलों से कर रहे है। झांकी पर लाखों रुपए की लागत से गंगाजल यात्रा चल रही है। उत्तराखंड हरिद्वार से चलती हुई इस झांकी में सभी शिव भक्त भगवान शिव शंकर का जयकारा लगाते हुए चल रहे है।



# शिव मंदिरों व शिवालयों में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सावन के दूसरे रिमझिम बारिश के बीच सोमवार को शिवभक्तों ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेल पत्र, फूल-फल अर्पित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए मनोकामनाएं मांगी। इस दौरान बम बम बोल के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहे।

नगर से लेकर देहात क्षेत्र तक सोमवार को शिव मंदिरों और शिवालयों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा रहा। सुबह सवेरे से लेकर दोपहर बाद तक जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहा। सिद्धपीठ श्री मन्केश्वर महादेव मंदिर मानकी और सिद्धपीठ श्री नागेश्वर महादेव मंदिर घ्याना में भक्तों की भारी भीड़ को देते हुए बेरिकेटिंग कर व्यवस्था बनाई। इनके अलावा देवबंद के श्री ग्यारह मुखी महादेव मंदिर, शिव चौक स्थित मंदिर, शिक्षक नगर स्थित शिव मंदिर, शास्त्री चौक स्थित शिव मंदिर आदि में भी जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।



**वहीं,** त्रिवेणी चीनी मिल की ओर से कांवड़ मार्ग पर गांव दुगचाड़ी में कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन उप गन्ना आयुक्त डॉ. ओपी सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान मिल अधिकारियों ने हरिद्वार से कांवड़ में पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्तों को फल और फ्रूटी का वितरण किया। इस मौके पर इकाई प्रमुख पुष्कर मिश्र, महाप्रबंधक (गन्ना) एसके त्यागी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अभय कुमार ओझा, राजकुमार प्रजापति, दीपक शुक्ल, डीएसवीएस रेड्डी, एसके पांडेय, रणपाल तेवतिया, सीपी सिंह, सुरेंद्र सिंह, संजीव मान, राजीव त्यागी व प्रमोद शाही आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**उधर,** नगर क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में बुधवार को शिवरात्रि पर होने वाले जलाभिषेक को लेकर तैयारियां जोरशोर पर चल रही हैं। शिवभक्त भोलों के विश्राम व खाने की व्यवस्था की तैयारियां अंतिम चरणों में हैं। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट है और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। वहीं, हरिद्वार से कांवड़ में पवित्र गंगा. जल लेकर शिवभक्त भी तेजी से अपने गंतव्य की ओर से बढ़ने लगे हैं। डांक कांवडिये भी शिव के उद्घोष के साथ कावड़ लाने के लिए निकल पड़े हैं। देवबंद से उत्तराखंड को जोडने वाला मंगलौर मार्ग कावडियों की चहल पहल से गुलजार बना हुआ हैं।

## फर्जी दस्तावेज के आधार पर पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध की रिपोर्ट दर्ज

**देवबन्द।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन का बैनामा कराने के आरा.प में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला पठानपुरा निवासी तसलीम खां ने एसीजेएम के यहां वाद दायर किया था। इसमें उसने सात लोगों पर षडयंत्र के तहत मोहल्ला लहसवाड़ा स्थित उसकी संपत्ति का फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैनामा कराने का आरोप लगाया था। तसलीम खां के मुताबिक उक्त संपत्ति उसने वर्ष 2024 में राशिद खां से खरीदी थी। तभी से वह उसका मालिक चला आ रहा है। मोहल्ला अबुलमाली निवासी एक व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर अन्य साथियों के हक में उसका बैनामा कर दिया। पुलिस ने अदालत के आदेश पर सातों लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# राशन डीलरों ने सांकेतिक हड़ताल करने का लिया निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पांच माह से कमीशन न मिलने से खफा राशन डीलरों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने इसके विरोध में तीन दिन की सां.केतिक हड़ताल करने का निर्णय लिया। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शीघ्र कमीशन दिलाने की मांग की है।



उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार मल्होत्रा के आह्वान पर सोमवार को राशन डीलरों की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें राशन डीलरों ने अवगत कराया कि पांच माह से उन्हें कमीशन नहीं मिल रहा है। जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर मंत्री अब्दुल मतीन खान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में राशन डीलरों को 90 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन मिलता है। जबकि अन्य प्रदेशों में 200 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन दिया जाता है। उन्होंने पांच माह का कमीशन अन्य प्रदेशों के बराबर दिए जाने की मांग की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर तीन दिन की सांकेतिक हड़ताल करने की घोषणा की गई। इस मौके पर मोहन लाल, सदाकत खान, सारिका, राकेश सिंघल, शाकिर उस्मानी, प्रदीप कुमार, असजद उल्ला, हुमा कुरैशी, महताब अली, रेनू कुमार, मिथलेश, अंशुल सिंघल, प्रतीक्षा कुमारी, शाहिद, सुभद्रा आदि मौजूद रहे।

# जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल ने दिलाई 12 निर्दोषो को बाइज्जत रिहाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने 7/11 मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा सुनाए गए फैसले को सच की जीत करार दिया है। कहा कि आज उन परिवारों के लिए बहुत बड़ा दिन है जिनके बेटे 19 सालों से झूठे आरा.पों में सलाखों के पीछे कैद थे।

सोमवार को मीडिया में जारी बयान में मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल की ऐतिहासिक जीत है, जिन्होंने लगातार कानूनी लड़ाई लड़ी और आखिरकार 12 निर्दोषों को बाइज्जत रिहाई दिलाई, जिनमें से 5 को फांसी और 7 को उम्रकैद हो चुकी थी। मौलाना मदनी ने कहा कि कोर्ट का यह फैसला एक बार फिर हमारे उस लंबे समय से उठाए जा रहे मुद्दे को साबित करता है कि मुस्लिम युवकों को आतंकवाद के झूठे आरोपों में फंसा कर उनकी जिंदगी बर्बाद करना एक सोची-समझी साजिश है। यह न केवल निर्दोषों को जेल की सलाखों के पीछे डालता है, बल्कि एक पूरी कौम को बदनाम भी करता है। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस और जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी तब तक ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी और निर्दोषों की जिंदगियां यूं ही बर्बाद होती रहेंगी। मौलाना मदनी ने कहा कि कानून लागू करने वाले विभागों को मिली खुली छूट ने उन्हें बेलगाम बना दिया है, जिसका सबसे खराब उदाहरण यह मामला है। 19 साल की सजा के बाद रिहाई तो हो गई लेकिन जिन लोगों ने यह साजिश की उन्हें कोई सजा नहीं मिली और ना ही कोई पूछताछ हुई। कहा कि हम फैसले का स्वागत करते हैं लेकिन जब तक जिम्मेदारों को सजा नहीं मिलती, तबतक यह इंसाफ अधूरा समझते हैं। मौलाना ने कहा कि मीडिया द्वारा मुसलमानों को निशाना बनाकर चलाया जाने वाला दुष्प्रचार अभियान इस देश के लोकतंत्र पर धब्बा है।



## भलाई व उन्नति के लिए पश्चिम प्रदेश का निर्माण जरूरी हैं: वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने जमीयत अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के पुत्र मौलाना हुसैन मदनी से मुलाकात कर पृथक पश्चिम प्रदेश के निर्माण में संघर्ष के लिए समर्थन मांगा। वर्मा ने कहा कि पश्चिम प्रदेश की 8 करोड़ जनता की भलाई व उन्नति के लिए पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण जरूरी है। उन्होंने कहा कि छोटे राज्यों के निर्माण से ही जनता की उन्नति संभव है। इस मौके पर संगठन के प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक व मोहम्मद हुसैन आदि मौजूद रहे।

# विद्युत आपूर्ति ठप होने पर एक्सईएन को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत तार टूटने से पिछले दो दिनों से कई इलाकों की विद्युत आपूर्ति बाधित बनी हुई है। सोमवार को मोहल्लेवासियों ने अधिशासी अभियंता मृत्युंजय शाही को ज्ञापन देकर समस्या के निराकरण किये जाने की मांग की।

खानकाह मोहल्ले की सैयद कालोनी समेत विभिन्न इलाकों के लोगों ने अधिशासी अभियंता मृत्युंजय शाही को दिए ज्ञापन में बताया कि वक्फ दारुल उलूम के सामने विद्युत पोल पर रबड़ के कवर्ड तार लगे है, जो जर्जर हो चुके है। जर्जर रबडिंग तारों के टूटने से पिछले दो दिन से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित बनी है। विद्युत सप्लाई नहीं होने से बरसात और उमस भरी गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि उक्त तार लंबे समय से जर्जर हालत में है। यह तार अक्सर टूटकर नीचे गिरते रहते हैं, इससे पूर्व तार टूटने के कारण करंट की चपेट में आकर कई लोग नुकसान उठा चुके है। उन्होंने समस्या का समाधान कर जल्द आपूर्ति सुचारू कराने की मांग रखी। एक्सईएन मृत्युंजय शाही ने लोगों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में एडवोके मोहम्मद नवाज, काशिफ खान, साजिद, शादाब, राशिद, शाहिद, कलीम, जाफर, मौलाना अनीस, हैदर, रहमत, शराफत आदि लोग शामिल रहे।



## क्षेत्र पंचायत सदस्य ने किया शिव भक्तों को प्रसाद वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर कांवड़ियों का आगमन तेजी से बढ़ रहा है और अपनी मंजिल के बहुत करीब हैं और शिव भक्तों की सेवा करने के लिए कोई भी मौका नहीं छोड़ रहा है सोमवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य उत्तम चौधरी ने चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर जानी नहर पुल पर शिव भक्तों को प्रसाद वितरित किया और उनकी सेवा की। उन्होंने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करना हमारा कर्तव्य के साथ-साथ हमारा धर्म भी है। कांवड़ियों की सेवा करने का मौका बार-बार नहीं मिलता।

वहीं जिला पंचायत सदस्य अतुल पूनिया ने और एलटीआर कॉलेज चेयरमैन अनील गुप्ता ने भी कांवड़ियों को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर प्रमोद चिकारा, रोहित चिकारा आदि मौजूद रहे।

# हत्या के मामले में तीन को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** पत्थर लगाने के बहाने बुलाकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। वहीं मृतक के चचेरे भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस अन्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।



ग्राम सिधावली थाना कंकरखेड़ा निवासी आसमौहम्मद व मोहसिन को पड़ित जी के नाम से फोन करके शुक्रवार को परीक्षितगढ़ की नागर कालौनी में पत्थर लगवाने के बहाने बुलाया था, जहा ग्राम गेसुपुर निवासी रिहान आतिफ व साबिर मिले थे जिन्होने उक्त दोनो युवकों को नशीला पदार्थ पिलाकर मो. हसिन को जगल में फेक दिया था। वहीं आसमौहम्मद की गला घोटकर हत्या कर आसिफाबाद सहर से हाल दिया था मोहसिन ने किसी तरह बंधनमुक्त होकर पुलिस की इसकी सूचना दी थी उसी के आधार पर पुलिस ने रिहान आसिफ व साबिर को पकड़ लिया तथा सख्ती के साथ पूछताछ कर उनकी निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया था। मृतक आशू के चचेरे भाई नफीस ने उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना अध्यक्ष संजय द्विवेदी ने बताया कि आस मौहम्मद ने मेनापूठी निवासी जान मोहम्मद से अपनी विवाह की शादी करने के लिए लड़का बताने की बात कहते हुए बताया था कि वह बीस लाख रूपये खर्च करेगा। यही बात जान मौहम्मद ने अपने गांव के ही जाकिर को बताई तथा उक्त सभी लोगों ने रुपये वसूलने के लिए प्लान तैयार कर किसी पंडित जी नाम के सिम से फोन कर पत्थर लगवाने की बात कहकर परीक्षितगढ़ की नागर कालोनी में बुला लिया था। जहां सभी लोगों ने आसमौहम्मद से पैसो की मांग की मगर उसके खातो में मात्र 13 सौ रुपये ही थे। इससे खफा लोगो ने उसकी हत्या करने की प्लान तैयार कर ली तथा दोनो को नशीला पदार्थ पिलाकर दो बाइको से आसिफाबाद की तरफ ले गये जहा मोहसिन को खेत में फेक दिया तथा आसमौहम्मद की गला घोटकर हत्या कर शव नहर मे फेक दिया था। पुलिस ने गोताखोरो की मदद से शव बरामद कर लिया था वहीं सोमवार को तीनो आरोपियो को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। वहीं जानमौहम्मद जाकिर व पंडित की तलाश को दबिश दी जा रही है। एसओ ने बताया कि पडित जी नाम से सिम था उसकी पहचान इन आरोपियों के पकड़े जाने के बाद ही हो सकेगी, फिलहाल पंडित जी का नाम रिपोर्ट में दर्ज किया गया है।

## तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**किठौर।** शाहजहांपुर में निजी कृषि भूमि पर जबरन अवैध रास्ता बनाने की कोशिश अब आरोपियों पर भारी पड़ गई। भूमि स्वामियों की शिकायत पर किठौर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शाहजहांपुर कस्बा स्थित खसरा संख्या 890, 911 एवं 912 की कृषि भूमि तबारक उल्ला खां व उनके परि.जनों के स्वामित्व में है, जो पूरी तरह निजी भूमि है। इस भूमि के दक्षिण दिशा में वक्फ की भूमि खसरा संख्या 914 और 915 मौजूद है। दोनों भूखंडों के मध्य किसी भी प्रकार का वैधानिक या सार्वजनिक रास्ता नहीं है, जिसकी पुष्टि पूर्व में राजस्व व तहसील प्रशासन की जांचों में भी हो चुका है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि क्षेत्र के कुछ दबंग किस्म के लोग लंबे समय से दबंगई दिखाकर उनकी निजी भूमि पर जबरन रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे थे।

हेतु संदर्शित करने की सूचना
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) सहारनपुर।**
प्रकीर्ण वाद संख्या 42 सन 2025
सरदार मनजीत सिंह पुत्र सरदार मोहकम सिंह निवासी मकान नं0 2बी/817-1/2-1/2 व 817/1, 6 चन्द्रनगर, शहर सहारनपुर परगना, तहसील व जिला सहारनपुर। द्वारा मुख्तारेआम गुरलीन कौर सेठी पुत्री सरदार मनजीत सिंह सेठी निवासी 10 टॉप फ्लोर नियर लाल कोठी चन्द्र नगर सहारनपुर।
.......प्रार्थी
**बनाम**
1. सरदार परमजीत सिंह पुत्र सरदार मोहकम सिंह
2. सरदार राजेन्द्र सिंह पुत्र सरदार मोहकम सिंह निवासी मकान नं0 2बी/817-1/2-1/2 व 817/1, 6 चन्द्रनगर, शहर सहारनपुर परगना, तहसील व जिला सहारनपुर।
चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थना पत्र/आवेदक ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतू संदर्शित करने के लिए 2025 के 08 के 20 दिवस को 10 बजे पूर्वाह में स्वंय या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। बब्जत मेरे दस्तख्त और मुहर अदालत में आज बतारीख 18/07/2025 को जारी किया गया।
आज्ञा से
मुन्सरिम,
सिविल जज सीनियर डिविजन
सहारनपुर।

# चेयरपर्सन व अधिशासी अधिकारी ने कांवड़ शिविर का फीता काटकर किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में सोमवार को दौराला मसूरी मार्ग पर एचपी पेट्रोल पंप के निकट लावड़ नगर पंचायत द्वारा कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें हिन्दू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए चेयर पर्सन हज्जन आफताब व अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने फीता काट कर शुभारंभ किया। चेयरपर्सन ने बताया कि इस बार इस शिविर के साथ- साथ कस्बे के मंदिरों में भी तीन दिन तक नॉन स्टाप भंडारा चलता रहेगा जिसकी पूरी व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा की गई है। वहीं अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शिविर व मंदिर में चल रहे भंडारे में नगर पंचायत के सभी सभासदों व कर्मचारियों का भी पूर्ण रूप से सहयोग मिल रहा है। इस दौरान चेयर पर्सन पति हाजी शकील कुरैशी, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार, सभासद यादराम जाटव, सभासद आसिफ अंसारी, सभासद आजाद अंसारी, मनोज जाटव, शाहिद इस्लाम, अंकित शर्मा, शाहबाज कुरेशी, मनोहर सैनी, मनोज गोयल, पिंटू सैनी, हाजी यामीन आदि लोग मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक को मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** सोमवार को पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर उस समय फायरिंग की गई जब वह कांवड़ सेवा शिविर में भोजन कर रहा था। बताया जाता है कि आरोपी युवक ने तीन राउंड फायर किए जिसमें एक गोली युवक की जांघ में लग गई। वहां मौजूद लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद लावड़ चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए मेरठ के जसवंत राय हॉस्पिटल भेजा जहां युवक का उपचार चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सतेंद्र पुत्र रणवीर निवासी ग्राम सैनी थाना इंचौली सोमवार की शाम को लावड़ कस्बे में जलालपुर रोड पर रजवाहे के निकट लगे कांवड़ सेवा शिविर में भोजन कर रहा था बताया जाता है कि जयदीप पुत्र अशोक निवासी ग्राम सैनी भी उसी शिविर में भोजन कर रहा था इस दौरान दोनों में एक दूसरे को देखते ही कहासुनी हो गई तभी जयदीप ने तमंचा निकालकर सतेंद्र पर तीन राउंड फायर कर दिए। जिसमें से एक गोली सतेंद्र की जांघ में लग गई और वो लहूलुहान होकर गिर गया तभी मौका पाकर आरोपी युवक फरार हो गया। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी। जिसके बाद लावड़ चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और घायल युवक को राहगीरों की मदद से जसवंतराय हॉस्पिटल भेजा। वहीं बताया जा रहा है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है बीते वर्ष 2024 में सतेंद्र ने जयदीप पक्ष के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा इंचौली थाने पर दर्ज कराया था। इसी रंजिश में सोमवार को फिर से सतेंद्र पर फायरिंग की गई है। वहीं लावड़ चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभी घटना के संबंध में तहरीर नहीं मिली है।

## कसेरूखेड़ा कांवड़ संघ शिविर लगाकर भोलों की कर रहा है सेवा

**मेरठ।** शिवरात्रि का पर्व जैसे जैसे करीब आ रहा है वैसे वैसे ही कांवड़ियों का जनसैलाब सड़कों पर शिव बारात के रूप में उमड़ रहा है नेशनल हाईवे 58 पर दूर-दूर तक डीजे पर भजनों की मधुर धुन पर नाचते गाते हुए शिवभक्त कावड़िए ही कांवड़िए नजर आ रहे हैं। इन शिवभक्त कावड़ियों की सफल यात्रा के लिए जहां एक तरफ प्रशासन ने कमर कस रखी है वहीं दूसरी तरफ शिव भक्त समाजसेवी भी कांवड़ियों के लिए जगह-जगह पर शिविर लगाकर थके हुए भोलो की सेवा कर रहे हैं। इन शिविरों में शिवभक्त कांवरियों को रहने, खाने की सेवा प्रदान की जाती है और पवित्र कांवड़ झूलाने के लिए भी उचित व्यवस्था शिविर संचालकों के द्वारा की जाती है। रुड़की रोड पर सोफीपुर के पास कसेरू खेड़ा कांवड़ संघ ने भी शिव शक्ति कांवड़ सेवा शिविर लगा रखा है जहां हरिद्वार से आए शिव भक्त श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जा रहा है एवं थके हुए शिव भक्तों के लिए विश्राम की भी सुविधा यहां पर देखने को मिल रही है।

शिविर के मुख्य संचालक जियालाल लोधी का कहना है कि यह शिविर बीते 19 जुलाई से 24 घंटे चल रहा है और 23 जुलाई तक शि.विर में शिव भक्तों की सेवा कार्य चलता रहेगा। जियालाल ने बताया कि हमारी कोशिश रहती है कि शिवभक्त भोलो को उत्तम व स्वादिष्ट भोजन मिले हम प्रतिदिन शिवभक्त कांवड़ियों के लिए अलग-अलग व्यंजन बनाते हैं।

## 29 को विकास भवन सभागार में होगी जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

**मेरठ।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र मेरठ दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक का आयोजन 29 जुलाई को विकास भवन सभागार में सांय चार बजे किया जायेगा। उन्होंने समिति के सम्मानित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार चर्चा, निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा, निवेशको की समस्या समाधान तथा अन्य बिंदुओं अध्यक्ष की अनुमति से संबंधित पूर्ण विवरण कृत कार्यवाही के साथ बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणो के साथ फीडबैक एवं ग्रीवेंस की भी समीक्षा की जायेगी। अत: निवेश मित्र पोर्टल पर प्रदर्शित होने वाले विभाग लंबित प्रकरणो का निस्तारण करें।

## महिलाओं के अधिकार विषय पर हुआ कार्यक्रम

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान 2025-2026 के अनुसार जिला कारागार मेरठ में कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं महिलाओं के अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम में उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया तथा कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न के सम्बन्ध में जो अधिकार सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महिलाओं को प्रदत्त किये गये है।

## मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हस्तिनापुर।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भी मंदिरो में श्रद्धालुओ की काफी भीड़ रही। नगर के प्राचीन पांडेश्वर मंदिर में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक व पूजा अर्चना के श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। महाभारत कालीन प्राचीन पांडेश्वर मंदिर में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर की मान्यता है कि इस पौराणिक मंदिर में पांडवो ने भी अपनी विजय के लिए पूजा अर्चना की थी। इसलिए इस मंदिर में पूजा अर्चना करने से सभी की मन्नत पूर्ण होती है तथा परिवार मे सुख समृद्धि का वास रहता है। इसके अलावा कर्ण मंदिर में भी पहुंचकर श्रद्धालुओं में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिर के महंत शंकर देव ने बताया कि शिवरात्रि को काफी कांवड़ियां व श्रद्धालु मंदिर में जलाभिषेक करते है।

# कांवड़ियों की सेवा में जुटे गंगा ढाबा संचालक विपिन खटाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** सेवा परमो धर्म: यह सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इसी भावना को साकार कर रहे हैं किठौर के गंगा ढाबा संचालक विपिन खटाना, जो इन दिनों कांवड़ यात्रा के दौरान दिन-रात शिवभक्तों और प्रशासनिक अधिकारियों की सेवा में समर्पित हैं।

विपिन खटाना दिन में कांवड़ शिविरों में जाकर शिवभक्तों की सेवा करते हैं और रात में प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के लिए भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था करते हैं। खास बात यह है कि वे किसी भी अधिकारी या कर्मचारी से इस सेवा के बदले कोई धन नहीं लेते। उनकी निस्वार्थ सेवा भावना को देखते हुए उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स उपज संगठन ने उन्हें सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया है। विपिन खटाना ने बताया, इतनी भीषण गर्मी में जब आम व्यक्ति घर से निकलने से भी कतराता है, तब भोलेनाथ के भक्त हरिद्वार, गौमुख और ब्रजघाट से जल लेकर नंगे पैर तपती सड़कों पर चलकर शिवालयों की ओर बढ़ते हैं। ऐसे में उनकी सेवा कर मन को एक अलौकिक संतोष मिलता है। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इसी मौके पर भारतीय किसान यूनियन के युवा उपाध्यक्ष, मेरठ मंडल के देव हसनपुर कला ने भी कहा कि, भोलेनाथ के भक्तों की सेवा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। वे जिस मनोक.ामना से जल ला रहे हैं, भगवान भोलेनाथ उनकी सारी इच्छाएं पूर्ण करें। देव खटाना ने भी शिवभक्तों के प्रति आस्था जताते हुए कहा, इतनी तपस्या और श्रम से जल ला रहे भक्तों को सेवा देना वास्तव में पुण्य का कार्य है। कांवड़ यात्रा के इस पावन अवसर पर जिस तरह से विपिन खटाना और उनके सहयोगी मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं, वह समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत है।



**सम्बंध विच्छेद**
मैंने अपने पुत्र नूर मौहम्मद व पुत्रवधू फरहीन को चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
मौ. हामिद पुत्र कुर्बान शाह
निवासी मौहल्ला पठानपुरा (दगडा)
थाना देवबंद जिला सहारनपुर

**सम्बंध विच्छेद**
मैंने अपने पुत्र भीम सिंह को उसके गलत आचरण के कारण उससे पारिवारिक संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसका मेरे वह मेरे परिवार से कोई संबंध नहीं रहेगा।
जौहर सिंह पुत्र रीढवा
निवासी ग्राम मझौल जबरदस्तपुर
थाना देवबंद जिला सहारनपुर

# फारुख-क्लाइव के नाम ओल्डट्रैफर्ड में स्टैंड होंगे



**● भारत-इंग्लैंड चौथे टेस्ट में सम्मान मिलेगा, लंकाशायर के लिए भारत के पूर्व विकेटकीपर 175 मैच खेले**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के दिग्गज कप्तान क्लाइव लायड के नाम पर अब इंग्लैंड के ऐतिहासिक ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में स्टैंड होंगे। यह सम्मान उन्हें उनकी पूर्व काउंटी टीम लंक. ाशायर द्वारा दिया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, यह स्टैंड- नामकरण समारोह भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के पहले दिन आयोजित हो सकता है। इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। इंग्लैंड क्रिकेट के एक अधिकारी ने कहा, यह दोनों दिग्गजों के लिए एक उपयुक्त और सम्मानजनक पहल है। फारुख इंजीनियर ने 1968 से 1976 के बीच लंकाशायर के लिए 175 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 5942 रन, 429 कैच और 35 स्टंपिंग कीं। उनके आने से पहले लंकाशायर ने 15 सालों में कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था, लेकिन उनकी मौजूदगी में टीम ने 1970 से 1975 के बीच गिलेट कप चार बार जीता।

दो बार के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान क्लाइव लायड ने लंक. ाशायर के साथ करीब दो दशक बिताए और टीम के खेल में क्रांतिकारी बदलाव लाए। वे 1970 के दशक में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में क्लब में शामिल हुए थे। 87 साल के फारुख इंजीनियर ने मैनचेस्टर को ही अपना स्थायी निवास बना लिया है। उन्होंने क्लब की वेबसाइट को एक पुराने इंटरव्यू में बताया था, ओल्ड ट्रैफर्ड एक शानदार जगह थी, लोग हमें देखने के लिए दूर-दूर से आते थे। उन्होंने आगे कहा, ड्रेसिंग रूम से हम वारविक रोड रेलवे स्टेशन को देख सकते थे, और मैच से पहले ट्रेनों से भीड़ उतरती थी, उत्साहित आवाजें और हंसी की गूंज सुनाई देती थी। हमारे लाकर आटोग्राफ और पार्टी इन्विटेशन से भरे रहते थे। क्लाइव लायड, हैरी पिलिंग, पीटर लेवर और केन शटलवर्थ जैसे नामों से टीम की खूब चर्चा होती थी।

हम उस दौर की सबसे फेमस वनडे टीम बन गए थे। दिलचस्प बात यह है कि जहां फारुख इंजीनियर ने भारत में ब्रेबार्न स्टेडियम में सबसे ज्यादा क्रिकेट खेला, वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है। भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर, जो निजी दौरे पर मैनचेस्टर में हैं, इस समारोह में शामिल हो सकते हैं। क्लब के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।




# सुमित ने जीता 60 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत पदक

**● टूर्नामेंट में भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ अभियान खत्म किया**

**बुडापेस्ट, वार्ता।** अंडर-23 एशियाई चैंपियन सुमित ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती चैंपियनशिप के 60 किग्रा ग्रीक. ो-रोमन वर्ग में रजत और अनिल मोर ने 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। टूर्नामेंट में भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। चैंपियनशिप के आखिरी दिन रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय पहलवान को अजरबैजान के यूरोपीय चैंपियन और गैर-ओलंपिक 60 किग्रा वर्ल्ड चैंपियन निहात माम्मदली से 1-5 से हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुमित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में सादिक लालाईव को 9-3, क्वार्टर फाइनल में कोरिया के डेहयूम किम को 7-4 से फॉल के जरिए शिकस्त दी थी और सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के गालिम कबदुनास्सारोव को 10-1 से हराया। वहीं, भारत के अनिल मोर ने ग्रीको-रोमन 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने उज्बेकिस्तान के इक्थियोर बोटिरोव को 7-4 से हराया। इससे पहले अनिल ने मई में उलानबतार ओपन में इसी कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में अनिल को यूरोपीय चैंपियन एमिन सेफरशायेव से 1-6 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने रेपेचेज में मोल्डोवा के अर्तिओम डेलीअनु को 7-0 से हराकर कांस्य पदक मैच में जगह बनाई।

## एशिया कप पाक टीम भारत नहीं आएगी

**● सुरक्षा को लेकर चिंता जताई, भारतीय टीम भी पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने नहीं गई थी**

**● विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भारत-पाक मैच भी रद्द, वालीबाल टूर्नामेंट पाक से उज्बेकिस्तान ट्रांसफर**

**नई दिल्ली/कराची, वार्ता।** पाकिस्तान हॉकी टीम भारत में होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को बताया कि भारत में मौजूदा हालात और सुरक्षा चिंताओं के कारण यह फैसला लिया है। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से होना है, जो 7 सितम्बर तक बिहार के राजगीर स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम इस साल फरवरी-मार्च में हुए चैंपियंस ट्राफी में पाकिस्तान खेलने के लिए नहीं गई थी। भारत ने अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू दुबई में खेले थे। पीएचएफ के अध्यक्ष तारिक बुगती ने बताया कि हमारे खिलाड़ी भी भारत में होने वाले एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक नहीं हैं। यह टूर्नामेंट वर्ल्ड कप का क्वालिफिकेशन भी है।

बुगती ने यह भी बताया कि एफआईएच और एएचएफ को यह तय करना है कि टूर्नामेंट और पाकिस्तान के मैचों को लेकर क्या करना है। भारत ने साल 2024 में चीन में खेले गए एशियन चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में चीन को हराया था। पीएचएफ प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है।

# भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम को नीदरलैंड ने रौंदा



**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम को यूरोपीय दौरे के अपने आखिरी मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ 2-8 से हार का सामना करना पड़ा। रविवार को खेले गए यूरोपीय दौरे अंतिम मैच में भारतीय मिडफील्डर रालजदर सिंह और फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी ने अपनी टीम के लिए एक-एक गोल किए। भारत ए ने इससे पहले 18 जुलाई को नीदरलैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच 0-3 के स्कोर से गंवा दिया था।

भारत ए ने 8 जुलाई, 2025 को अपने यूरो दौरे की शुरुआत की थी और इस दौरे के दौरान पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले। इस दौरान भारत की ए टीम ने दुनिया की कुछ शीर्ष हॉकी टीमों, जिनमें विश्व की नंबर वन नीदरलैंड और विश्व की नंबर तीन बेल्जियम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तीन शहरों की यात्रा की। इस दौरान भारतीय टीम ने आठ मैचों में से तीन में जीत दर्ज की। भारत ए के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि हालांकि इस यूरोपीय दौरे में हमें जीत से ज्यादा हार मिली होगी, लेकिन यह नतीजों के बारे में नहीं था, बल्कि एक टीम के रूप में इस दौरे से मिली सीख और अनुभव के बारे में था। उन्होंने कहा कि भारत ए में सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का मिश्रण था और उन्होंने पिछले दो हफ्तो दौरान बहुत मूल्यवान अनुभव प्राप्त किया। अब जब हम भारत वापस आ रहे हैं, मुझे विश्वास है कि ये सभी खिलाड़ी इस मूल्यवान अनुभव का उपयोग करेंगे और अपने भविष्य के सभी मैचों में अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए इसका उपयोग करेंगे।

## बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

**मीरपुर, वार्ता।** तस्कीन अहमद (तीन विकेट) और मुस्तफिजुर रहमान (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद परवेज हुसैन इमॉन (नाबाद 56 ) मो- तौहीद हृदोय (36) की शानदार पारियों के दम पर बांग्लादेश ने पहले टी-20 मुकाबले में 27 गेंदें शेष रहते पाक को सात विकेट से हरा दिया। 111 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने सात रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। तंजिद हसन और कप्तान लिटन कुमार दास एक-एक रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बल्लेबाजों को सलमान मिर्जा ने आउट किया। तीसरे विकेट के रूप में तौहीद हृदोय 37 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश ने 15-3 ओवर में तीन विकेट पर 112 रन बनाकर मैच सात विकेट से जीत लिया। परवेज हुसैन ने 39 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 56 रनों की नाबाद पारी खेली।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### अगले तीन डब्ल्यूटीए फाइनल मैच इंग्लैंड में होंगे

**सिंगापुर, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इंग्लैंड को 2027, 2029 और 2031 में होने वाले तीन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी सौंपी है। इससे पहले वह 2021 से लगातार तीनों फाइनल की मेजबानी कर चुका है। आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक बैठक में यह फैसला लिया गया। आईसीसी ने 2027 के फाइनल भारत में स्थानांतरित किए जाने की अटकलों को विराम देते हुए ईसीबी के 'सफल मेजबानी रिकार्ड' का हवाला देते हुए इंग्लैंड को फिर से तीन बार के लिए इसकी जिम्मेदारी दी है। हालांकि यह अभी तय नहीं हुआ है कि भविष्य में भी लॉर्ड्स को प्राथमिक मेजबान के तौर पर बरकरार रखा जाएगा या नहीं।

#### अमेरिका ने जीता फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब

**प्राग, वार्ता।** अमेरिका ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 88-76 से हराकर फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब अपने नाम किया। चेक गणराज्य के ब्रनो में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में अमेरिका ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ में 50-40 की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए 17-14 से हराकर अंतर कम कर दिया। हालांकि, चौथे क्वार्टर में अमेरिका ने 24-19 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा और मजबूत करते हुए चैंपियनशिप पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। अमेरिका की सानिया हॉल ने 25 अंक, नौ रिबाउंड और सात असिस्ट के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। जैस्मीन ने 21 अंक जोड़े। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बोनी डेस ने 13 अंक लिए।

# बैडमिंटन एशिया: जापान ने भारत को हराया



**● करीब से हार के बावजूद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया, भार्गव राम और विश्व तेज गोब्बरू की जोड़ी प्रभावशाली रही**

**इंडोनेशिया, वार्ता।** बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में भारतीय टीम को पूर्व चैंपियन जापान से 110-104 से हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत हुए एक करीबी मुकाबले में भारत ने शुरुआती मैच में 11-9 से मिली मामूली हार के बाद शानदार वापसी की।

भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने संयमित जीत हासिल कर भारत को 33-26 से आगे कर दिया। इसके बाद रेशिका ने भव्या छाबड़ा के साथ मिलकर 44-35 की बढ़त बनाए रखी और रौनक चौहान ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त को और मजबूत कर दिया। भारत ने मुकाबले के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी, लेकिन 2023 के चैंपियन जापान ने अंतिम पांच मैच लगातार जीतते हुए बढ़त बना ली।

इनमें से कई मैच बेहद रोमांचक रहे, जो भारतीय टीम के जज्बे को दर्शाता है। करीब से हार के बावजूद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हांगकांग, चीन, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका पर जीत के साथ ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिससे एकल और युगल में गहराई और संत. ुलन का प्रदर्शन हुआ। भार्गव-विश्व तेज और रेशिका-वेन्नाला की जोड़ी लगातार प्रभावशाली रही, जबकि सी लालरामसांगा ने भी युगल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने पुरुष युगल में भव्या और मिश्रित युगल में तारिणी सूरी के साथ जोड़ी बनाई। एकल में, रौनक ने विश्व जूनियर नंबर 5 लाम का टो को हराया और रुजुला रामू ने शीर्ष 20 में शामिल दो खिलाड़ियों पर जीत दर्ज की।

# चोटिल नीतीश रेड्डी इंग्लैंड सीरीज से बाहर



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को बताया कि नीतीश कुमार रेड्डी को बाएं घुटने में चोट लगी है। यह चोट उन्हें रविवार को मैनचेस्टर में जिम में अभ्यास के दौरान लगी और स्कैन में लिगामेंट डैमेज की पुष्टि हुई है। बुधवार से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले भारत को नीतीश कुमार के चोटिल होने से एक और झटका लगा है। इससे पहले तेज गेंदबाज आकाश दीप और अर्शदीप सिंह भी चोटिल हैं और इनमें से अर्शदीप चौथे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। इस बीच अंशुल कम्बोज को तेज गेंदबा. जी विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। लीड्स में पहले टेस्ट से बाहर रहने के बाद रेड्डी ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला। बर्मिंघम में वह खास असर नहीं छोड़ पाए। उन्होंने मैच में केवल दो रन बनाए और छह ओवर की गेंदबाजी में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हालांकि लॉर्ड्स में उन्होंने इंग्लैंड के शीर्षक्रम के विकेट चटकाए। पहली पारी में इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्रॉली को एक ही ओवर में आउट किया।

## भारतीय बैडमिंटन मिश्रित टीम ने जीता कांस्य पदक

**जर्मनी, वार्ता।** भारत की मिश्रित टीम ने रविवार को जर्मनी के राइन-रुहर में चल रहे एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में बैडमिंटन में ऐतिहासिक कांस्य पदक अपने नाम किया। यह इस स्पर्धा में भारत का बैडमिंटन में पहला पदक है। एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में बैडमिंटन को 2007 से शामिल किया गया था, लेकिन यह पहली बार है जब भारत ने इस खेल में पोडियम पर जगह बनाई है। भारत ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे कांस्य पदक पक्का हो गया। प्रतियोगिता में दोनों सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को कांस्य पदक दिया जाता है। यह इस बार के एफआईएसयू वर्ल्ड विवि गेम्स में भारत का पहला पदक भी है।

# टेस्ट क्रिकेट में दो-डिवीजन सिस्टम की संभावना

**● आईसीसी एनुअल मीटिंग में 8 सदस्यीय टीम बनी चैंपियंस लीग टी-20 की अगले साल वापसी संभव**

**दुबई, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2027 से 2-टियर सिस्टम लागू हो सकता है। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को एनुअल जनरल मीटिंग (।ळड) में 8 सदस्यीय टीम बनाई हैं। इस समिति की अध्यक्षता आईसीसी के नए सीईओ संजोग गुप्ता कर रहे हैं। टेस्ट टियर सिस्टम में मौजूदा 9 टीमों की जगह 6-6 टीमों की दो डिवीजन बनाई जाएंगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पहले से इस फार्मेट के समर्थन में रहे हैं और चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत आपस में हर तीन साल में दो बार भिड़ें, जो मौजूदा चार साल में दो बार की तुलना में अधिक है। 2009 से 2014 के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस लीग टी-20 अगले साल से दोबारा शुरू हो सकती हैं। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेली गई 5 मैचों की बार्डर-गावस्कर ट्राफी में भारी भीड़ देखने को मिली। फैंस के अलावा, ब्राडकास्टिंग और लाइव स्ट्रीमिंग पर भी बड़ी संख्या में फैंस इस सीरीज से जुड़े। बीजीटी ऑस्ट्रेलिया में अब तक की चौथी सर्वाधिक देखी गई सीरीज है। इस सीरीज के 8 लाख से ज्यादा मुकाबले फैंस ने मैदान पर आकर देखे हैं। ये आंकड़े क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने सोशल प्लेटफार्म ग पर जारी किए। सबसे बड़ी बात इस बार भारत भी इसके सपोर्ट में है। करीब 10 साल बाद चैंपियंस लीग टी-20 टूर्नामेंट एक बार फिर लौट सकता है। आईसीसी इस अंतर्राष्ट्रीय क्लब आधारित टी-20 प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्डों ने इस विषय में चर्चा की है और ।ळड में कई अहम सदस्य देशों से इस प्रस्ताव को समर्थन भी मिला है। पिछली बार यह टूर्नामेंट 2014 में भारत में हुआ था, जहां चेन्नई सुपर किंग्स ने फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। 2009 से 2014 के बीच सीएलटी-20 के 6 सीजन आयोजित हुए थे। चार भारत में और दो दक्षिण अफीका में। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने यह टूर्नामेंट दो-दो बार, जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक-एक बार जीता था।

## ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को तीन विकेट से हराया

**किंगस्टन, वार्ता।** बेन ड्वारशिवस (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कैमरन ग्रीन (51) और मिचेल ओवेन (50) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को सात गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। मिचेल ओवेन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में जेक फ्रेजर-मक्गार्क (दो) का विकेट गवां दिया। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट कप्तान मिचेल मार्श 17 गेंदों में (24) रन के रूप में गिरा। इसके बाद जॉश इंग्लिस आठ गेंदों में (18) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ग्लेन मैक्सवेल (11) रन बनाकर आउट हुए। कैमरन ग्रीन और मिचेल ओव. ेन ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। दोनों बल्लेबाजों की बीच पांचवें विकेट के लिए 80 रनों की महत्वूपर्ण साझेदारी हुई। 15वें ओवर में गुडाकेश मोती ने कैमरन ग्रीन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कैमरन ग्रीन ने 26 गेंदों में पांच छक्के और दो चौके लगाते हुए (51) रन बनाये। मिचेल ओवेन ने 27 गेंदों में छह छक्के लगाते हुए (50) रनों की पारी खेली।

# कोनेरू हम्पी फिडे महिला शतरंज विश्व कप के सेमीफाइनल में



**जॉर्जिया, वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने चीनी खिलाड़ी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए फिडे महिला शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ हम्पी इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं। हम्पी ने रविवार को खेले गए मुकाबले में चीन की आईएम युक्सिन सोंग के खिलाफ पहले गेम में जीत के बाद, दूसरे गेम में ड्रॉ खेलकर अंतिम चार में जगह बनाई। हम्पी का अब सेमीफाइनल में चीन की लेई लटगजी से मुकाबला होगा।

अंतिम चार में हम्पी के पहुं. चने के साथ यह पक्का हो गया कि उन्हें शीर्ष तीन में पहुंचने के दो मौके मिलेंगे जिससे उन्हें अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह भी मिल जाएगी जिसके लिए शीर्ष तीन खिलाड़ी क्वालिफाई करेंगी। वहीं हरिका और हमवतन दिव्या देशमुख के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। दोनों खिलाड़ी अब टाई-ब्रेक में भिड़ेंगी।

# सरकार शेल कंपनियों को परिभाषित नहीं करेगी: इमरान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सरकार की शेल कम्पनियों को परिभाषित करने की कोई योजना नहीं है। कम्पनी एक्ट में शेल कम्पनियों की कोई परिभाषा नहीं।

बड़ी विचित्र बात है कि जिन बोगस व शेल कम्पनियों का जिक्र लगभग सभी बड़ी ईडी, आई टी व मनी लांड्रिगं के मामलों में बड़े जोर शोर से होता है, उनकी कोई अधिकृत परिभाषा आज तक कम्पनी एक्ट में नहीं है और ना ही आगे सरकार की इसे परिभाषित करने की कोई योजना है। सांसद इमरान मसूद द्वारा पूछे गए एक महत्वपूर्ण प्रश्न के उत्तर में कॉरपोरेट मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने जानक. ारी साझा की है कि वर्ष 2023 से 16 जुलाई 2025 तक कुल 40,949 कंपनियों को गैर-कार्यशील मानते हुए कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा बंद किया गया है। इनमें उत्तर प्रदेश से कुल 2,838 कंपनियां हटाई गई हैं, जबकि अकेले सहारनपुर जिले से यह संख्या 23 है। सांसद इमरान मसूद के संसदीय कार्य प्रभारी विपिन जैन ने बताया कि सांसद मसूद ने सरकार से पूछा था कि शेल कम्पनी की परिभाषा क्या है? क्या सरकार देशभर में बड़ी संख्या में शेल कंपनियों को बंद कर रही है और इसका क्या आधार है। तथा और इस संबंध में सरकार की नीति क्या है। देश, प्रदेश व सहारनपुर में चिन्हित शेल कम्पनियों की संख्या क्या है? मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने जवाब में बताया कि शेल कंपनी की कोई कानूनी परिभाषा कंपनी अधिनियम, 2013 में नहीं है। फिलहाल शेल कंपनियों की स्पष्ट परिभाषा लाने की कोई योजना नहीं है लेकिन वे कंपनियाँ जो पिछले दो वित्तीय वर्षों से कोई व्यवसाय नहीं कर रहीं उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के तहत हटाया जाता है। इसके अलावा, कुछ कंपनियाँ स्वयं अपने नाम हटवाने के लिए आवेदन करती हैं।

सरकार द्वारा जवाब में यह भी बताया गया कि कंपनियों की निगरानी और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए 'सी-पेस' की स्थापना की गई है, जिससे कंपनी बंद करने की प्रक्रिया तेज और केंद्रीकृत हो गई है। सरकार अब तकनीकी टूल्स की मदद से कंपनियों के संचालन में पारदर्शिता लाने के प्रयास कर रही है।

सरकार ने स्पष्ट किया कि कंपनी बंद करने की प्रक्रिया में पूरी सावधानी बरती जाती है।

## सांसद इमरान को सीबीआई कोर्ट से झटका, मिली अंतरिम जमानत



**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद को सीबीआई कोर्ट से 25 जुलाई तक लिये अंतरिम जमानत मिल गई है। बता दे कि एक पुराने मामले में सांसद इमरान मसूद का कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। जिसके बाद इमरान कोर्ट से जमानत लेने के प्रयास में लगे थे। आज सांसद इमरान मसूद ने गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद कोर्ट में सरेंडर कर जमानत की मांग की। जिस पर कोर्ट के इंकार के बाद, इमरान मसूद के वकील ने अंतरिम जमानत की मांग की। जिस पर कोर्ट ने 25 जुलाई तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। जिसके बाद इमरान को पुन: 25 जुलाई को कोर्ट के समक्ष पेश होना होगा।

## कलश यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव चोरीमंडी के शिव मन्दिर में मूर्ति स्थापना के लिए कलश यात्रा निकाली गयी। तत्पश्चात महात्मा आत्मानन्द गिरि महाराज ने शिव महापुराण का पाठ करते हुए महर्षि दधिचि के तप व सृष्टि की रक्षा के लिए आत्म त्याग की कथा सुनायी।

चोरीमंडी के शिव मन्दिर में मूर्ति स्थापना के लिए गांव की महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा भगवान शिव मन्दिर से शुरू होकर सम्पूर्ण गांव की गलियों खेडा महाराज से होते हुए शिव मन्दिर पर आकर सम्पन्न हुई। तत्पश्चात मन्त्रोच्चार के साथ मन्दिर में माता पार्वती, गणेशजी व कार्तिकेय की मूर्ति स्थापना की गयी। वहीं मन्दिर प्रांगण में चल रही शिव महापुराण के ग्यारवे दिन महात्मा आत्मानन्द गिरि महाराज ने ऋषि दधिचि के तप व आत्मत्याग की कथा सुनाते हुए कहा कि ऋषि दधीचि की कहानी देवताओं और असुरों के बीच युद्ध से संबंधित है।

# खराब रैंकिंग वाले सुधार लाएं: डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि खराब रैंकिंग वाले विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी बंसल आज की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने आबक. ारी, उद्योग, मण्डी, डूडा, एसडीए, गन्ना, खनन विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खराब रैंकिंग वाले विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। आबकारी विभाग का राजस्व संग्रह कम होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होने कारणों को पूछते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने तथा रैंकिंग को उच्चतम लाने के निर्देश दिए। मण्डी द्वारा किए जा रहे कार्यों की टीम गठित कर जांच करने के निर्देश देते हुए कहा कि रैंकिंग में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। श्री बंसल ने उद्योगों के तहत जीबीसी के अन्तर्गत उत्पादन के लिए रूके उद्योगों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत कार्यों को लक्ष्य के अनुरूप यथाशीघ्र किए जाने तथा उनकी मॉनीटरिंग घर-घर जाकर करवाए जाने के लिए कहा।

जिला गन्ना अधिकारी को कृषक बंधुओं के लम्बित भुगतान यथाशीघ्र करवाने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सेंट मैरी के छात्रों ने की कांवड़ सेवा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रसिद्ध शिक्षण संस्था सेंट मैरिज अकैडमी मिशन कंपाउंड की प्रबंध समिति, प्रबंधक फादर जॉन चिमन, प्रधानाचार्या सिस्टर शीला, फादर टियागो, के नेतृत्व में कावड़ यात्रा सेवा शिविर लगाया गया। इस अवसर पर कावड़ यात्रियों की सेवा ,पेय जल, फल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

सेंट मेरी एकेडमी के शिविर हेतु हैंड्स टू केयर द्वारा आयोजित शिविर के बराबर वाले स्थान पर किया गया। अत: शिविर का आरंभ में हैंड्स टू केयर संस्था के काजल खुराना, कार्तिक खुराना, नमन सचदेवा ने सेंट मेरी एकेडमी के सभी लोगों को सम्मानित कर किया। इस अवसर पर प्रबंधक फादर जॉन चिमन, प्रधानाचार्य सिस्टर शीला, फादर टियागो, शिक्षकों अमित मित्तल, विवेक चौधरी, अरविंद कुमार एवं विद्यार्थियों ओजस पांचाल, सत्यम नारंग, वंश कपूर, अथर्व, जय शर्मा, मंसीरत सिंह, सानिध्य, दिव्यांश, इकशान खुराना, क्षितिज ने भारी बारिश में भी पूरे उत्साह के साथ इस सेवा शिविर में भाग लिया। इस अवसर पर अपने बच्चों के साथ आए अभिभावकों ने इस कार्य को अभूतपूर्व कार्य कहा। सभी ने प्रबंधक फादर जॉन चिमन, प्रधानाचार्य सिस्टर शीला के प्रयासों की बहुत प्रशंसा की और कहा कि ऐसे प्रयासों से विद्यार्थियों में धार्मिक सौहार्द, सामंजस्य, एवं सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति श्रद्धा का विकास होगा। इस अवसर पर अजीत, प्रीति गर्ग, पारस, हेमंत खुराना आदि मौजूद रहे।

# मानवता की सेवा से मिलता है सबसे अधिक पुण्य:मानवेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सोमवार को यहां शिव कावड़ सेवा समिति द्वारा लगाए गये आठवें कावड़ शिविर में बोलते हुए एस डी एम मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।मानवता की सेवा से ही सबसे अधिक पुण्य मिलता है।



सी ओ मुनीश चंद ने कहा कि सावन मास में कावड़ियों की सेवा करना भगवान भोलेनाथ की सेवा करने से समान है इस दौरान जितना भी सम्भव हो सके हम सबको कावड़ सेवा के लिए आगे आना चाहिए। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष एवं समिति के प्रबंधक वशिष्ठ गुप्ता ने कहा कि सेवा करने से मन को शांति मिलती है। इस मौके पर तहसीलदार प्रशांत अवस्थी, नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष अनिल सिंघल, भाजपा नेता राकेश गाबा,गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन सुधीर राणा, समिति के अध्यक्ष अमित चौधरी,कोषाध्यक्ष विनय चौहान, सुनील सैनी कानूनी सलाहकार,मुकेश चुघ,जिला पंचायत सदस्य मुकेश चौहान, अनिल मलिक, रामकुमार बंसल कालका वाले, दीपक सैनी, राजकुमार कम्बोज, गजेंद्र चौहान,विपिन राठी, सचिन सैनी, राजू चौधरी आदि मौजूद रहे।

## कांवडियों पर पत्रकारों ने बरसाये फूल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ने जेल चुंगी पर कांवड़ियों का जोरदार स्वागत करते हुए पुष्पवर्षा की। जिलाध्यक्ष सुशील कपिल ने कहा की संगठित पत्रकार हितों की बात हो या फिर मानवीय सेवा भाव का मुद्दा हो, उपजा संगठन हर समय उन्हें अपने इर्द-गिर्द ही पाएगा । संगठन के महानगर अध्यक्ष आजम खान ने कहा की उपजा संगठन ही मात्र ऐसा संगठन है जहां पत्रकारों का हित सुरक्षित है।

# ड्रोन आधारित वॉल्युमेट्रिक एनालिसिस से खनन क्षेत्र की निगरानी प्रारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशानुसार जनपद में ड्रोन आधारित वॉल्युमेट्रिक एनालिसिस द्वारा क्रशर इकाइयों की निगरानी प्रारंभ कर दी गयी है।

खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, नियंत्रण एवं सख्त निगरानी हेतु ड्रोन आधारित वॉल्युमेट्रिक विश्लेषण प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। इससे सभी स्टोन क्रशर इकाइयों द्वारा संग्रहित खनिज सामग्री जैसे आर.बी.एम., गिट्टी आदि की मात्रा का सटीक और वैज्ञानिक पद्धति से आंकलन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि ड्रोन सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा का वॉल्युमेट्रिक एनालिसिस खनिज मात्रा की गणना के माध्यम से मूल्यांकन किया जाएगा। यह डिजिटल साक्ष्य के रूप में संग्रहित होगा और नियमानुसार सख्त कार्यवाही हेतु आधार बनेगा। यदि किसी क्रेशर इकाई पर निर्धारित मात्रा से अधिक खनिज सामग्री संग्रहित पाई जाती है, तो संबंधित क्रशर स्वामी के विरुद्ध प्रचलित खनन अधिनियमों के अंतर्गत कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी तथा अधिकतम जुर्माना वसूला जाएगा। जिलाधिकारी श्री बंसल ने बताया कि ड्रोन आधारित यह सर्वे पुख्ता डिजिटल प्रमाण प्रदान करेगा, जिसे भविष्य में किसी भी स्तर पर पुन: जांच की आवश्यकता नहीं होगी।

## कांवड़ सेवा शिविरों का शुभारंभ

**गंगोह।** नगर में कावंडियों की आवक के साथ सेवा शिविरों का सोमवार को कई सेवा शिविरों का शुभारंभ किया गया। सोमवार को बरसात के बावजूद गंगोह की सडके पूरी तरह शिव मय हो गई।

बाइपास पर कौशल्या गार्डन में पूर्व चेयरमेन नोमान मसूद द्वारा आयोजित शिविर का उद्घाटन मौके पर मौजूद कावडियों ने शिव स्तुति कर किया। इस अवसर पर नोमान मसूद ने कहा कि भक्तों की सेवा से बढ़ कर कोई दूसरा पुण्य नही है। उन्होंने कहा कि हिंदु समाज में कांवड़ यात्रा का महत्वपूर्ण स्थान है तथा ऐसे सेवा के कार्यो मे सभी को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होने कावडियों को भोजन भी परोसा। इस मौके पर मनीष, पुनीत, अनमोल, पहल सिंह सैनी, दीपांशु गोयल, सुहेल खान मौजूद रहे।

# स्वच्छता पर बनाएं रील-वीडियो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वच्छता एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम द्वारा एक सात दिवसीय विशेष प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। पूरे शहर के नागरिक इसमें भागेदारी कर सकें, इसके लिए प्रतियोगिता को विभिन्न श्रेणियों में रखा गया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी दिए जायेंगे। प्रविष्टियाँ भेजने की अंतिम तिथि 26 जुलाई रखी गयी है।

स्मार्ट सिटी के कंपनी सचिव शंकर तायल ने बताया कि स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में नगर निगम सहारनपुर को देशभर में प्राप्त 16वीं रैंक की उपलब्धि के उत्सव स्वरूप प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए स्वच्छता को एक जनआंदोलन का रूप देना है। प्रतियोगिता में हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित हो इसके लिए प्रतियोगिता एक दर्जन से अधिक श्रेणियों में आयोजित की गयी है। प्रतियोगिता की स्कूल श्रेणी में पोस्टर, कविता, स्लोगन, कॉलेज/युवा श्रेणी में रील्स, डिजिटल पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, घरेलू महिला श्रेणी में रसोई व घरेलू स्वच्छता आधारित वीडियो, आम नागरिक श्रेणी में रील्स/फोटो/वीडियो, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर श्रेणी में सोशल मीडिया कैंपेन आधारित कंटेंट, बच्चों की श्रेणी (5-15 वर्ष) में चित्रकला व कहानी, वरिष्ठ नागरिक श्रेणी में अनुभव साझा करना, व्यावसायिक प्रतिष्ठान श्रेणी में दुकान या बाजार क्षेत्र में स्वच्छता को दर्शाते फोटो/वीडियो, औद्योगिक इकाई श्रेणी में फैक्ट्री/उद्योगों में स्वच्छता प्रयासों पर आधारित रील्स व वीडियो, स्वयंसेवी संगठन श्रेणी में एनजीओ/समाजसेवी संस्थाओं द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान की प्रस्तुति, मौहल्ला समिति श्रेणी में कॉलोनी व पार्क स्तर पर किए गए स्वच्छता कार्यों की झलक, सफाई मित्र/निगम कर्मी श्रेणी में सफाईकर्मियों के अनुभव या योगदान को उजागर करती प्रविष्टियों के अलावा दिव्यांगजन श्रेणी में दिव्यांग प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत स्वच्छता संबंधित रचनात्मक कार्यो पर आधारित रील्स व वीडियों आदि बनानी होगी।

कंपनी सचिव ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सहारनपुर स्मार्ट सिटी की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

# रक्तदान शिविर लगाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्लड हेल्पलाइन की ओर से 100वे रक्तदान शिविर का आयोजन कर 250 से भी अधिक रक्तदान एकत्रित किया।

सोमवार को मंडी समिति रोड स्तिथ मैसूर पैलेस में ब्लड हेल्पलाइन द्वारा अपने 100वे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 250 से अधिक यूनिट रक्तदान कर लोगों की मदद करने की दिशा में कदम बढ़ाया। इस रक्तदान शिविर में पत्रकारों द्वारा भी रक्तदान कर थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों और जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान कर सेवाभाव का परिचय दिया गया। शिविर में यूपी एक्टिव प्रेस क्लब के सदस्य काशिफ खान ने 16वी बार और शाकिर राजपूत ने प्रथम बार रक्तदान किया।

# बारिश के तेज बहाव में सड़कें क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** सोमवार को सुबह करीब 5 बजे शिवालिक की पहाड़ियों सहित घाड क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई है। जिसकी वजह से तमाम बरसाती नदियां उफन पड़ी और कई जगह नदी के रास्ते बंद हो गए, बारिश के तेज बहाव में सड़के भी क्षतिग्रस्त हुई है दोपहर बाद ग्रामीणों ने जरूरत के मुताबिक रास्तों को ठीक कर आवागमन शुरू किया।



घाड क्षेत्र में सावन माह की आज सोमवार को पहली बारिश हुई जो सुबह करीब 5 बजे शुरू होकर 11 बजे तक लगातार होती ही रही, इस दौरान हिंडन नदी, रजवा नदी, मोहण्ड रो, सोलानी नदी सहित तमाम नदियों और नालों ने कहर बरसाया है। गनीमत रही कि कोई भी ग्रामीण कही बाढ़ की चपेट में नहीं आया, लेकिन नदियों के कटाव से सड़के और रास्ते दोपहर तक बंद हो गए थे।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अपनी सुविधा के हिसाब से दोपहर को बारिश थम जाने के बाद रास्ते ठीक कर आवागमन सुचारू किया है, इस दौरान कस्बे के बुग्गावाला रोड स्थित उत्तराखंड बॉर्डर पर सड़क का एक बड़ा हिस्सा टूट जाने से राहगीरो को भारी परेशानी उठानी पड़ी, गांव हसनावाला में घेरकर्मा के निकट बारिश के पानी ने सड़क तोड़कर रख दी, इसी तरह हिंडन नदी में आई बाढ ने नौरंगपुर के पास सुंदरपुर-शाकुम्भरी देवी मार्ग पर कच्ची एप्रोच रोड क्षतिग्रस्त हो गई है, थापुल रोड स्थित किशनगढ़ कॉलोनी के कई घरों में पानी घुस जाने से कीमती सामान खराब हो गया है, यही स्थिति गांव गणेशपुर, खुशहालीपुर और टांडा मानसिंह, सुंदरपुर, भगवतपुर, तोता टांडा आदि में भी बताई जा रही है शिव भक्त कांवड़िए भी सुबह शिव मंदिर बिहारीगढ़ के बाहर कई घंटे तक मूसलाधार बारिश रुक जाने का इंतजार करते रहे।

# कांवड़ियों की सेवा को लगाया शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ तीर्थ यात्रियों की सेवा के लिए पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल द्वारा देहरादून चौक पर भव्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शि. विर में कांवड़ियों के लिए प्रात: जलपान से लेकर दोपहर व रात्रि के भोजन की विशेष व्यवस्था की गई थी।



शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक एवं मंत्री माननीय संजय गर्ग द्वारा किया गया। उन्होंने शिव भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए व्यापार मंडल के इस सेवाभावी आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा के नेतृत्व में हुआ। शिविर में प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारती भानू एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार, प्रदेश संयोजक नाथीराम पठेडिया, जिला अध्यक्ष विनय जैन, जिला महासचिव शांतनु शर्मा, जिला संयोजक स. हरप्रीत सिंह बग्गा, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण सैनी, नगर अध्यक्ष सन्नी विजय मल्होत्रा, नगर महासचिव रोी. हत अग्रवाल, नगर कोषाध्यक्ष सीए राघव गर्ग, राकेश वर्मा, सुशील काम्बोज, नवऋषि भानू एडवोकेट समेत अनेक व्यापारी बंधुओं ने भाग लेकर शिव भक्तों की सेवा की और पुण्य लाभ अर्जित किया।

## कावंड़ियों को फल व पानी का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मॉर्निंग वॉक ग्रुप द्वारा आयोजित सेवा शिविर में हरिद्वार से काँवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर जा कावड़ियों को पानी व फल वितरित किये गए।

सोमवार को मॉर्निंग वॉक ग्रुप द्वारा दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर शि. विर का आयोजन किया गया। जिसमें हरिद्वार से कावड़ लेकर आ रहे कावड़ियों को ग्रुप के सदस्यों ने पानी,फ्रूटी व फल आदि वितरण कर कावड़ियों की सेवा की। इस मौके पर मॉर्निंग वॉक ग्रुप के अध्यक्ष संदीप मित्तल ने बताया ग्रुप समय-समय पर धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा, सुरेंद्र फौजी, नीरज शर्मा, हरिओम शर्मा, जुगमेंद्र रावत, गौरव मित्तल, सागर श्यामलाल,पदम सिंह एडवोकेट आदि का सहयोग रहा।

# श्रावण माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक, कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को महानगर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने पूर्ण आस्था और भक्ति भाव से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की और जीवन में सुख-शांति की कामना की।

सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदि. रों जैसे श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर, श्री बागेश्वर महादेव मंदिर, श्री पातालेश्वर मंदिर, श्री शिव मंदिर, श्री हरि मंदिर, श्री नारायण पुरी मंदिर , श्री राधा कृष्ण मंदिर, श्री गौरी मंदिर और श्री गोपाल मंदिर सहित सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे, वहीं नगर निगम द्वारा मंदिर परिसर और आसपास की साफ-सफाई के विशेष प्रबंध किए गए थे। कई मंदिरों के बाहर रंगोली सजाई गई थी, जिससे श्रद्धालु वातावरण में अध्यात्मिक सौंदर्य का अनुभव कर सकें। श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में मंदिर समिति द्वारा बेलपत्र, फल-फूल, भांग, धतूरा और पंचामृत की व्यवस्था की गई थी ताकि भक्तजन विधिपूर्वक जलाभिषेक कर सकें। मंदिरों में व्यवस्था बनाए रखने हेतु श्रद्धालुओं को कतारबद्ध किया गया, जिससे किसी को असुविधा न हो। इसी क्रम में हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ तीर्थ यात्रियों का मंदि. रों में प्रवेश भी शुरू हो गया है। मंदिरों में उनका भव्य स्वागत कर उन्हें जलाभिषेक के लिए सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। श्रावण मास में इस तरह की धार्मिक गतिविधियों से नगर का माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया है। जनपद के कस्बों एवं गांवों में भी दूसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर मंदिरों में पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया।

**गागलहेड़ी।** श्रावण माह के द्वितीय सोमवार को भाजपा नेताओं द्वारा शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई है।शिवरात्रि के नजदीक आते ही शिव भक्तों की संख्या बढ़ रही है।

सोमवार को गागलहेड़ी के अग्रसेन चौक पर हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आ रहे शिव भक्तों पर भाजपा नेताओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई है।राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने पुष्प डाल कर शिव भक्तों का स्वागत किया है।हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने गंत्वय की और बढ़ रहे शिव भक्तों ने सहारनपुर की जनता का दिल से आभार व्यक्त किया है। और पुलिस प्रशासन की भी जमकर तारीफ की है। इस दौरान राज्य मंत्री जसवंत सैनी, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, मेयर अजय सिंह, नगर विधायक राजीव गुम्बर, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, पाल्ली कालड़ा, महिपाल वाल्मीकि, राजपाल जुड्डा, मण्डल अध्यक्ष बिजेंद्र धीमान, गागलहेड़ी ग्राम प्रधान फरमान मलिक, अरुण यादव, राजेश जोहरी, लोकेश यादव, सुलेश्वर कश्यप, विनीत गुप्ता, सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



**तीतरों।** सावन माह के दूसरे सोमवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। ठाकुरद्वारा मंदिर में शिव महापुराण कथा के दौरान कथा व्यास सुषमा पाराशर ने कहा कि शिव साकार और निराकार दोनों ही रूप में है। भगवान शिव की उपासना के लिए सावन का महीना सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। जहां धर्म है वहां शिव है।

उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति घर में अपने माता-पिता का सेवा और सम्मान करता है भगवान शिव उसे पर विशेष कृपा रखते हैं। इस दौरान पुजारी रामकुमार पाराशर, संजय चौधरी, कर्ण सिंह, ओमवती देवी, रीना, संगीता, सोनम, आदेश शर्मा, मुन्नी देवी, राजकुमारी शर्मा, सतीश कुमार नीरज कुमार, मोहित अरोड़ा, शिवकुमार, महक सिंह, मांगेराम, समीर अग्रवाल, सत्यवीर, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

**गंगोह।** नगर व क्षेत्र के शिव मंदिरों में सावन माह में चलने वाले कार्यक्रम लगातार चल रहे है। कई मंदिरों में शिव महा पुराण की कथा भी चल रही हे। सावन के दूसरें सोमवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हो रही।

श्रावण मास में आयोजित कार्यक्रम चल रहे है। मोहल्ला कानूनगोयान, ईशरा, सरार्फ बाजार शिव हनुमान मंदिर, बड़ा शिवालय, बालाजी धाम, वैष्णों देवी धाम व अन्य शिव मंदिरों में भी पूरे माह धार्मिक आयोजन चलेगा। सबसे पहले श्रद्धालुओं ने मंदिरों में आयोजित पूजा पाठ में भाग लिया। सावन माह में सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती हे। सावन माह आरंभ होते ही कार्यक्रम आरंभ हो गए थे। इसी दिन अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में भी विशेष पूजा कार्यक्रम आरंभ कर दिए गए थे। सावन के दूसरें सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। हर-हर, बम-बम ने माहौल को शिव मय बना दिया। गुड़छप्पर के मंदिरों में ज्यादा भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव पर बेल पत्र चढ़ाकर उनका अभिषेक किया।

# न्याय की जीत

सोमवार को मुंबई उच्च न्यायालय से एक बड़ा फैसला आया। जिसमें 2006 में हुए मुंबई लोकल ट्रेन सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के सभी 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। इनमें पांच अभियुक्त वह थे, जिनको निचली अदालत से फांसी की सजा मिल चुकी थी। बाकी सात को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। यह फैसला विशेष मौका अदालत ने सितम्बर 2015 में दिया था। जिन लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी, उनमें एक कामिल अंसारी भी था। जिसकी मौत नारको सेंटर जेल में बंद होने के दौरान कोरोना से मौत हो गई थी। यह फैसला हादसे के 19 साल बाद आया। यहां यह बताना भी जरूरी है कि यह घटना 11 जुलाई 2006 में तब हुई थी, जब शाम के व्यस्त समय में मुंबई के उप नगरीय रेलवे नेटवर्क ने पश्चिमी रेलवे की ट्रेनों को प्रथम श्रेणी के डिब्बों को निशाना बनाया गया था। हताहतों की संख्या बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए प्रेशर बमों ने 189 लोगों की जान ले गई थी और सात सौ से अधिक लोग घायल हुए थे।

इस पूरे मामले की जांच महाराष्ट्र के आतंक विरोधी दस्ते ने की थी और उसकी जांच में आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और सीमी की संलिप्तता की बात सामने आई थी और 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। निचली अदालत के फैसले को मुंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी और इस पूरे मामले की पैरवी आरोपियों की तरफ से महाराष्ट्र की जमीयत उलेमा कमेटी ने की थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। निश्चित रूप से मुंबई उच्च न्यायालय के इस फैसले का जहां स्वागत हो रहा है, वहीं कुछ सवाल भी खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि कोई भी समझ सकता है कि जो लोग 19 साल तक जेल में रहे, वे किस यातना से गुजर रहे होंगे। वह भी निर्दोष होते हुए। सुनवाई कर रही पीठ ने जिस तरह की टिप्पणी अपने फैसले में की है, वह भी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

क्योंकि अदालत का कहना है कि विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने अपराध किया था। पीठ ने अविश्वसीनय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की। पीठ का साफ कहना है कि इस्तेमाल हुए बम के ब्योरे सहित दूसरे बुनियादी तथ्यों को स्थापित करने में एटीएस विफल रही है। यहां तक कि अपने फैसले में कहा कि जांच एजेंसी आरोपों की पुष्टि के लिए कोई भी ठोस सबूत पेश करने में विफल रही। निश्चित रूप से अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र एटीएस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है और यह भी बताने के लिए काफी है कि हमारी जांच एजेंसियां बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण मामले में भी किस तरह अपने काम को अंजाम देती हैं। अब एक सवाल तो यह भी पैदा होता है कि जो मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस के आरोपी निर्दोष हो गए तो फिर असली आरोपी कौन हैं। इसका जवाब कौन देगा। शायद कोई नहीं। यह किसी विडंबना से कम नहीं है कि 19 वर्ष तक निर्दोष लोग आतंकवाद का कलंक लेकर जेल की सलाखों के पीछे रहे।

## विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार



विपक्ष का नेता होने के बावजूद उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया, रक्षा मंत्री और सरकार के अन्य लोगों को बोलने की इजाजत है, लेकिन विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा, मैं विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार है, मुद्दे उठाना मेरा काम है, लेकिन वे मुझे बोलने नहीं दे रह, सरकार एक नया तरीका अपना रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन से चले गए, अगर वे अनुमति दें तो चर्चा हो सकती है, लेकिन मुद्दा यह है कि संसदीय परंपरा कहती है कि अगर सरकार के नेताओं को बोलने की अनुमति है, तो हमें भी जगह दी जानी चाहिए, हम बोलना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

## मुंबई ट्रेन ब्लास्ट: 19 साल बाद बाइज्जत बरी

# कौन लौटाएगा 19 साल





**वसीम अकरम त्यागी**

अंग्रेजी की एक लोकप्रिय सूक्ति है जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड अर्थात न्याय में देरी, न्याय से वंचित होने के समान है आसान शब्दों में कहें तो न्याय में देरी न्याय नहीं अन्याय है। भारत में ऐसे दर्जनों उदाहरण है जहां अदालत से न्याय पाने के लिए नागरिकों ने लंबी लड़ाई लड़ी हैं।

बीती 21 जुलाई को मुंबई हाईकोर्ट से 19 साल बाद न्याय पाने वाले 12 तथाकथित आतंकी शायद इस सूक्ति को ना कह पाएं क्योंकि उन्होंने अपने आपको निर्दोष साबित करने के लिए लगभग दो दशक लंबी लड़ाई लड़ी, तब जाकर अदालत ने उन्हें दोषमुक्त किया। दरअसल 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में सीरियल ब्लास्ट हुए थे। ये ब्लास्ट सात जगह पर हुए जिसमें 209 लोगों की जानें गईं, जबकि 714 लोग घायल हुए थे। 19 साल बाद 21 जुलाई को आए बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले ने सभी आरोपितो को बरी कर दिया है। यहां यह उल्लेख जरूरी है कि एंटी टेररिज्म स्क्वैड (एटीएस) ने 20 जुलाई, 2006 से तीन अक्टूबर, 2006 के बीच आरोपितों को गिरफ्तार किया। उसी साल नवंबर में आरोपितों ने कोर्ट को लिखित में जानकारी दी कि उनसे जबरन इकबालिया बयान लिए गए। एटीएस की चार्जशीट में 30 आरोपी बनाए गए। इनमें से 13 की पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के तौर पर हुई।

11 सितंबर 2015 को स्पेशल मकोका कोर्ट ने 13 आरोपितों में से 12 आरोपितों को दोषी माना और पांच को फांसी सात को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए एक आरोपी को बरी कर दिया था। लेकिन मुंबई हाईकोर्ट ने मकोका कोर्ट का फैसला पलटे हुए तमाम आरोपितों को बरी कर दिया है। मुंबई हाईकोर्ट के हालिया फैसले ने एक बार फिर सुरक्षा जांच एजेंसियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सुरक्षा एजंसियों में कार्यरत अधिकारी पूर्वाग्रह से ग्रस्त नहीं हैं? क्या यह इत्तेफाक है कि सुरक्षा एजंसियां जिन्हें इस तरह के बम ब्लास्ट का आरोपी बनाया, वो सब एक ही समुदाय के हैं। सुरक्षा एजंसियों द्वारा आरोपितों की गिरफ्तारी के वक्त एक जैसी ही कहानियां गढ़ीं गई हैं और वो कहानियां अदालत में न्याय की कसौटी पर खरी ही नहीं उतर पाईं। इस तरह की आतंकी घटना के बाद सुरक्षा एजंसियों ने कुछ उर्दू नामधारी संगठनों पर आरोप लगाया और फिर कुछ युवाओं को गिरफ्तार कर उनके तार पाकिस्तान से जोड़कर अपनी जिम्मेदारी अदा कर ली। इन तथाकथित आतंकियों के बरी होने की यह पहली घटना नहीं है, बल्कि आम नागरिकों को आतंकवाद के आरोप में फंसाकर उनकी जिंदगी के बेशकीमती वक्त को बर्बाद करने का एक लंबा सिलसिला है, एक लंबा इतिहास है। यहां भारत के तीन राज्यों में हुई बम विस्फोट की तीन घटनाओं की उल्लेख जरूरी है। गुजरात के गांधीनगर स्थित अक्षरधाम मंदिर पर 2002 में हुए आतंकी हमले में 32 लोग मारे गए थे और 80 से ज्यादा घायल हुए थे।

इस हमले के बाद, छह लोगों को दोषी ठहराया गया था, जिनमें से चार ने 11 साल जेल में बिताए थे। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इन सभी को बरी कर दिया। इन्हीं में एक मुफ्ती अब्दुल कय्यूम थे, उन्होंने अपनी बेगुनाही पर ह11 साल सलाखों के पीछे नामी चर्चित पुस्तक भी लिखी। इस पुस्तक में उनके साथ हुई ज्यादती का उल्लेख है। 13 मई 2008 को जयपुर में आतंकी घटना घटी थी। बम ब्लास्ट की इस घटना में 73 लोगों की जान गई थी। इस मामले में निचली अदालत ने 20 सितंबर 2019 को सैफ, सैफुल रहमान, सरवर और सलमान को फांसी की सजा सुनाई थी, लेकिन 29 मार्च 2023 को राजस्थान हाईकोर्ट ने चारों आरोपितों को बरी कर दिया। ये तीन ऐसे मामले हैं, जिनमें निचली अदालतों ने आरोपितों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थीं, लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों के फैसलों को पलटते हुए दोषी ठहराए गए लोगों को बाइज्जत बरी किया है। यहां निचली अदालतों के इंसाफ करने की नीयत संदिग्ध नहीं लगती? आतंकवाद के ऐसे गंभीर मामलों में जिन आरोपितों को निचली अदालत दोषी ठहराती है, वही आरोपी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में बाइज्जत बरी होते रहे हैं। बाइज्जत बरी। अदालत में इस एक लफ्ज को साबित करने के लिए सुरक्षा एजंसियों और मीडिया ट्रायल द्वारा आतंकवादी बनाए गए बेगुनाहों ने लंबा संघर्ष किया है। यहां अमेरीकी लेखक मैल्कम फीली द्वारा लिखी गई किताब द प्रोसेस इज द पनिशमेंट का उल्लेख प्रासंगिक है। द प्रोसेस इज द पनिशमेंट यानी न्यायिक प्रक्रिया ही सजा है। सोचिए। मुंबई ब्लास्ट के आरोपितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए दो दशक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी है। जयपुर ब्लास्ट के आरोपितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए 14 वर्ष लंबी कघनूनी लड़ाई लड़नी पड़ी है। अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट के आरो. पितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए 11 साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी है। ऐसे दर्जनों उदाहरण हैं, जब बेगुनाह होते हुए भी नागरिकों ने अपनी जिंदगी के बेशकीमती 10, 15, 20 यहां तक की 25 साल जेल की काल कोठरी में बिताए हैं। इन आरोपितों के बरी होने ने एक नहीं कई सवाल खड़े किए हैं। पहला सवाल यह कि ब्लास्ट के पीड़ितों को इंसाफ नहीं मिल पाया। दूसरा उस बम ब्लास्ट को करने के आरोप में अपने ही बेगुनाह नागरिकों की जिंदगी को जेल की काल कोठरी में तबाह करने का गुनाह जांच एजेंसियों ने अपने सर लिया है। तब सवाल यह है कि ब्लास्ट के असली गुनहगार कौन हैं? असली आतंकवादी कौन हैं, क्योंकि जिन्हें गुनहागार और आतंकी बताकर देश के सामने लाया गया, झूठी कहानियां गढ़-गढ़ कर जिनका मीडिया ट्रायल किया उन तथाकथित आतंकियों को तो अदालत बरी कर चुकी है। तब असल गुनहागर कौन हैं? यह सवाल सिर्फ मुंबई ट्रेन ब्लास्ट का ही नहीं, अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट का भी है कि गुनहगार कौन हैं? सिर्फ अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट ही नहीं बल्कि सवाल यह भी है कि जयपुर ब्लास्ट के गुनहगार कौन हैं? इसके अलावा दर्जनों ऐसी घटनाएं हैं, जिनके सभी आरोपी अदालत से बरी हुए हैं। मुंबई हाईकोर्ट के फैसले पर ओडिशा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रहे जस्टिस एस. मुरलीधर ने सुरक्षा एजेंसियों की कार्यशैली और नीयत दोनों पर ही गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जस्टिस मुरलीधर ने कहा, इस मामले में जानबूझकर पक्षपातपूर्ण जांच की गई। बेगुनाह लोगों को जेल भेजा गया और जब वे वर्षों बाद बाहर आते हैं, तो उनकी जिंदगी की पुनर्निर्माण की कोई संभावना नहीं बचती। ये 12 लोग 17 साल से सलाखों के पीछे थे। उनकी पूरी जवानी और जिंदगी का सबसे अहम हिस्सा खत्म हो चुका है। ऐसे मामलों में जहां जनभावनाएं उबलती हैं, वहां पुलिस अफसर गुमराह किए जाते हैं और फिर मीडिया ट्रायल के जरिए दोष तय कर दिए जाते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंसें पहले होती हैं, सबूत बाद में ढूंढे जाते हैं। क्या किसी ने सोचा है कि आतंकवाद के मामलों में आरोपी बनाए गए लोग और उनके परिवार किस मानसिक प्रताड़ना से गुजरते हैं। परिवार तो छोड़िए रिश्तेदार और दोस्तों तक मीडिया ट्रायल होता है। आरोप लगते है जिस तरह मीडिया ने सूत्र का हवाला देकर कैसी कैसी कहानियां बनाई हैं, उससे तो सभी वाकिफ हैं। अब मीडिया की नैतिकता पर भी सवाल है। जिन एंकर्स जिन चैनल्स, अखबारात ने अदालत के फैसले से पहले ही इन बेगुनाहों को आतंकी कहकर लिखकर प्रचारित प्रसारित किया था, क्या अदालत के फैसले के बाद वो अपने उस गुनाह की नैतिक जिम्मेदारी लेकर इन बेगुनाहों से माफी मांगेंगे? निर्दोष साबित होने तक दोषी मानने की धारणा ने कितने ही बेगुनाहों से उनके अपनों को दूर किया है। अदालत को ऐसे मामलों में सिर्फ मुकम्मल इंसाफ देना चाहिए, जिन अफसरों ने नागरिकों को झूठे इलजाम में फंसाया है, उन्हें सजा भी देनी चाहिए और जिन नागिरकों ने बेकसूर होते हुए भी जेल काटी है, उन्हें इसका मुआवजा मिलना चाहिए, मुआवजा की यह रकम उन्हें फंसाने वाले अधिकारियों से वसूल करनी चाहिए।

(लेखक पत्रकारिता से जुड़े हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# भारत की एकता, साहस व आकांक्षाओं का प्रतीक तिरंगा



**श्वेता गोयल**

विश्व में प्रत्येक राष्ट्र का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय ध्वज ही उसकी मर्यादा और अस्मिता से जुड़ा होता है, लेकिन इस मायने में हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा अन्य राष्ट्र ध्वजों के मुकाबले अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। चूंकि अंग्रेजों से भारत की मिली आजादी के चंद दिन पहले ही 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान भारतीय तिरंगे को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया था, इसीलिए भारत में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है।

आधिकारिक रूप में तिरंगे को अपनाने के बाद से यह देश की एकता, साहस और आकांक्षाओं का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज दिवस भारत की सम्प्रभु राष्ट्र बनने की यात्रा का स्मरण कराता है। तिरंगा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता के लिए इसके कठिन संघर्ष और एकजुट एवं समृद्ध राष्ट्र के लिए अपने लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। हमारा राष्ट्र ध्वज न केवल राष्ट्र की एकता, अखंडता, गरिमा, गौरव, शक्ति, आदर्श और आकांक्षाओं का प्रतीक है बल्कि समूचे विश्व को त्याग की भावना एवं शाति का संदेश भी देता है। यह हमारी स्वतंत्रता का भी प्रतीक है क्योंकि आजादी की लड़ाई में क्रांतिकारियों को एकजुट करने में इसकी बहुत अहम भूमिका रही।

तिरंगे ने ही भारतवासियों को एकता और भाईचारे का संदेश देकर उन्हें एक सूत्र में पिरोकर अंग्रेजों से लोहा लेने को प्रेरित किया था। तब क्रांतिकारियों के लिए राष्ट्र ध्वज का सम्मान अपने प्राणों से भी बढ़कर होता था, इसीलिए अंग्रेजों की लाठियां व गोलियां खाते हुए भी उन्होंने इसे कभी झुकने नहीं दिया। तीन रंगों की पट्टियों वाले राष्ट्रीय ध्वज की सबसे ऊपर की केसरिया रंग की पट्टी त्याग, बल और पौरूष की प्रतीक है जबकि बीच वाली सफेद पट्टी शांति और सत्य की प्रतीक है और सबसे नीचे की हरे रंग की पट्टी हरियाली, समृद्धि एवं सम्पन्नता की प्रतीक है। झंडे के बीचों-बीच सफेद पट्टी में स्थित गहरे नीले रंग का अशोक चक्र आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

24 तीलियों वाला अशोक चक्र देश की प्रगति, राष्ट्र के कानून और धर्म के पहिए का प्रतीक है। डा। सर्वपल्ली राधकृष्णन के शब्दों में कहें तो जो लोग इस ध्वज के नीचे कार्य करेंगे, उन्हें सत्य और सदाचार के सिद्धांतों का पालन करना होगा। राष्ट्र ध्वज के नीचे कार्य करने वालों से उनका तात्पर्य सरकारों और नौकरशाहों से था। राष्ट्र कोकिला सरोजिनी नायडू ने भी राष्ट्र ध्वज की महत्ता का उल्लेख करते हुए संविधान सभा में राष्ट्र ध्वज का प्रस्ताव पेश करते समय 22 जुलाई 1947 को कहा था कि नए भारत के सभी नागरिकों को इस राष्ट्र ध्वज को प्रणाम करना होगा और इसके नीचे कोई छोटा-बड़ा नहीं होगा।

राष्ट्र ध्वज का सफर 7 अगस्त 1906 को आरंभ हुआ था। हरे, पीले और लाल रंग की तीन पट्टियों से बना यह राष्ट्रीय ध्वज कलकत्ता के पारसी बागान में फहराया गया था। उस ध्वज पर ऊपर की हरी पट्टी पर एक ही पंक्ति में सफेद रंग के आठ कमल अंकित थे जबकि बीच वाली पीली पट्टी पर देवनागरी में गहरे नीले रंग से वंदेमातरम् लिखा था और नीचे की लाल पट्टी पर बाईं ओर एक सफेद सूर्य और दाईं ओर एक-एक सफेद चन्द्रमा और तारा अंकित थे। 'भारत का झंडा' नामक यह ध्वज हालांकि भारत के सभी धर्मों, सम्प्रदायों और साम्प्रदायिक सद्भावना को मद्देनजर रखते हुए तैयार किया गया था लेकिन यह ध्वज सर्वमान्य नहीं हो पाया। 1917 में डा. एनी बेसेंट और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा 'होमरूल आन्दोलन' चलाया गया था। उस समय एक नया राष्ट्रीय ध्वज तैयार किया गया, जिसमें लाल और हरे रंग की एक के बाद एक कुल 9 समानान्तर और तिरछी पट्टियां थी। उस ध्वज के बीचों-बीच 7 तारे थे और एक कोने में चांद व तारा अंकित थे जबकि उसके ऊपरी बाएं कोने में 'यूनियन जैक' का चित्र (झंडे का चौथाई भाग) बनाया गया था। झंडे में यूनियन जैक के इस चित्र को सम्मिलित किए जाने के कारण ही यह अधिकांश लोगों द्वारा नापसंद कर दिया गया

तब एक ऐसे ध्वज की आवश्यकता महसूस की गई, जो प्रत्एक धर्म, सम्प्रदाय और विच. ारधाराओं के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के साथ देशवासियों के लिए जीवन-मरण का प्रतीक भी बन सके। 1921 में विजयवाड़ा में कांग्रेस के अधिवेशन में आंध्र प्रदेश के पिंगली वैंकैया नामक क्रांतिकारी युवक ने महात्मा गांधी को एक ऐसा ध्वज भेंट किया, जिसमें लाल व हरे रंग की केवल दो पट्टियां थी लेकिन पंजाब के एक बुजुर्ग नेता रायजादा पंडित हंसराज ने गांधी जी को सुझाव दिया कि इस ध्वज में चरखे को भी अंकित किया जाए और तब गांधी जी ने यह सुझाव स्वीकारते हुए हिन्दुओं के लिए केसरिया रंग, मुस्लिमों के लिए हरा रंग तथा अन्य सम्प्रदायों के लिए ध्वज में सफेद रंग को भी शामिल किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कैराना सांसद इकरा हसन सद्भाव व सेवा की नई मिसाल





**मौ. आसिफ कुरैशी**

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है। कैराना लोकसभा क्षेत्र की सांसद इकरा हसन के खिलाफ की गई आपत्तिजनक और अशोभनीय टिप्पणी न केवल एक जनप्रति. निधि का अपमान है, बल्कि यह देश की समस्त महिलाओं के सम्मान पर सीधा प्रहार है।

जिस तरह से राजनीतिक विरोध की आड़ में महिला सांसद को निशाना बनाया गया है, वह भारत जैसे संवैधानिक लोकतंत्र में किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं हो सकता। लोकतंत्र में मतभेद की गुंजाइश हमेशा रहती है परंतु किसी के विरुद्ध इस प्रकार की भाषा का प्रयोग, विशेषकर एक महिला नेता के लिए, हमारे समाज की गिरती राजनीतिक मर्यादा का प्रतीक है। इकरा हसन एक शिक्षित, सक्रिय और जनसरोकारों से जुड़ी हुई सांसद हैं, जो लगातार अपने क्षेत्र और देशहित में कार्य कर रही हैं। उनके विरुद्ध की गई टिप्पणी यह दर्शाती है कि कुछ तत्व सांप्रदायिकता को बढ़ावा देकर अपनी रोटियां सेकने और सस्ती लोकप्रियता को हासिल की होड़ में लगे है,जो समाज के लिए हानिकारक है। ऐसे सोच रखने वाले व्यक्तियों को समाज के लोगों को आगे आकर लोकतांत्रिक रूप से विरोध करना चाहिए।

हम इस अभद्र और दुर्भावनापूर्ण टिप्पणी की घोर निंदा करते हैं और संबंधित व्यक्तियों से तत्काल माफी की मांग करते हैं। साथ ही प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में किसी भी जनप्रतिनिधि, विशेषकर महिला नेताओं को इस प्रकार की अपमानजनक स्थिति का सामना न करना पड़े।

आज जरूरत इस बात की है कि हम राजनीति में भाषा की मर्यादा बनाए रखें और महिलाओं के सम्मान की रक्षा करें। इकरा हसन पर की गई टिप्पणी न केवल उनके व्यक्तिगत सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है, बल्कि यह पूरे देश की महिलाओं के आत्मसम्मान के विरुद्ध है। आज कल पूरे देश में सांसद इकरा चौधरी के साथ एडीएम द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को लेकर माहौल गरमाया हुआ है, जबकि सांसद महोदया के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर प्रदेश के नेताओं ने मोर्चा संभालते हुए इकरा चौधरी का समर्थन किया है।

उत्तर प्रदेश की कैराना लोकसभा सीट, जो कभी सामाजिक तनाव और राजनीतिक उथल-पुथल के लिए चर्चा में रही, आज एक नई पहचान बना रही है। इस बदलाव की प्रेरणा हैं समाजवादी पार्टी की युवा सांसद इकरा चौधरी, जिन्होंने अपनी शिक्षा, संवेदनशील नेतृत्व, और जनसेवा के प्रति समर्पण से न केवल कैराना को नई दिशा दी है, बल्कि भारतीय राजनीति में एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में अपनी जगह बनाई है। उनकी सादगी, सर्वधर्म समभाव, और जमीन से जुड़ा दृष्टिकोण उन्हें न केवल कैराना की जनता की पसंदीदा नेता बनाता है, बल्कि देशभर में एक नई उम्मीद का प्रतीक भी बनाता है।

26 अगस्त 1994 को जन्मी इकरा चौधरी एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके दादा स्वर्गीय अख्तर हसन ओर पिता, स्वर्गीय चौधरी मुन्नवर हसन, और माता, बेगम तबस्सुम हसन, सांसद रह चुके हैं, लेकिन इकरा चौधरी ने अपनी पहचान केवल इस विरासत के सहारे नहीं बनाई। बल्कि उनकी शैक्षिक उपलब्धियां और विचारशीलता ने उन्हें एक विशिष्ट नेता के रूप में स्थापित किया है।

इकरा चौधरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी राम कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की, जो देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में से एक है। इसके बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से अंतर्राष्ट्रीय कानून और राजनीति में मास्टर डिग्री प्राप्त की। उनकी यह शैक्षिक पृष्ठभूमि उनके भाषणों, संसदीय चर्चाओं, और नीतिगत दृष्टिकोण में स्पष्ट रूप से झलकती है वे शिक्षा को केवल व्यक्तिगत विकास का साधन नहीं मानतीं, बल्कि इसे सामाजिक उत्थान और समावेशी विकास का आधार मानती हैं। यही कारण है कि वे अपने क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार को प्राथमिकता देती हैं, विशेषकर महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए। उनकी यह सोच उनके द्वारा उठाए गए शिक्षा से संबंधित मुद्दों में स्पष्ट दिखती है, जैसे कैराना में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना और अल्पसंख्यक व दलित छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा संस्थानों की मांग। 2024 के लोकसभा चुनाव में इकरा चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप चौधरी को लगभग 69,000 वोटों के अंतर से पराजित किया। यह जीत केवल एक राजनी. तिक सफलता नहीं थी, बल्कि यह उनकी जनता से गहरे जुड़ाव, उनकी सादगी, और हर वर्ग के साथ संवाद करने की कला की जीत थी। चुनाव प्रचार के दौरान इकरा चौधरी ने बड़े-बड़े वादों के बजाय जनता की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान का भरोसा दिलाने पर ध्यान दिया। उन्होंने कैराना, गंगोह, नकुड़, थानाभवन और शामली विधानसभाओं के क्षेत्रों में पैदल यात्राएं कीं, गांव-गांव जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को न केवल सुना, बल्कि उन्हें हल करने के लिए ठोस योजनाएं भी बनाईं। उनकी यह शैली, जिसमें वे हर समुदाय चाहे वह मुस्लिम, हिंदू, सिख, दलित, या पिछड़ा हो के साथ सहजता से संवाद करती थीं, जिसने उन्हें जनता का चहेता बना दिया। उनके प्रचार का एक अनोखा पहलू यह भी था उनकी सुलभता। वे न तो बड़े काफिलों के साथ चलीं और न ही अनावश्यक प्रचार पर ध्यान दिया। उनकी सभाओं में लोग उनकी सादगी और स्पष्टता से प्रभावित होते थे। मीडिया को एक स्थानीय निवासी ने कहा, था इकरा जी हमें अपनी बेटी जैसी लगती हैं। वे हमारी बात सुनती हैं और उसे संसद तक ले जाती हैं। जो क्षेत्र में उनकी बड़ी पहचान बनी हुई है। वो अपनी लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में जनता दरबार लगाती रहती है,ओर लोकसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका प्राथमिकता से निस्तारण कराती है। सांसद बनने के बाद इकरा चौधरी ने संसद में अपनी सक्रियता और स्पष्टवादिता से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। उनकी संसदीय कार्यशैली में एक अनुशासित और तथ्यपरक दृष्टिकोण दिखता है, जो उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। वे न केवल अपने क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठाती हैं, बल्कि राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी राय रखने में पीछे नहीं रहतीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### सीरिया पर हमले से अमेरिका गुस्साया

# व्हाइट हाउस ने नेतन्याहू को बताया 'पागल'

**वाशिंगटन।** इजरायल के सीरिया पर हमले से ट्रम्प नाराज हैं। एक्सियोस की एक रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस, इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बर्ताव पर नाखुशी जाहिर की है। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने नेतन्याहू को 'पागल' और 'ऐसा बच्चा जो सही व्यवहार नहीं करता' तक कह दिया है। व्हाइट हाउस का मानना है कि नेतन्याहू बेकाबू हो गए हैं और इस तरह काम कर रहे हैं, जैसे उनके पीछे कोई राजनीतिक एजेंडा हो। एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक्सियोस को बताया कि नेतन्याहू पागलों जैसी हरकतें कर रहे हैं। वह हर जगह बम गिरा रहे हैं।

इससे ट्रम्प की शांति कायम करने की कोशिशें कमजोर हो रही हैं। इजरायल ने सीरिया के ड्रूज (शिया) बहुल शहर स्वेदा में सीरियाई सेना के टैंकों पर हमला किया था, क्योंकि वहां स्थानीय सरकार पर नागरिकों की हत्या के आरोप लगे थे। इसके बाद इजरायल ने बुधवार को राजधानी दमिश्क पर भी हमला किया और कई इमारतों को निशाना बनाया। इजरायल ने 16 जुलाई को सीरिया की राजधानी दमिश्क में कई इमारतों पर हमला किया। अमेरिका, गाजा के चर्च पर हमले से भी नाराज इससे पहले गाजा में इजरायली टैंक की बमबारी में एकमात्र कैथोलिक चर्च पर हमला हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। इजरायली सेना ने इसे 'गलती' बताया, लेकिन अमेरिकी प्रशासन में इससे गुस्सा फैल गया। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हर दिन कुछ नया हो रहा है। ये सब क्या बकवास है? रिपोर्ट में कहा गया है कि सीरिया पर इजरायली हमला ट्रम्प प्रशासन के लिए पूरी तरह 'चौंकाने वाला' था। एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि गाजा के चर्च पर हुए हमले के बाद ट्रम्प ने नेतन्याहू को फोन कर जवाब मांगा। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस चर्च हमले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया, लेकिन उन्होंने नेतन्याहू को फोन किया और नाराजगी जताई। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को इस हमले पर माफी मांगनी चाहिए, जिसके बाद नेतन्याहू ने एक बयान जारी किया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि इस घटना पर ट्रम्प खुश नहीं हैं। सीरिया पर हमला व्हाइट हाउस के लिए इसलिए भी समस्या बन गया क्योंकि ट्रम्प उस देश में शांति लाना चाहते हैं और वहां पुनर्निर्माण के लिए अमेरिका की बड़ी भूमिका की घोषणा भी कर चुके हैं।



- इजरायली प्रधानमंत्री की हरकतों से ट्रम्प की शांति कायम करने की कोशिशें कमजोर हो रही हैं
- इजरायल ने सीरिया के ड्रूज (शिया) बहुल शहर स्वेदा में सीरियाई सेना के टैंकों पर हमला किया था
- इजरायल ने बुधवार को राजधानी दमिश्क पर भी हमला किया था

## इजरायली पीएम नेतन्याहू को फूड प्वाइजनिंग, 3 दिन वर्क फ्रॉम करेंगे

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फूड पाइजनिंग और शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की वजह से तबीयत खराब हो गई है। पीएमओ ने इसकी जानकारी दी। इसमें बताया गया है कि पीएम की हालत अब स्थिर है। नेतन्याहू अब 3 दिन घर पर रहकर ही आराम करेंगे। इस दौरान वे वर्क फ्राम होम यानी कि घर से ही अपना कामकाज संभालेंगे। नेतन्याहू रविवार सुबह होने वाली अपनी साप्ताहिक कैबिनेट बैठक में नहीं पहुंचे थे। इसके बाद से ही उनके स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठने लगे। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएमओ ने बताया कि नेतन्याहू की शनिवार रात ही तबीयत खराब लगने लगी थी। इसके बाद डाक्टर ने उनके घर पर पहुंचकर जांच की। डाक्टरों ने बताया कि नेतन्याहू को खाने की वजह से आंतों में सूजन हो गई थी।



नई दिल्ली। संसद भवन स्थित सीपीपी कार्यालय में उनके जन्मदिन समारोह के दौरान पार्टी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई देते पार्टी नेता।

## ईरान ने प्रतिबंध लगाए जाने के मामले में दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अरागची ने कहा है कि उनके देश पर प्रतिबंध लगाने के मामले में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की विश्वसनीयता को कम नहीं करना चाहिए। उन्होंने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ई3 देशों के पास 2015 के परमाणु समझौते के प्रावधानों या यूएनएससी प्रस्ताव 2231 को लागू करने के लिए 'कानूनी, राजनीतिक और नैतिक आधार' का अभाव है। यह आधार ही ईरान के समझौते का पालन न करने पर उस पर फिर से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि 2018 में अमेरिका के संयुक्त व्यापक कार्य योजना से हटने के बाद, ईरान ने सुधारात्मक उपाय करने से पहले विवाद समाधान तंत्र का उपयोग किया, जबकि ई3 अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करने में विफल रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया के सुवैदा में विरोधी गुटों में फिर हुई झड़पें

**दमिश्क।** दक्षिणी सीरिया के सुवैदा प्रांत के ग्रामीण इलाकों में रविवार को द्रूज समुदाय के लड़ाकों और अंतरिम सरकार समर्थित बद्दू आदिवासियों के बीच भीषण झड़पें हुईं, जिससे क्षेत्र में युद्धविराम की नाजुक स्थिति और भी खतरे में पड़ गई है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फ़ॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि द्रूज आबादी वाले इलाकों पर धावा बोलने की तैयारी के संकेतों के बीच, बुस्तान, दामा और नज़रान गांवों में आदिवासी लड़ाकों की ओर से बड़ी संख्या में बंदूकधारी इकट्ठा हो गए हैं।

### रूस में बस हादसे में 14 लोगों की मौत

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के साखा राज्य में सोमवार तड़के एक बस के खाई में गिर जाने से 14 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राज्य के गृह विभाग की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:20 बजे डेनिसोव्स्की माइनिंग एंड प्रोसेसिंग प्लांट द्वारा संचालित एक सड़क पर हुई। इस बस में 30 से अधिक लोग सवार थे और यह सड़क से उतर कर नीचे 25 मीटर खाई में गिर गई।

### रूस शर्तों के साथ यूक्रेन से बातचीत को तैयार

**मॉस्को।** रूसी संसद क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रविवार को कहा कि यूक्रेन से समझौते की दिशा में रूस तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है, लेकिन इस समझौते में लक्ष्यों को हासिल करने की बात होनी चाहिए। पेसकोव ने सरकारी टेलीविजन को दिए साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बार-बार यूक्रेनी समझौते को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण निष्कर्ष पर पहुंचाने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। यह एक लंबी प्रक्रिया है, इसके लिए प्रयास की आवश्यकता है, और यह आसान नहीं है।

### पोलैंड की वायु सेना अलर्ट पर

**मॉस्को।** पोलैंड ने यूक्रेन में कथित रूसी गतिविधियों के बीच अपनी और सहयोगी वायु सेनाओं को सक्रिय कर दिया है। पोलिश सशस्त्र बल परिचालन कमान ने कहा है कि उनके देश और सहयोगी वायु सेनाओं ने अभियान शुरू कर दिया है और वायु रक्षा और रडार टोही प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

# ट्रम्प ने ओबामा की गिरफ्तारी का AI वीडियो किया शेयर

## एफबीआई ने कॉलर पकड़कर गिराया

- हथकड़ी लगाई, पास में बैठे मुस्कुराते दिखे अमेरिकी प्रेसिडेंट
- वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की गिरफ्तारी का एआई से बना वीडियो पोस्ट किया है। इस वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि बराक ओबामा को एफबीआई एजेंट व्हाइट हाउस के ओवल आफिस में गिरफ्तार कर रहे हैं।

वीडियो में ओबामा को ट्रम्प के पास बैठे दिखाया गया है। इसके बाद 3 एजेंट्स आते हैं। एजेंट्स ओबामा का कालर पकड़कर उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा देते हैं और उनके हाथों में हथकड़ियां लगाते हैं। पास में ही बैठे ट्रम्प यह सब देखकर मुस्कुरा रहे हैं। वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आते हैं। वीडियो की शुरुआत ओबामा के एक पुराने बयान से होती है, जिसमें वे कहते हैं कि कोई भी, खासकर राष्ट्रपति भी कानून से ऊपर नहीं है। इसके बाद कई डेमोक्रेटिक नेताओं की क्लिप जोड़ी गई है, जिनमें जो बाइडेन भी शामिल हैं, जो दो. हराते हैं कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। इस वीडियो को लेकर ट्रम्प की ओर से कोई सफाई नहीं दी गई है कि यह वीडियो फर्जी है। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह सिर्फ एक काल्पनिक दृश्य है। इस वीडियो की वजह से ट्रम्प की खूब आलोचना हो रही है। कई लोगों ने इसे 'उकसाने वाला' बताया और कहा कि एक राष्ट्रपति का इस तरह के फर्जी वीडियो शेयर करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकता है। कुछ का यह भी कहना है कि यह एपस्टीन केस से ध्यान भटकाने की कोशिश है। ट्रम्प ने कुछ हफ्ते पहले ही ओबामा पर प्रशासन पर 2016 के चुनाव में उनके खिलाफ चुनावी धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप लगाया था। इससे पहले अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने भी ट्रम्प पर 2016 के चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया। गबार्ड ने कहा कि ओबा. मा और उनके प्रशासन के कई सीनियर अधिकारियों ने मिलकर एक देशद्रोही साजिश रची थी। इनका मकसद यह साबित करना था कि ट्रम्प की 2016 की राष्ट्रपति चुनाव में जीत रूस की मदद से हुई थी।

### बांग्लादेश एयरफोर्स का विमान ढाका में स्कूल पर गिरा

# पायलट समेत 19 की मौत, 164 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश की वायुसेना का ट्रेनर विमान सोमवार को ढाका के स्कूल पर गिर गया। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 16 छात्र, दो शिक्षक और एक पायलट शामिल हैं।

हादसे में 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घायलों को हाथ ठेले पर अस्पताल ले जाने का एक वीडियो भी सामने आया है।

कई घायल बच्चों को हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने वायुसेना का एफ-7 बीजीआई विमान के क्रैश होने की पुष्टि की है। यह विमान चीन में बना था। हादसे के बाद बांग्लादेशी सेना स्कूल कैंपस में तैनात है।



सेना राहत और बचाव कार्य में भी जुटी है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा इस विमान हादसे में वायुसेना के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है।

यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं, यूनुस ने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिका. रियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही। दूसरी तरफ फायर सर्विस ने बताया है कि यह घटना दोपहर 1:18 बजे हुई और उनके यूनिट 1:22 बजे मौके पर पहुंच गए। राहत और बचाव कार्य में उत्तरा, टोंगी, पल्लबी, कूर्मिटोला, मीरपुर और पूर्वाचल के आठ फायर स्टेशन के दल शामिल हैं।

# काबुल में बुर्का न पहनने पर दस महिलाएं गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुलिस ने दस से अधिक ऐसी युवतियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने बुर्का या हिजाब पहनने संबंधी नियमों का कथित तौर पर पालन नहीं किया था।

अफगानिस्तान इंटरनेशनल मीडिया ने रविवार को बताया ये गिरफ्तारियां कथित तौर पर बीते दो दिनों में काबुल के इलाकों में हुईं। महिलाओं को रेस्टोरेंट, सड़कों और बाजारों से उठाकर अज्ञात जगह ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नैतिकता कानून संबंधी ये पुलिस अधिकारी पुरुष थे और उन्होंने लड़कियों के साथ मारपीट भी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं को बिना किसी स्पष्टीकरण के ले जाया गया,



उनमें से कुछ को पुलिस की गाड़ियों में जबरन बिठाने से पहले पीटा गया। इन पर इस्लामी तरीके का हिजाब या हिजाब से संबंधित ड्रेस कोड का उल्लंघन करने का आरोप है। इसके अलावा मध्य और पश्चिमी काबुल में रविवार को लगभग 100 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। इन सभी को बाज़ार, सड़कों और यहां तक कि अस्पताल से भी उठा लिया गया। अफगानिस्तान इंटरनेशनल ने कहा कि अधिकारियों ने अभी तक गिरफ्तारियों के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। अफगानिस्तान में कार्यरत संयुक्त राष्ट्र मिशन ने तालिबान अधिकारियों के लड़कियों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार करने और हिरासत में लेने को लेकर चिंता जताई है। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) इस साल जुलाई में अफगानिस्तान में महिलाओं से दुर्व्यवहार के आरा. ेप में दो शीर्ष तालिबान नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। आईसीसी न्यायाधीशों ने कहा था कि तालिबान के सर्वोच्च नेता हैबतुल्लाह अखुनज़ादा और मुख्य न्यायाधीश अब्दुल हकीम हक्कानी पर लैंगिक उत्पीड़न का संदेह करने के 'उचित आधार' मौजूद हैं। आईसीसी न्यायाधीशों ने कहा कि तालि. बान ने महिलाओं को शिक्षा, निजता, पारिवारिक जीवन के अधिकारों से 'गंभीर रूप से वंचित' किया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के छह महीने पूरे

**वाशिंगटन।** 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को अपने कार्यकाल के 6 महीने पूरे कर लिए। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने वादा किया था कि वे गाजा और यूक्रेन युद्ध को '24 घंटे में खत्म' करा देंगे, लेकिन अब तक न तो रूस-यूक्रेन युद्ध थमा है और न ही गाजा पट्टी में इजरायल-हमास संघर्ष। यूक्रेन में अब भी लड़ाई जारी है, जबकि गाजा में अभी तक 58 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद पहले छह महीनों में ट्रम्प का मुख्य फोकस वैश्विक व्यापार नीति पर रहा। उन्होंने चीन पर 60 प्रतिशत टैरिफ, वियतनाम पर 25 प्रतिशत, और यूरोपीय कारों पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया।

# जापान में पीएम इशिबा की पार्टी ऊपरी सदन में हारी

- 1955 के बाद पहली बार दोनों सदनों में बहुमत नहीं पीएम पर इस्तीफे का दबाव

**टोक्यो।** जापान में प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सहयोगी दल ने देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया है। हालांकि उन्होंने साफ कर दिया है कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे।

जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं। इनमें से अकेले एलडीपी को 39 सीटें मिली हैं। एक सीट का नतीजा अभी आना बाकी है। यह हार पीएम इशिबा के लिए दूसरी बड़ी राजनीतिक असफलता है। इससे पहले अक्टूबर में निचले सदन का चुनाव हारने के बाद अब यह गठबंधन दोनों सदनों में अल्पमत में चला गया है। एलडीपी की स्थापना 1955 में हुई थी, और यह पहला मौका है जब उसने दोनों सदनों में बहुमत खो दिया है। टोक्यो में ऊपरी सदन के चुनाव के लिए रविवार को एक काउंटिंग सेंटर में अधिकारी वोटों की गिनती करते हुए। यह चुनाव उस वक्त हुआ जब जापान में मंहगाई बढ़ रही है और अमेरिका द्वारा लगाए जा सकने वाले टैरिफ को लेकर लोगों में चिंता है।

## ईरान और यूरोपीय शक्तियों के बीच 25 को होगी परमाणु वार्ता

**तेहरान।** ईरान, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन शुक्रवार (25 जुलाई) को इस्तांबुल में परमाणु वार्ता करेंगे। तीन यूरोपीय देशों ने चेतावनी दी है कि वार्ता फिर से शुरू नहीं करने पर ईरान पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध फिर से लगा दिया जाएगा। आईआरआईबी एजेंसी ने ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई के हवाले से कहा कि यह वार्ता शुक्रवार को इस्तांबुल में उप विदेश मंत्रियों के स्तर पर होगी जिसमें ईरानी उप विद. ेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची और ईरानी अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काज़म ग़रीबाबादी हिस्सा लेंगे। वार्ता की तारीख की घोषणा ई3 देशों के विदेश मंत्रियों और यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख के साथ पिछले गुरुवार को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची की पहली बातचीत के बाद की गई। यह बातचीत इजरायल और अमेरिका द्वारा एक महीने पहले ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किए जाने के बाद हुई है। गौरतलब है कि अमेरिका ने 2018 में तत्कालीन ट्रम्प प्रशासन के अंतर्गत इस समझौते से खुद को अलग कर लिया था और प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया था तथा कूटनीतिक तनाव को फिर से भड़का दिया था।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्र्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट